सूर्योदय 5:51 सूर्यास्त 6:58

आज का तापमान

शिमला	17.0 न्यू	24.0 अधि
धर्मशाला	18.5 न्यू	27.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	80436.84
निफ्टी	24541.15
सोना 69,980	चांदी 84,000

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

ऋषभ शेट्टी बेस्ट एक्टर व नित्या मेनन को बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड

पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 17 अगस्त 2024 | 2 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 240, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

ताइवान में 6.3 तीव्रता का भूकंप

ताइवान। ताइवान में 24 घंटे के अंदर दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इससे राजधानी ताइपे की भी इमारतें हिल गईं। भूकंप के इन झटकों से ताइवान के लोगों में दहशत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रेक्टर स्केल से 6.3 मापी गई है। ताइवान के मौसम विभाग के अनुसार भूकंप ताइवान के पूर्वी शहर हुलिएन से 34 किमी दूर आया है।

सिख विरोधी दंगा मामले में टाइटलर के खिलाफ फैसला 30 को

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा के मामले में आरोपी जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर फैसला टाल दिया है। स्पेशल जज राकेश स्याल ने 30 अगस्त को फैसला सुनाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर 19 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

हिमाचल में एक और आईएएस हुआ कम

शिमला। हिमाचल में एक और आईएएस कम हो गया है। प्रदेश सरकार ने 2006 बैच के आईएएस प्रियतु मंडल के रिलीविंग ऑर्डर जारी कर दिए है। हिमाचल सरकार में मंडल सेक्रेटरी रैंक के अधिकारी थे। हिमाचल कैडर के प्रियतु मंडल को अब केंद्र सरकार ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर एंड सेनिटेशन कोलकाता में डायरेक्टर के पद पर नियुक्ति दी है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने उन्हें रिलीव करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

ब्राजील में विमान दुर्घटनाग्रस्त पांच लोगों की मौत

साओ पाउलो। ब्राजील में एक विमान दुर्घटना में पांच लोगों की मौत की खबर है। यह दुर्घटना ब्राजील के माटो ग्रोसो राज्य के अमेजोनियन शहर अपिआकास में तब घटी जब एक ट्विन-इंजन विमान नीचे आ गिरा। सूत्रों के अनुसार मृतकों में अर्नी स्पीयेरिंग, एक एग्री-बिजनेस मालिक और यूनियन स्पोर्ट्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष, उनके दो पोते-पोतियां, उनकी कंपनी के एक कर्मचारी और पायलट शामिल हैं।

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय में टूरिस्ट विलेज खोलना हास्यास्पद पेज 3
- पौंग झील के बनाड़ा पतन की बहूल खड्ड में तैरती मिली लाश -पेज 5
- किसानों की आय बढ़ाना प्राथमिकता: कृषि मंत्री -पेज 7
- 70 प्रतिशत मामले पुलिस की पहुंच से बाहर -पेज 9
- हरियाणा में बसपा के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी इनैलो -पेज 13

धरती की धड़कन सुनेगा भारत, आपदाओं की मिलेगी सटीक जानकारी

एजेंसी, श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को यहां अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान के जरिए भू प्रेक्षण उपग्रह ईओएस-08 और एसआर-ओ डेमोसैट उपग्रह को उनकी निर्धारित कक्षाओं में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया।

इस यान के जरिए ले जाए गए पेलोड का इस्तेमाल उपग्रह आधारित निगरानी, आपदा और पर्यावरण निगरानी, आग लगने का पता लगाने और ज्वालामुखी गतिविधि प्रेक्षण जैसे कई कार्यों में किया जाएगा। एलवी-डी3 की इस उड़ान ने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान का उपयोग करके प्रक्षेपण करने के उद्देश्य से उद्योग और इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' के बीच गठजोड़ का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। एसएसएलवी-डी3-ईओएस-08 मिशन के प्रक्षेपण से पूर्व साढ़े छह घंटे की उल्टी गिनती भारतीय समयानुसार वीरवार देर रात दो बजकर 47 मिनट पर शुरू हुई और इसके समाप्त होते ही रॉकेट को पूर्व निर्धारित समयानुसार सुबह नौ बजकर 17 मिनट पर चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से प्रक्षेपित किया गया जिसने अपने मिशन के उद्देश्यों को पूरा किया।

इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''एलवी की तीसरी विकासात्मक उड़ान सफल रही। एलवी-डी3 ने ईओएस-08 को कक्षा में सटीक रूप से स्थापित किया। यह इसरो/डीओएस की एलवी विकास परियोजना के सफल समापन का प्रतीक है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करने के अलावा भारतीय उद्योग और एनएसआईएल इंडिया अब वाणिज्यिक मिशन के लिए एलवी का उत्पादन करेंगे।''

इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मिशन नियंत्रण केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''ईओएस-08 उपग्रह के प्रक्षेपण के साथ तीसरी विकासात्मक उड़ान एलवी-डी3 सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। रॉकेट ने अंतरिक्षयान को योजना के अनुसार निर्धारित कक्षा में एकदम सटीकता से स्थापित कर दिया है।'' उन्होंने कहा, ''एलवी-डी3 मिशन की टीम को बधाई और इसके साथ ही एलवी की तीसरी विकासात्मक उड़ान पूरी हो गई है।''

जानें इसकी खासियत

राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि एक सूक्ष्म उपग्रह का डिजाइन तैयार करना और उसे विकसित करना तथा सूक्ष्म उपग्रह के अनुरूप पेलोड उपकरण बनाना एलवी-डी3-ईओएस-08 मिशन के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। माइक्रोसैट/आईएमएस-1 पर निर्मित ईओएस-08 तीन पेलोड-'इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड पेलोड' (ईओआईआर), 'ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड' (जीएनएसएस-आर) और 'एसआईसी यूवी डोसिमीटर' को लेकर गया है। इस अंतरिक्ष यान मिशन की आयु एक वर्ष है। इसका द्रव्यमान करीब 175.5 किलोग्राम है और यह करीब 420 वाट ऊर्जा पैदा करता है।

जेएंडके व हरियाणा में बजा चुनावी डंका

जम्मू-कश्मीर में तीन और हरियाणा में एक चरण में होगी वोटिंग, रिजल्ट 4 अक्तूबर को

एजेंसी, नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में इस बहुप्रतीक्षित चुनाव के कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से एक अक्तूबर के बीच 90 सीटों के लिए तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे, वहीं हरियाणा में भी 90 सीटों के लिए एक चरण में चुनाव होगा। दोनों राज्यों में मतगणना एक साथ चार अक्तूबर को होगी।

साल 2019 में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 42.6 लाख महिलाओं सहित कुल 87.09 लाख मतदाता हैं और इनके मतदान के लिए कुल 11,838 मतदान केंद्र होंगे। हरियाणा में कुल वोटर्स 2.1 करोड़ हैं, इनमें से 1.6 करोड़ पुरुष और 95 लाख महिला वोटर हैं। डेढ़ लाख दिव्यांग वोटर्स हैं।

जेएंडके विधानसभा चुनाव : सीटें 90

पहला चरण	दूसरा चरण	तीसरा चरण
18 सितंबर	25 सितंबर	1 अक्तूबर
(सीटें 24)	(सीटें 26)	(सीटें 40)

हरियाणा विधानसभा चुनाव : सीटें 90

एक चरण में पहली अक्तूबर को होगी वोटिंग	एससी के लिए 17 सीटें रिजर्व	जनरल के लिए 73 सीटें

मुख्य चुनाव आयुक्त ने शायरी भी सुनाई

लंबी कतारों में छुपा है बदलते सूरत-ए-हाल, यानी जम्हूरियत की कहानी
रोशन उम्मीदें अब खुद करेंगी गोया अपनी तकदीर-ए-बयानी।
जम्हूरियत के जश्न में आपकी शिरकत, दुनिया देखेगी नापाक इरादों के शिकस्त की कहानी।।

उमर नहीं, मैं लडूंगा चुनाव : फारूक

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैं चुनाव आयोग से उम्मीद करूंगा कि सभी पार्टियों के लिए समान अवसर उपलब्ध होंगे। ऐसा न हो कि एक को ही सभी अवसर दे दिए जाएं। फारूक ने कहा कि मैं यह चुनाव लड़ूंगा, उमर अब्दुल्ला चुनाव नहीं लड़ेंगे। जब राज्य का दर्जा मिल जाएगा, तो मैं पद छोड़ दूंगा और उमर उस सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, गुलाम नबी आजाद ने चुनाव के ऐलान पर कहा कि आजादी के बाद यह पहली दफा है कि 10 साल बाद चुनाव हो रहे हैं।

सीएम ने हमीरपुर से किया स्वामित्व योजना का शुभारंभ

विक्रम ढटवालिया, दोसड़का

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को यहां राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कई लोगों को संपत्ति कार्ड भी वितरित किए। उन्होंने 11 तहसीलों के 10-10 पात्र परिवारों को संपत्ति कार्ड वितरित कर इस योजना की शुरुआत की।

प्रथम चरण में 190 गांवों के 4230 से अधिक परिवारों को संपत्ति कार्ड प्रदान किए जाएंगे। योजना का मुख्य उद्देश्य गांव की आबादी देह रकवा (लाल लकीर) में भूमि मालिकों के कब्जे वाली भूमि का 'स्वामित्व कार्ड' उन्हें उपलब्ध करवाना है। योजना को धरातल पर लागू करने के लिए ड्रोन से मार्किंग की गई। अभियान के तहत प्रदेश के 15,196 गांवों में से 13,599 आबादी देह गांवों में से ड्रोन मार्किंग का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि जिला हमीरपुर सहित कुल 6314 गांव के प्रथम स्तर के 16,588 नक्शे, दूसरे स्तर के 774 गांवों के 1482 नक्शे भारतीय सर्वेक्षण विभाग से प्राप्त हो चुके हैं। इसके साथ ही जिला हमीरपुर में 355 आबादी देह गांवों के अंतिम स्तर के नक्शे प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें संपत्ति कार्ड जारी करने की प्रक्रिया जारी है। सुक्खू ने कहा कि हमीरपुर देश का पहला जिला बना है, जहां आबादी देह में परिवारों को जमीन का मालिकाना हक दिया गया है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि लाल डोरा में रहने वाले को अधिकार मिलने से उनकी बहुत समस्याएं हल हो जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

किरतपुर-नेरचौक फोरलेन के मंडी भराड़ी पुल में आई दरारें

शुभम राही, बिलासपुर

किरतपुर-नेरचौक फोरलेन प्रोजेक्ट के तहत बिलासपुर जिला के मंडी भराड़ी पुल की गुणवत्ता को लेकर निर्माणाधीन कंपनी पर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

मंडी भराड़ी पुल के कुछ हिस्सों पर दरारें आ गई हैं। जिसके चलते निर्माता कंपनी की ओर से पुल के एक हिस्से पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी है। पुल के एक हिस्से से वाहनों को दोनों ओर भेजा जा रहा है। निर्माता कंपनी पुल की रिपेयरिंग को लेकर दिन रात कार्य में लग गई है।

वहीं, सवाल अब यह पैदा हो रहा है कि इस पुल को अभी शुरू हुए एक साल से अधिक समय हुआ है और एक साल भीतर ही पुल रिपेयरिंग वर्क मांग रहा है तो इससे साफ जाहिर हो रहा है कि कंपनी की ओर से पुल निर्माण में कहीं न कहीं लापरवाही भी बरती गई है। हालांकि, अभी तक कंपनी की इस विषय पर अपना कोई भी पक्ष नहीं रखा जा रहा है, लेकिन इस पुल को सही सुचारु रूप से फिर से चलाने के लिए दिन-रात कार्य किया जा रहा है, ताकि इस पुल को जल्द से जल्द सही किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

पुल का रिपेयरिंग वर्क चला हुआ है। कंपनी को आदेश दिए हैं कि जल्द से जल्द इस पुल को सही करके दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही शुरू की जाए। निर्माता कंपनी के अधिकारियों से बात की गई है, जल्द सारा कार्य पूरा हो जाएगा। **-आबिद हुसैन सादिक, उपायुक्त बिलासपुर।**

केंद्रीय सचिवालय में 20 सचिवों के विभाग बदले, आरके सिंह बने नए रक्षा सचिव

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय सचिवालय में व्यापक स्तर पर फेरबदल किया गया है। जानकारी के मुताबिक, 20 सचिवों के विभाग बदल दिए गए हैं और आरके सिंह को नया रक्षा सचिव बनाया गया है। मौजूदा रक्षा सचिव अरमानी गिरधर की सेवानिवृत्ति होने पर 31 अक्तूबर को आरके सिंह रक्षा सचिव का कार्यभार संभालेंगे। सिंह केरल कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

वहीं, पुण्य सलिल श्रीवास्तव नए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव और दीप्ति उमाशंकर राष्ट्रपति की सचिव नियुक्त हुई है। वहीं, विवेक जोशी वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में सचिव के रूप में नियुक्त किया गया। वहीं, आईएएस अधिकारी नागराजू मद्दिराला को वित्तीय सेवा सचिव बनाया गया है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के सचिव मनोज गोविल को वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है।

75 साल के पेंशनर्स को मिली राहत पूरी नहीं हुई डीए की आस

देहरा। हिमाचल में लंबे समय से छठे वेतनमान संशोधित एरियर का इंतजार कर रहे 75 साल की आयु पूरी कर चुके पेंशनरों या फैमिली पेंशनरों के लिए आजादी का 78वां पर्व राहत की खबर लेकर आया है। देहरा में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 75 साल की आयु पूरी कर चुके 30 हजार से अधिक पेंशनरों को पूरे एरियर के भुगतान करने की घोषणा की है, जो इसी वित्त वर्ष में दिया जाएगा। वर्ष 2016 से पेंडिंग एरियर का भुगतान एकमुश्त या फिर किस्तों में होगा, इसका पता अधिसूचना जारी होने के बाद ही चलेगा। वहीं, कर्मचारियों की डीए की आस पूरी नहीं हो पाई है। सीएम सुक्खू ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित देनदारियां का भुगतान अगले वर्षों में चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

लखनऊ में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की खेप पकड़ी

लखनऊ। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी मात्रा में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की खेप पकड़ी गई है, जिसकी कीमत करीब 1.38 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह खुले बाजार में प्रतिबंधित है और यह बिहार से उत्तर प्रदेश लाई गई थी। प्रदेश में कुछ दिनों से ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन सप्लाई की शिकायत मिल रही थी। मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ लखनऊ और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ द्वारा 14 अगस्त की शाम शहीद पथ पर बंगला बाजार में तेली बाजार में एक स्कॉर्पियो गाड़ी से पकड़ा है।

कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर मामला

आईएमए की आज देशव्यापी हड़ताल

एजेंसी, नई दिल्ली

कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप के बाद मर्डर मामले में पूरा देश गमगीन और गुस्से में है। इस बीच इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने इस घटना के विरोध में 17 अगस्त को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। हालांकि, इस दौरान मरीजों को जरूरी सेवाएं मिलती रहेंगी। आईएमए ने एक बयान में कहा है कि शनिवार सुबह 6 बजे से रविवार सुबह 6 बजे तक स्वास्थ्य सेवाएं बंद रहेंगी। इस दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी, लेकिन ओपीडी बंद रहेंगे।

5 डॉक्टरों से की पूछताछ

कोलकाता में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के 5 डॉक्टरों को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। सीबीआई की टीम ने घटना की छानबीन के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर की महिला अधिकारी को भी नियुक्त किया है।

न्यूज ब्रीफ

कोटखाई में मनाया स्वतंत्रता दिवस

भरत ठाकुर, कोटखाई। स्वतंत्रता दिवस पर कोटखाई में ध्वजारोहण कोटखाई कार्यकारी एसडीएम ललित कुमार ने किया, साथ ही राजकीय कन्या विद्यालय कोटखाई की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान व समूह गान गाया गया। कार्यक्रम में मंच संचालक की भूमिका राजकीय कन्या विद्यालय के अध्यापक यशपाल शर्मा ने की।

मॉर्डन चिल्ड्रन होम मशोबरा में विशेष कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, शिमला। जिला उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप एवं पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी ने जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों ने आज मॉर्डन चिल्ड्रन होम मशोबरा में चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के संग स्वतंत्रता दिवस मनाया। रिज मैदान पर जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस के समापन उपरांत उपायुक्त अनुपम कश्यप के नेतृत्व में जिला प्रशासन मॉर्डन चिल्ड्रन होम मशोबरा की छात्राओं के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए पहुंचा।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने फहराया तिरंगा

अनंत ज्ञान, शिमला। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने प्रदेश मुख्यालय पर तिरंगा फहराया। इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा की जिला शिमला 15 अगस्त 2024 वीरवार को एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन करने जा रही है। यह तिरंगा यात्रा जिला स्तरीय रहेगी जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर द्वारा की जाएगी।

एसएफआई ने निकली तिरंगा यात्रा

अनंत ज्ञान, शिमला। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) हिमाचल प्रदेश राज्य समिति ने आजादी की 77वीं वर्षगांठ मानते हुए 723 छात्रों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली व समरहील में पौधारोपण किया।

शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

अनंत ज्ञान, शिमला। आईजीएमसी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में आईजीएमसी की प्रधानाचार्य डॉ. सीता ठाकुर ने ध्वजारोहण किया व राष्ट्रगान गाया गया। इस दौरान शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद किया गया औद श्रद्धांजलि दी गई।

हिमाचल देवभूमि के साथ वीरभूमि भी : अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस ऐतिहासिक रिज मैदान पर बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर उप मुख्य मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि आज का ऐतिहासिक एवं गौरवमयी दिन हमें उन सब की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत हमें आजादी हासिल हुई है। इसलिए हम आजादी के लिए संघर्ष करने वाले वीर सपूतों एव नायकों को नमन करते है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस वर्ष अभी तक प्रदेश के 18 जवान शहीद हो चुके है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने केन्द्र से आग्रह किया है कि देश के प्रति जज्बे को देखते हुए हिमालयन बटालियन खड़ी की जाए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल स्वतंत्रता दिवस के महान पर्व से पूर्व प्रदेश में आई आपदा के कारण भंयकर मंजर देखा गया है। राज्य में आई आपदा में इस मानसून में करीब 1000 करोड़ रूपए से अधिक का नुक्सान हुआ है। इसके अलावा, 200 लोग इस आपदा से अपनी जान गंवा चुके है। प्रदेश भर में 33 लोग अभी भी लापता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश इस समय 95 हजार करोड़ रूपए के कर्जे में है। ऐसे में संसाधन पैदा करने व खर्चे घटाने के लिए प्रदेश सरकार पूर्णरूप से वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिमला शहर में 1735 करोड़ रूपए की लागत से देश का सबसे लंबा और दुनिया का दूसरा सबसे लंबा रोपवे बनने जा रहा है जोकि करीब 14 किलोमीटर लंबा होगा और अधिकांश शहर के हिस्सों को कवर करेगा। वहीं प्रदेश के 55 सरकारी स्थलों पर पीपीपी आधार पर चार्जिंग स्टेशन के लिए टैंडर किए जा चुके है। प्रदेश में छह ग्रीन कॉरिडोर को पूरी तरह से संचालित करने के प्रयास चल रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के जल एवं सिंचाई क्षेत्र में निर्णायक प्रयास किए जा रहे है। इस पर सरकार करीब 850 करोड़ हर साल खर्च रही है। उन्होंने कहा जल जीवन मिशन के अंतर्गत शिमला में विभिन्न क्षेत्रों के लिए 771 करोड़ रूपए की लागत से 231 योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। मतियाना-ठियोग क्षेत्र के सूखा प्रभावित क्षेत्र के लिए प्रदेश की सबसे बड़ी महत्वकांशी पेयजल योजना 315 करोड़ की कुरपण खडड योजना का कार्य तीव्र गति से चला हुआ है। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश सचिवालय महिला कबड्डी टीम को सम्मानित किया।

सलामी लेते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

बच्चों की प्रस्तुतियों ने लूटा दिल

समारोह में विभिन्न स्कूलों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी पेश किए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सेंट एडवर्ड स्कूल, स्वर्ण पब्लिक स्कूल टूटीकंडी, संभोता तिब्बतन स्कूल, डीएवी न्यू शिमला, ऑकलैंड हाउस स्कूल, राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर, केंद्रीय विद्यालय जाखू शामिल रहे। स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने खूब तालियों बटोरी। उपमुख्यमंत्री ने सभी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया।

मांगों का समाधान न होने पर होगा विधानसभा का घेराव

अनंत ज्ञान, शिमला

मिड-डे मील वर्कर्ज यूनियन संबंधित सीटू की जिला कमेटी की बैठक सीटू कार्यालय शिमला में संपन्न हुई। बैठक में सीटू जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, जिला सचिव रमाकांत मिश्रा, यूनियन महासचिव हिमी, यूनियन जिला अध्यक्ष शांति देवी, महासचिव प्रीति रेखा, रमा, राज मिला, सुरेखा, टेकचंद, ध्यान चंद काल्टा, भूमि, नीलम, प्रभा शर्मा, बबिता, लेखराज आदि मौजूद रहे।

सीटू जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, जिला सचिव रमाकांत मिश्रा, हिमी देवी, शान्ति देवी, प्रीति ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में मिड-डे मील वर्करों को पिछले कई माह के वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। कई जगह उन्हें सरकार द्वारा घोषित 4500 रुपये वेतन भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर मिड -डे मील कर्मियों की मांगों का समाधान न किया गया तो यूनियन विधानसभा घेराव करेगी।

उन्होंने मांग की है कि माननीय हिमाचल उच्च न्यायालय द्वारा मिड -डे मील कर्मियों को 12 माह का वेतन देने के निर्णय का यूनियन ने स्वागत किया है । पंजाब सरकार के मिड डे मील कर्मियों के लिए दी गयी सुविधा व हिमाचल प्रदेश में आंगनबाड़ी को दी गयी सुविधा की तर्ज पर मिड डे मील कर्मियों को 12 से 20 छुट्टियों की सुविधा दी जाए।

नेरवा क्षेत्र में कल बंद रहेगी बिजली

नेरवा। नेरवा क्षेत्र में 18 अगस्त को बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नेरवा अरविंद धीमान ने बताया कि मंगलवार को 22 केवी नियंत्रण केंद्र नेरवा के तहत लाइन के समीप खतरनाक पेड़ों को गिराया जाना प्रस्तावित है,लिहाज़ा इस दिन प्रात: 10 बजे से सांय पांच बजे तक झिकनी पुल से नेरवा, रिंजट, रुस्लाह, दवाड्डा, टिक्करी, थरोच, केदी, भरानू, शिल्ला आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग का आग्रह किया है।

स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों ने किए रंगारंग कार्यक्रम

स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के दौरान बच्चों सहित गणमान्य सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान, शिमला

डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल टूटू द्वारा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन रामेश्वर ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। साथ ही प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अनिल गोयल, विजया ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डीएवी स्कूल की प्रधानाचार्य जीवन ज्योति ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।

चौपाल में सम्मानित किए भूतपूर्व सैनिक

अनंत ज्ञान, नेरवा। चौपाल में एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने ध्वजारोहण किया। एसडीएम ने शहीद हरी सिंह स्मारक पर मालार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया।

जीरकपुर में शिमला की युवती से दुष्कर्म

अनंत ज्ञान, शिमला। शिमला की युवती से जीरकपुर में दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि शादी का झांसा देकर शिमला की एक युवती के साथ दुष्कर्म किया है। शिमला शहर के एक थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने दिल्ली निवासी एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी युवक दिल्ली में नौकरी करता है और उसने चंडीगढ़ से सटे जीरकपुर बुलाकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। शिमला पुलिस ने जीरो एफआईआर के तहत रिपोर्ट दर्ज कर मामला जीरकपुर पुलिस को स्थानांतरित कर दिया है।

अब इस मामले में जीरकपुर पुलिस तफ्तीश कर कार्रवाई अमल में लाएगी। युवती का आरोप है कि आरोपित ने उसे शादी का झांसा देकर मिलने के लिए जीरकपुर बुलाया और किराए के कमरे में ले गया और जबरन दुष्कर्म किया।

राहुल गांधी गठबंधन के साथी पर अंगुली नहीं उठा सकते : खेड़ा

अनंत ज्ञान, शिमला

राहुल गांधी इतने डरपोक है की गठबंधन के साथी पर उंगली भी नहीं उठा सकते है। भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने यह बात की। उन्होंने कहा कि हम एक अत्यंत गंभीर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा, जो दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। हाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर की जो जघन्य वारदात हुआ, उसका गुस्सा पूरे देश में देखा जा रहा है।

अदालत ने इस घटना पर ममता सरकार के गैरजिम्मेदाराना रवैये पर गंभीर सवाल उठाए। कोर्ट से कड़े शब्दों में पूछा कि आखिर अस्पताल प्रशासन ने पुलिस में शियाकत दर्ज क्यों नहीं कराई। बड़ा सवाल आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष को लेकर भी है, जिस पर पहले से भष्टाचार के कई आरोप रहे हैं। अंत में कलकत्ता हाईकोर्ट को इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल टीएमसी नेताओं की चुप्पी पर है। लेकिन दूसरी ओर महिला मुख्यमंत्री होने के बाद भी ममता बनर्जी महिलाएं के खिलाफ अपराध पर ना सिर्फ आंखें मूंदे रहती हैं। बंगाल की महिलाओं को न्याय मिले और उनका सम्मान सुरक्षित हो।

जानकारी देती भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा व अन्य।

नेरवा स्कूल में याद किए शहीद

सपना सूद, नेरवा। वीर चक्र शाहिद श्याम सिंह भिख्टा राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नेरुवा द्वारा 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस इस अवसर परनगर पंचायत नेरवा की अध्यक्षा बबीता तंगडाईक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

मुख्यातिथि व प्रधानाचार्य द्वारा अध्यापकों व छात्रों के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया गया एवं उपस्थित जनसमुदाय, स्कूल स्टाफ व छात्रों द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत कलिया गया । इस अवसर पर नेरवा के कारगिल शहीद श्याम भिख्टा को याद किया गया तथा देश पर कुर्बान होने वाले समस्त शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि भेंट की गई। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य केवल राम चौहान ने सभी मेहमानों का कार्यक्रम में आकर इसे सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया ।

बैहना जट्टा में 62 पेटी अवैध शराब बरामद

अनंत ज्ञान, झंडूता। पुलिस थाना झंडूता के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र बैहना जट्टा में पुलिस ने गश्त के दौरान 62 पेटी अवैध शराब पकड़ी है। जानकारी के अनुसार झंडूता पुलिस सुबह फोरलेन पर गश्त कर रही थी। उस समय चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर एक छोटा टैंपो बिना नंबर प्लेट के मंडी की तरफ जा रहा था। पुलिस को देखकर वह गलत साइड से जाने लगा। झंडूता पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं रुका। इस पर पुलिस ने उसे पकड़ा और और टैंपो की तलाशी ली तो उसमें 50 पेटी देसी शराब संतरा और 12 पेटी रायल स्टैग की थी। टैंपो चालक की पहचान हंसराज पुत्र रेलू राम गांव धडवान पोस्ट ऑफिस रात्ल्टी, तहसील बल्ह जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब को जब्त कर लिया है। झंडूता पुलिस ने एक्साइज एक्ट 39 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

रौड़ा सेक्टर में लगाया खीर-मालपुड़ों का भंडारा

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। श्रावण माह के अंतिम दिन के साथ ही स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गत वीरवार को शहर के रौड़ा सेक्टर में बाल राम नाटक समिति के तत्वावधान में खीर और मालपुड़ों के भंडारे का आयोजन किया गया। शहर के वार्ड-3 में उचित मूल्य की दुकान के सामने लगाए गए भंडारे में खीर व मालपुए बनाने की तैयारियां सुबह ही शुरू कर दी गई। सुमित शर्मा टिंकू व विक्रांत शर्मा गोल्डी के साथ ही काफी संख्या में महिलाएं व अन्य लोग निस्वार्थ भाव से भंडारे की तैयारियों में जुटे रहे। सुबह करीब 10 बजे से खीर व मालपुओं का वितरण शुरू कर दिया गया, जो कि शाम तक जारी रहा। सैकड़ों लोगों ने श्रावण माह के अंतिम दिन इस भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। सीनियर सेकेंडरी ब्वॉयज स्कूल के मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह से इस रास्ते से लौटने वाले लोगों ने भी इन मीठे व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

घुमारवीं रामलीला को लेकर तैयारियां शुरू

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। घुमारवीं में हर साल आयोजित किए जाने वाले विशाल पर्व रामलीला मंचन को लेकर समितियों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस बार इस मंचन में अभिनय और साज सज्जा के साथ आधुनिक तकनीक का प्रयोग करने का भी निर्णय लिया गया है। इसी आशय को लेकर श्रीनाहर सिंह मंदिर परिसर में समिति के प्रधान संजय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक खाका तैयार किया गया। आदर्श रामलीला समिति के बैनर तले होने वाले इस आयोजन को लेकर सभी कलाकारों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने आयोजन को भव्य तरीके से करने का संकल्प लिया। शारदीय नवरात्रों मे होने वाले इस धार्मिक आयोजन की प्रथम बैठक में तय किया गया कि रामलीला के मुख्य पात्रों को यथावत रखा जाएगा, जबकि नवोदित कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि समिति में वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कलाकारों का सहयोग अपेक्षित रहेगा। मंचन और बेहतर हो इसके लिए अगली बैठक में रिहर्सल और अन्य समितियों और उपसमितियों का गठन किया जाएगा।

दधोल स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

बलवंत कमल, दधौल। पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश ने 78वां स्वतंत्रता दिवस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूबेदार मेजर सुखजीत सिंह व उनकी पत्नी कुसुमलता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और ध्वजारोहण किया। पूर्व सैनिक कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार और समिति के सदस्यों ने हार पहनाकर स्वागत किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में देश के बलिदानियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल के प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाजए अक्षय रतवान ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर समिति के प्रदेशाध्यक्ष संजय कुमार ने मुख्यातिथि और विशिष्ठ अतिथि को बैच पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी के प्रमुख मनोज कुमार की अगुवाई में मार्च पास्ट किया।

बिलासपुर शहर में भरे मिठाइयों के सैंपल

विभाग ने दुकानों में छापामारी कर मिठाइयों की गुणवत्ता जांची

शुभम राही, बिलासपुर

फेस्टिवल सीजन को लेकर फूड सेफ्टी विभाग ने शुक्रवार को बिलासपुर शहर की मिठाई की दुकानों में छापामारी की है। छापामारी करने के दौरान विभाग ने अधिकतर मिठाई की दुकानों से सैंपल एकत्रित किए हैं, जिनको जांच के लिए कंडाघाट जिला सोलन लैब में भेजा जा रहा है। विभाग का कहना है कि राखी पर्व आने वाला है और इन दिनों मिठाई की अधिक खरीददारी की जाती है, ऐसे में लोगों को साफ और सही मिठाई मिले, इसके लिए विभाग ने छापामारी की है और मौके पर सैंपल भी भरे हैं।

विभागीय जानकारी के अनुसार शुक्रवार को की गई छापामारी में विभाग ने मोतीचूर लड्डू, बेसन, गुलाबजामुन, रसगुल्ला, छैनामुर्गी, कलाकंद, काजू बर्फी, प्लेन बर्फी व मिल्ककेक के नौ सैंपल जांच के लिए भरे हैं। विभाग के सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने बताया कि विभाग समय-समय पर सैंपल प्रक्रिया करता आ रहा है। जिला में कई सैंपल फेल भी पाए गए है, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई गई है। उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर ऐसा करता कोई पाया जाता है तो उनके खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई अमल में लाई जएगी।

उन्होंने बताया कि विभाग एक विशेष रूप से जिला में एक अभियान भी शुरू करने जा रहा है, जिके तहत मिठाई की दुकानों की प्रतिदिन जांच की जाएगी। यह टीम प्रतिदिन जिला के विभिन्न स्थानों पर जाकर दुकानों का निरीक्षण करेगी। इस दौरान अगर किसी भी मिठाई में मिलावट पाई जाती है तो मौके पर ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी के साथ मिठाई की दुकानों में मिठाई की एक्पायरी तिथि निर्धारित करने के आदेश जारी किए गए हैं। अगर किसी भी दुकान में इन नियमों को पूरा नहीं किया गया है तो मौके पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उधर, बिलासपुर फूड सेफ्टी सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने बताया कि मिठाई के सैंपल एकत्रित किए हैं। इनको जांच के लिए लैब में भेजा जा रहा है। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

मिठाई की दुकानों का निरीक्षण करते फूड सेफ्टी ऑफिसर खगेंद्र सिंह।

नौ मिठाइयों के सैंपलों को जांच के लिए कंडाघाट लैब में भेजेगा विभाग

सड़कों और पेयजल पर व्यय किए जा रहे 242 करोड़ : धर्माणी

बिलासपुर। जिला बिलासपुर में सड़कों और पेय जल परियोजना पर 242 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 223 करोड़ से अधिक की लागत से 31 सड़के बनाई जा रही है और जल शक्ति विभाग के अंतर्गत सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं पर कुल 19 करोड़ 75 लाख व्यय किए जा रहे हैं। यह जानकारी मंत्री राजेश धर्माणी ने पंचायत पंतेहड़ा के गांव छयावी में जनसमस्याएं सुनने के उपरांत दी। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत जिला में 7 सड़कों के अपग्रेडेशन का कार्य एफडीआर टेक्नोलॉजी के माध्यम से किया जा रहा है और लगभग 60 किलोमीटर सड़क का कार्य सीटीबी तकनीक के माध्यम से बनाया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पंतेहड़ा में 3 लाख रुपए से निर्मित राधे श्याम मंदिर छयावी के परिसर को इंटरलॉक टाइल का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पंतेहड़ा के लोगों के पानी समस्या को दूर करने के लिए 8 लाख 11 हजार के 35 हजार क्षमता के ओवरहेड टैंक का निर्माण किया गया है। पंतेहड़ा में डंगे लगवाने के लिए 3 लाख स्वीकृत किए गए हैं। इसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा।

मिनर्वा संस्थान के 24 विद्यार्थियों का एनआईटी हमीरपुर में चयन

बहुप्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थानों के लिए चयनित हुए बच्चे शिक्षकों के साथ।

नीरज शर्मा, घुमारवीं

मिनर्वा शिक्षण व कोचिंग संस्थान घुमारवीं ने अपने पिछले वर्षों के प्रदर्शन को और ज्यादा बेहतर करते हुए और एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान के विद्यार्थियों ने इस वर्ष अपनी सफलता की एक नई इबारत लिखी है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 के जेईई परीक्षा परिणामों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मिनर्वा शिक्षण व कोचिंग संस्थान घुमारवीं के कुल 26 विद्यार्थियों ने देश के बहुप्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थानों में इंजीनियरिंग में दाखिला प्राप्त कर सबको गौरवान्वित किया है। 24 विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी हमीरपुर में हुआ है। वहीं, दो अन्य बच्चों का चयन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी कुरूक्षेत्र और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) दिल्ली में हुआ है।

मिनर्वा शिक्षण व कोचिंग संस्थान घुमारवीं के संयोजक और संस्थापक परवेश चंदेल और राकेश चंदेल ने इन सभी बच्चों और इनके अभिभावकों तथा मिनर्वा संस्थान के सभी अध्यापकों और अन्य स्टाफ सदस्यों को इस उपलब्धि की बहुत-बहुत बधाई प्रेषित कर सबके सुनहरे भविष्य की कामना की है। (अनंत ज्ञान)

प्रदेश सरकार ने तुलसी राम ठाकुर को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

स्वतंत्रता दिवस पर जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिले में बेहतरीन सेवाएं देने हेतु हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अंतर्गत होटल लेक व्यू बिलासपुर के कार्यकारी मैनेजर तुलसी राम ठाकुर को प्रदेश सरकार की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे आयुष युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादवेंद्र गोमा ने तुलसी राम ठाकुर को पर्यटन विभाग में बेहतरीन सेवाएं देने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

गौरतलब है कि तुलसी राम ठाकुर पिछले 37 वर्षों से हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस मौके पर उपायुक्त बिलासपुर आबिद सादिक हुसैन , पुलिस अधीक्षक संदीप धवल एवं सदर बिलासपुर के पूर्व विधायक बबंर ठाकुर इत्यादि अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

जानकारी जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बोले खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा

औहर में 33.75 करोड़ से बन रहा पर्यटन परिसर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में आयुष, युवा सेवाएं खेल, कानून एवं विधि परामर्शी मंत्री यादवेंद्र गोमा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट की सलामी ली।

उन्होंने जिलावासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामाएं देते हुए देश की आजादी से लेकर विभिन्न युद्धों में शहीद हुए वीर जवानों को याद कर उन्हें नमन किया। बिलासपुर जिला से संबंध रखने वाले वीरता पुरस्कारों से सम्मानित वीर जवानों व शहीदों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश दूसरे पहाड़ी राज्यों के लिए विकास का आदर्श बनकर उभरा है प्रदेश सरकार का संकल्प है कि हिमाचल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने और आने वाले 10 वर्षों में देश के सबसे अमीर राज्यों की सूची में शामिल हो। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में क्रांतिकारी पहल करते हुए प्रदेश सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसके तहत प्रदेश में 6 ग्रीन कॉरिडोर स्थापित किए जाएंगे। राज्य सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन और अमोनिया परियोजना के लिए हस्ताक्षर ज्ञापन किया जिसमें 4000 करोड रुपए का निवेश होगा और लगभग 3500 से अधिक लोगों रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिले के औहर में 33 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से पर्यटन परिसर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध खान एन को रोकने तथा वैज्ञानिक खनन के माध्यम से प्रदेश के राजस्व में वृद्धि के लिए हिमाचल प्रदेश माइन्स एंड मिनरल पॉलिसी 2024 लिए है। कार्यक्रम से पहले मुख्यातिथि ने चंगर स्थित शहीद स्मारक में रणबांकुरो को नमन करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके उपरांत मंत्री सीधे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर ध्वजारोहण किया और राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इस दौरान पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स द्वारा एकाएक मंत्री को सलामी दी गई। सभी कैडेट्स व पुलिस जवानों ने मंत्री को सलामी दी और मार्च पास्ट किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा संस्थानों के छात्र.छात्राओं ने देश भक्ति और स्थानीय संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

भारतीय राजनीति में 'अटल जी' के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : अग्निहोत्री

पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर उपमुख्यमंत्री ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उपस्थित मुकेश अग्निहोत्री, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और जयराम ठाकुर व अन्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर रिज मैदान स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय राजनीति तथा देश के विकास में अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वह एक उदारवादी नेता थे।वह कहते थे वीआर पॉलिटिकल ओप्पोनेंट नॉट एनिमी। सभी को मिल बैठ कर विकास से संबंधित फैसले लेने चाहिए।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ऐसी सोच रखने वाली एक महान शख्सियत एवं प्रतिभा को आज उनकी पुण्यतिथि पर हम याद करते है और उन्हें नमन करते है। कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने भजन व देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, विधायक चौपाल बलवीर वर्मा, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, पार्षदगण आदि ने भी अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की।

प्रदेश में डॉक्टरों का टोकन प्रोटेस्ट आज

शिमला । हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की बैठक गूगल मीट के माध्यम से हुई, जिसमें सभी जिलों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता डॉक्टर सौरभ शर्मा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ने की।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 17 अगस्त को हिमाचल प्रदेश के सभी चिकित्सक एक दिन का टोकन प्रोटेस्ट करेंगे।

बैठक में एकमत से यह निर्णय लिया गया कि संघ उस घिनौने अपराध का विरोध करता है जोकि पश्चिम बंगाल के आर जग कर मेडिकल कॉलेज में महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुआ। 17 अगस्त को केवल इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर सुविधाएं ही प्रदान की जाएंगी।

पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय में टूरिस्ट विलेज खोलना हास्यास्पद : जयराम

अनंत ज्ञान, शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय में सरकार द्वारा टूरिस्ट विलेज खोलने की बात करना हास्यास्पद है। अब सरकार की नजर कृषि विश्वविद्यालय की जमीन पर है। कृषि विश्वविद्यालयों को कृषि से जुड़े शिक्षण-प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्य करने दे तो मेहरबानी होगी।

सरकार टूरिज्म विलेज बनाना चाहती है तो बनाए, स्वागत है लेकिन कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए संस्थानों में इस तरह के प्रयोग करने की बात दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत की खाद्यान्न के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने में कृषि विश्वविद्यालयों के योगदान को ध्यान में रखें और ऐसे संस्थानों को इस तरह से विकसित करने पर ध्यान दे जिससे वह कृषि के क्षेत्र में ऐतिहासिक अनुसंधान करें जो मानवता के लिए वरदान हो। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार ऐसी ऐसी योजनाएं ला रही है जिसका समर्थन किसी भी हाल में नहीं किया जा सकता है।

पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय में सरकार के टूरिज्म विलेज बनाने का फैसला भारतीय जनता पार्टी को स्वीकार्य नहीं है। इसके लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। देश-दुनिया में जहां भी कृषि से जुड़े शोध संस्थान हैं, सभी के पास पर्याप्त भूमि है।

कृषि विश्वविद्यालयों में जमीन की आवश्यकता होती है। एक-एक शोधार्थी को अपने शोध कार्यों के लिए बड़े-बड़े भू-भाग की लंबे समय तक आवश्यकता पड़ती है।

मुख्य सचिव सहित गृह सचिव और स्वास्थ्य सचिव से जवाब-तलब

अनंत ज्ञान, नाहन

हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर जारी किया नोटिस

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व दवा नियंत्रक नवनीत मरवाह के खिलाफ भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति जुटाने से जुड़े आरोपों की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका में प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव सहित गृह सचिव और स्वास्थ्य सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने उक्त प्रतिवादियों को 29 अगस्त तक जवाब दायर करने के आदेश जारी किए हैं। बता दें कि वेदांता फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा द्वारा जनहित में दायर याचिका में पूर्व ड्रग कंट्रोलर नवनीत मारवाह के खिलाफ आरोप लगाए थे। लगाए गए आरोपों में बताया गया कि अपने लगभग दस साल के कार्यकाल में पूर्व दवा नियंत्रक ने अपने महत्वपूर्ण दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन नहीं किया।

इस कारण प्रदेश से दवा कारोबारियों ने या तो पलायन कर लिया या अपने कारोबार बंद कर दिए। याचिका में बताया गया कि प्रार्थी ऊंची पहुंच भी रखता था कि पीएमओ द्वारा निर्देश के बावजूद इसके खिलाफ आज तक न तो विभाग ने और न ही किसी एजेंसी ने कोई कार्यवाही की है।

याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि उसने अपनी बेटी की शादी का समारोह 3 जगह रखा, जिसमें करोड़ों रुपए खर्च किए गए। इसके लिए उसने करोड़ों रुपए का शगुन शादी के दौरान लिया। फार्मा इंडस्ट्री पर दबाव बनाया गया और उन्हें 3 तरह के शगुन देने बारे बोला गया जिसमें 51,000 से 1,25,000 रुपए तक देने को कहा गया। परंतु शिकायत के बावजूद इसकी भी ऊंची पहुंच के चलते कोई भी जांच नहीं हुई।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शुभम राही
जिला प्रभारी
बिलासपुर

नीरज शर्मा
स्टाफ रिपोर्टर
घुमारवीं

बलवंत कमल
दधौल रिपोर्टर

निक्कू राम
बरठीं रिपोर्टर

गोपाल कपिल
झंडूता रिपोर्टर

आभार

समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला
बड़गांव
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
होशियार सिंह
प्रधानाचार्य

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Mob. 70182 07631, 70183 12738
KHUSHBU
MAKE OVER STUDIO
Bilaspur City Kosariya Ward

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश भारद्वाज
प्राधानाचार्य
राम स्वरुप भारद्वाज
पाठशाला प्रबंधन समिति दधोल

आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनायें
रणधीर शर्मा विधायक श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र

Soni Hotel & Restaurant
स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Approved by Govt. of Himachal Pradesh
Department of Tourism & Civil Aviation
94181-24815
98160-06115
SONI TOUR & TRAVEL AGENCY
AC & Non AC Taxi Facility Available Here
24 Hours Service
M.D. Ashok Soni
Manager Sonu
96259-07140
SONI HOTEL & RESTAURANT
AC & NON AC ROOMS AVAILABLE EVERY TIME
Ph.: 01978-267115
Email: ashoksoni792@gmail.com
Berthin (Sargal), Distt. Bilaspur (H.P.)

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
भारद्वाज ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल बरठीं
Near PWD Office
Berthin Teh. Jhandutta,
Distt. Bilapur (H.P.)
98572-11115
70183-18058
88940-94523

ब्रेन ट्री सिटी स्कूल झंडुता
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रचना ठाकुर, एमडी

Mahajan Construction Company Jhandutta
स्वतंत्रता दिवस
की समस्त
प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
Er. Shubham Mahajan
Er. Kartik Mahajan

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
केडी लखनपाल
पूर्व प्रशासनिक अधिकारी
व कांग्रेस विचार विभाग
जिला अध्यक्ष

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पंचायत समिति झंडूता
15वें वित्तायोग के अंतर्गत वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 के अंतर्गत पंचायतों को विभिन्न विकास कार्यों हेतु जारी राशि का विवरण
1. वर्ष 2022-23 1,25,34444.00
2. वर्ष 2323-24 2521529.00
संजीव पुरी
मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी
अभिषेक चंदेल
अध्यक्ष पंचायत समिति झंडूता
सभाष कुमार शर्मा
सचिव पंचायत समिति एंव पंचायत निरीक्षक

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक कुमार
झंडूता कांग्रेस नेता

वन मंडल बिलासपुर
की ओर से सभी प्रदेशवासियों को
78वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वन मंडल बिलासपुर में वर्ष 2024-25 में 311.59 हैक्टेयर वन भूमि पर पौधरोपण किया जा रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना के तहत 21 हैक्टेयर, राज्य स्कीम के तहत 64 हैक्टेयर, कैंपा स्कीम के तहत 226.59 वन भूमि पर पौधरोपण किया जा रहा है। सभी प्रदेशवासियों से अनुरोध है कि वन आवरण बढ़ाने और वनों को आग से बचाने में सहयोग करें।
वन मंडल अधिकारी, वन मंडल बिलासपुर
जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश
Email: head-fordivbil-hp@hp.gov.in
Ph No. 01978-224809

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दशमेश आई सैंटर
कोठी चौंक, नजदीक चाँदपुर पुल, जिला बिलासपुर
मोतियाबिन्द का ईलाज केवल 7 से 9 मिनट में किया जाता है।
PHACO TECHNOLOGY के साथ बिना टीके बिना टांके बिना पट्टी बिना दर्द
आंखों की हर बिमारी का ईलाज
आयुष्मान भारत और हिमकेयर कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
DASHMESH EYE CENTRE
New Chandigarh| Morinda| Marawala| Bilaspur
M: 78892-40891, 98769-93208, 98152-28498
Book an Appointment me contact number 01978-292698

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
HIMACHAL BAZAAR
हिमाचल बाजार
यहां पर
मोटा अनाज (मिलेट्स)
के उत्पाद मिलते हैं।
ज्वार, बाजराज, रागी, कोदो, कंगनी
हरी कंगनी, कुटकी, सांवा, प्रोसो
मिलेट के अन्य उत्पाद
नूमकीन, रस, बिस्कुट
पास्ता, सेवईयां, नूडल
Mob. 98179-15634, 98164-45281
Startup name Himachal Bazaar approved by Govt of HP and Govt of India

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश धर्माणी
टीसीपी, आवास एवं तकनीकी शिक्षा,
व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
तकनीकी मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
ई. सतीश शर्मा
अधिशाषी अभियंता
जल शक्ति विभाग बिलासपुर
पानी बचाओ
पानी आपको बचाएगा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार।

आशीष दामीर, संवाददाता कांगड़ा

राकेश डोगरा
संवाददाता डरोह

हजारों लोगों के योगदान और संघर्ष की बदौलत आजाद हुआ था भारत

हजारों लोगों के योगदान और संघर्ष की बदौलत भारत ने 15 अगस्त, 1947 को आधी रात में आजादी पाई, जब देश के आधे से अधिक लोग सो रहे थे। ब्रिटिश सरकार ने भारत को आजादी देने के लिए 15 अगस्त की ही तारीख क्यों मुकर्रर की थी। **क्यों आजादी की घोषणा आधी रात को हुई थी ?** दरअसल, भारत की आजादी के दिन, 15 अगस्त को, देशभर में उत्साह और देशभक्ति का माहौल होता है। लोग इस दिन अपनी आजादी का जश्न मनाते हैं और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हैं। भारत की आजादी के इतिहास के एक जरूरी पहलू को उजागर करती है। ब्रिटिश शासन के मूल योजना के अनुसार, भारत को 30 जून, 1948 को आजाद होना था लेकिन पं. जवाहर लाल नेहरू और मोहम्मद अली जिन्ना के बीच पाकिस्तान के बंटवारे को लेकर पैदा हुए तनाव और सांप्रदायिक दंगों के बढ़ते खतरे ने इस योजना को बदल दिया। जिन्ना के पाकिस्तान को भारत से अलग करने की मांग के कारण लोगों में सांप्रदायिक झगड़े की संभावना काफी हद तक बढ़ने लगी थी, जिसके चलते भारत को 15 अगस्त 1947 को ही आजादी देने का फैसला लिया गया था।

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

नीतू दमीर
भाजपा महिला मोर्चा सह कोषाध्यक्ष
हिमाचल प्रदेश।

लोक निर्माण विभाग कांगड़ा
की तरफ से समस्त प्रदेशवासियों को
15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

कुलभाष चौधरी
जिला परिषद सदस्य

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

रिंपल चौधरी
प्रधान, ग्राम पंचायत जोगीपुर

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विकास खंड कांगड़ा की उपलब्धियां

मद	कुल कार्य प्रगति पर	कार्यों पर उपयोग की गई राशि	कुल अर्जित कार्यदिपवस	महिलाओं द्वारा अर्जित कार्य दिवस
मनरेगा	785	743.86 लाख रूपए	70360	55640

आवास योजना	केंद्र सरकार द्वारा दिया गया लक्ष्य	राज्य सरकार द्वारा दिया गया लक्ष्य	कुल लक्ष्य	आबंटित	पूर्ण
	92(वर्ष 2023-24)	05 (वर्ष 2023-24)	97	97	16

अपील :- विका खंड कांगड़ा के सभी लोगों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायत कार्यालयों या विकास खंड कार्यालय से संपर्क करके सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं

अध्यक्ष
पंचायत समिति कांगड़ा

मुख्य कार्यकारी अधिकारी (पंचायत)
एवं खंड विकास अधिकारी कांगड़ा

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

अजय वर्मा
पीसीसी सचिव
प्रदेश कांग्रेस कमेटी

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

सौरभ चौधरी
जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष
एवं पार्षद नगर परिषद कांगड़ा

की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

DHARAMSHALA MUNICIPAL CORPORATION

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वच्छ व सुंदर धर्मशाला

1. गीला कचरा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने हेतु 5 टन प्रतिदिन क्षमता का बायोगैस प्लांट शुरू हो गया है। जिसमें 418 MT Wet Waste प्रौसेस हो चुका है।
2. धर्मशाला नगर निगम द्वारा लीजेंसी वेस्ट को साफ करने के लिए M/S Santan Life को जून, 2023 में टेंडर अवॉर्ड किया है। जिसमें 4814/ Legancy Waste प्रोसेस हो चुका है। इसके अलावा फर्म द्वारा 5323 MT RDF Cement Plant को भेज दिया है और धर्मशाला नगर निगम द्वारा Dumping Site में 300 पौधा रोपण किया है।
3. धर्मशाला नगर निगम ने Door to Door Collection Transportation Street Sweeing 17 वार्डों में 4 वर्ष के लिए टेंडर किया है। जिसकी प्रति वर्ष लगभग 6 करोड़ रुपए अदायगी Vishal Protection Force को की जानी है। उपरोक्त कार्य माह अप्रैल से शुरू कर दिया गया है।
4. नगर निगम धर्मशाला के सौंदर्यीकरण के लिए दिनांक 28.07.2024 को वन महोत्सव मनाया गया। जिसके तहत सभी 17 वार्डों में 6000 पौधे लगाए गए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

1. इस योजना के अंतर्गत अब तक 543 घर स्वीकृत हुए हैं।
2. 543 घरों में से 431 लोगों ने अपने घरों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है और 112 लोगों का गृह निर्माण कार्य प्रगति पर है।
3. प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक 7.56 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है।
4. IHSDP के तहत नगर निगम द्वारा 7 ब्लॉक बनाए गए थे। जिसमें 168 घर बने थे। जिसमें से 102 घर आवंटित किए जा चुके हैं। शेष 65 घर आवंटित किए जा चुके हैं।

पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि

1. अब तक 353 स्ट्रीट वेंडर (रेहड़ी-फड़ी) वालों को बैंकों द्वारा 10-10 हजार का ऋण दिलवाया गया है, जिसमें नियमित भुगतान पर 7 प्रतिशत ब्याज सबसिडी उपलब्ध है।
2. प्रथम लोन पूरा करने पर अब तक 244 स्ट्रीट वेंडर 20,000 तथा 104 वेंडर को 50,000 का लोक प्राप्त कर चुके हैं।
3. स्वनिधि से समृद्धि केंपेन के अंतर्गत कुल 352 स्ट्रीट वेंडर वह उनके 845 परिवार के सदस्यों को विभिन्न विभागों की स्कीमों जैसे पीएम बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा योजना, जनन सुरक्षा योजना वह पीएम श्रम योगी मानधन, एक देश एक राशन कार्ड योजना, जननी सुरक्षा योजना वह पीएम मातृ वंदना योजनाओं के साथ जोड़ा जा रहा है।

संयुक्त आयुक्त, धर्मशाला नगर निगम
महापौर, धर्मशाला नगर निगम

समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

योगिन्द्र कुमार
विकास खंड अधिकारी, भेडू महादेव

MCM DAV COLLEGE, KANGRA (H.P.)

Happy Independence Day

I wish my countrymen a very Happy Independence Day. Let's salute to all those who sacrificed their lives to make the country free from the clutches of Britishers.

It is matter of pride and honour that MCM DAV College, Kangra has grown and evolved to become one of the most esteemed, prestigious and sought-after colleges of Himachal Pradesh as it provides a perfect blend of tradition and modern approach to education. Our College offers a high level of teaching-learning experience that is complimented by a wide range of co-curricular activities. Our College is running B.Sc, B.Com, BA, BCA, BHM and Post Graduate classes in the subjects of Physics, Chemistry, Mathematics. Botany, Zoology, Commerce, English, PGDCA & MBA. Every year our students get top positions in

Dr. Baljeet Singh
Principal

GCM Angel Public School Bhawarna

की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समीर सूद, प्रधानाचार्य

न्यूज ब्रीफ

अवैध खनन बिलकुल बर्दाश्त नहीं होगा : सुरेश

अनंत ज्ञान, इंदौरा। कांगड़ा जिला के नूरपुर में माइनिंग ऑफिसर सुरेश कुमार ने शुक्रवार को अपना पदभार संभाला। इस मौके पर समस्त अधिकारियों द्वारा उनका बुके देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर सुरेश कुमार ने कहा के सरकार के दिशा निर्देश अनुसार उनकी प्राथमिकता अवैध खनन करने पर नकेल कसने की रहेगी तथा सरकार के नियमों के अनुसार कोई भी खनन कर सकता है, परंतु सरकार के मापदंडों के खिलाफ अवैध माइनिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ज्ञात रहे के नूरपुर में माइनिंग ऑफिसर का पद काफी महीनों से खाली था तथा यहां पर डबल चार्ज के चलते नूरपुर तथा जिला ऊना के माइनिंग अफसर नीरज कांत के पास यह कार्यभार था। सुरेश कुमार पहले जिला चंबा तथा जिला मंडीव कुल्लू में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

लॉरेट फार्मेसी संस्थान में इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। लॉरेट फार्मेसी शिक्षण संस्थान कथोग ने फ्रेशर्स के स्वागत के लिए एक इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। इस समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा रहीं तथा स्पेशल गेस्ट के रूप में रिटायर्ड डॉ. केके रतन ने शिरकत की। संस्थान के प्राचार्य डॉ. एमएस आशावत ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में एचओडी डॉ. विनय पंडित भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि शिल्पी बेक्टा ने छात्रों को संबोधित करते हुआ कहा कि जीवन में सफल होने के लिए एक ही मंत्र है और वह है संघर्ष। उन्होंने छात्रों को कहा कि अपने भविष्य के बारे में जाने और अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करके एक अच्छे नागरिक बने। जिस भी क्षेत्र में जाएं अपने आप को पहचाने। इस अवसर पर एमफार्मेसी, बीफार्मेसी, डीफार्मेसी, फार्मडी तथा बीसीए और बीबीए के छात्रों मौजूद रहे। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सीपीएच वर्मा ने धन्यवाद भाषण दिया। इस अवसर पर एचओडी डॉ. अमरदीप अंकलगी, डॉ. परवीन, डॉ. स्वाति तथा डॉ. मयंक एवं स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

इंदौरा में जज पारस जैन ने किया ध्वजारोहण

अनंत ज्ञान, इंदौरा। भारी बारिश में न्यायालय परिसर इंदौरा में सिविल जज पारस जैन ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस को भी बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर न्यायालय परिसर के कर्मचारियों द्वारा लड्डू बांट कर खुशी का इजहार भी किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी इंदौरा आशीष पठानिया, एडवोकेट सनम पठानिया, एडवोकेट रोहित कश्यप, एडवोकेट विवेक पठानिया, एडवोकेट रणधीर सिंह आदि कई अन्य लोग इस मौके पर उपस्थित रहे।

अंडर-14 खेलों में जंडपुर स्कूल ओवरऑल विजेता

अनंत ज्ञान, पंचरुखी। खंड पंचरुखी के अंडर-14 छात्र-छात्राओं की खेल प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घार में हई, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जंडपुर के छात्र व छात्राओं का प्रदर्शन उम्दा रहा। ब्वॉयज वॉलीबॉल में विजेता रहे, जिसमें आर्यन बेस्ट प्लेयर और लड़कियों में रूपांजल बेस्ट प्लेयर रहीं। बैडमिंटन ब्वॉयज टीम विजेता रही और आर्यन बेस्ट प्लेयर रहे। वहीं, लड़कियों की टीम बैडमिंटन उपविजेता रहीं। खो-खो और चेस में में स्कूल के छात्रों की टीम उपविजेता रही। ओवरऑल चैंपियन का खिताब भी राजकीय वरिष्ठ विद्यालय जंडपुर ने जीता। खिलाडी छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कंवर ने बच्चों को हार्दिक शुभकामनाए दीं।

राजेंद्र बने दी बणी कृषि सहकारी सभा के प्रधान

अनंत ज्ञान, गरली। दी बणी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित की प्रबंधक कार्यकारिणी का गठन निरीक्षक सहकारी सभाएं देहरा यशवीर सिंह की देखरेख में हुआ। इसमें प्रधान व उपप्रधान सर्वसम्मति से चुने गए। राजेंद्र सिंह को लगातार तीसरी बार सभा का प्रधान चुना गया। वहीं, सुरिंद सिंह उपप्रधान चुने गए।

थुरल में आयोजित शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित

अनंत ज्ञान, पालमपुर। मां सत्य ज्वाला सेवा समिति द्वारा थुरल में स्व. सुरजन सिंह राणा की याद में उनकी बेटी डोली राणा समिति सदस्य और सहयोगियों द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और 51 यूनिट रक्त दान किया गया। यह दूसरा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया आयोजकों का कहना है कि हर वर्ष यह रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इसको लेकर एक दिन पहले थुरल बाजार में रक्तदान को लेकर जागरूकता रैली भी निकल गई थी। इस दौरान डोली राणा समिति सदस्य के अतिरिक्त अजय राणा, बंदना प्रधान थुरल अंतरिक्ष सूद मनमीत शर्मा रिंपू तथा अन्य सहयोगी इस दौरान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पीएनबी ने लगाया उपभोक्ता जागरूकता शिविर

अनंत ज्ञान, डरोह। ग्राम पंचायत सांबा के गांव कौना में पंजाब नेशनल बैंक गढ़ जमूला की ओर से ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में पीएनबी के अधिकारियों ने ग्रामीणों को किसानों व प्राथमिक क्षेत्रों को दी जा रही बैंक की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैंक के अधिकारी चंदन ने लोगों को डिजिटल भुगतान प्रणाली के बारे में जागरूक करवाया। इसके साथ ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके बताए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व अटल पैंशन योजना की भी विस्तृत जानकारी लोगों को मुहैया करवाई।

मझीन में कम्युनिकेशन स्किल्स पर हुई कार्यशाला

अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी। राजकीय महाविद्यालय मझीन में करियर काउंसलिंग गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा बीए एवं बीकॉम अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी में कम्युनिकेशन के महत्व विषय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन माननीय प्राचार्य डॉक्टर चंदन भारद्वाज के मार्गदर्शन में किया गया। करियर काउंसलिंग गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल की समन्वयक आरती गुप्ता ने विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन में अच्छा वक्ता होने के साथ-साथ एक अच्छा श्रोता बनकर अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने के विषय में बताया। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार हम केवल आधी बात सुनकर ही जवाब दे देते हैं, जिससे हमें संपूर्ण ज्ञान नहीं मिल पाता।

केंद्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश को कुछ भी नहीं मिला : चंद्र कुमार

पांच बार विधायक रह चुके और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से एक बार सांसद रहे और वर्तमान में हिमाचल सरकार में कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार चौधरी से 'अनंत ज्ञान' की रिपोर्टर रीत वशिष्ट ने सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों और विपक्षी पार्टी भाजपा के ऑपरेशन लोटस को लेकर विशेष बातचीत की। पेश है उनसे हुई बातचीत के मुख्यांश :-

अनंत ज्ञान खास बातचीत

सवाल: हिमाचल में उपचुनाव भी हुए और दल-बदल भी बहुत हुआ, इस पर आप क्या कहेंगे?

जवाब: बीजेपी का यही मकसद रहता है कि जहां-जहां कांग्रेस या अन्य पार्टी की सरकार बनी है, उसे गिरा दिया जाए। हिमाचल में भी सरकार गिराने को भाजपा ने ऑपरेशन लोटस चलाया था। ऑपरेशन लोटस के तहत ही यहां राज्यसभा के चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई थी। हिमाचल में 6 कांग्रेस विधायक और तीन निर्दलीय विधायक भाजपा में चले गए। उनकी सोच थी कि कांग्रेस की सरकार गिराकर बीजेपी अपनी सरकार बना लेगी, लेकिन उपचुनाव में 6 में से 4 सीटें कांग्रेस जीत गई। वहीं, निर्दलीयों को तो चुनाव लड़ने की जरूरत ही नहीं थी, वे तो किसी को भी सपोर्ट कर सकते थे। कांग्रेस के 6 बागी नेताओं की राह पर चलकर तीन निर्दलीय विधायकों ने भी इस्तीफा दे दिया। जब उन्होंने इस्तीफा दिया तो उन्हें भी ऑपरेशन लोटस के कामयाब होने की आस थी, लेकिन इन तीन सीटों पर हुए उपचुनाव में भी कांग्रेस ने दो सीटें जीत लीं और भाजपा को एक पर ही जीत मिली। उपचुनाव के जो नतीजे रहे, उनसे यह साफ हो गया कि हिमाचल में ऑपरेशन लोटस पूरी तरह से फेल हो गया।

सवाल: लोकसभा चुनाव में कहां चूक हुई कांग्रेस से?

जवाब: हिमाचल में लोकसभा के साथ विधानसभा की 6 सीटों पर उपचुनाव थे। जनता ने लोकसभा के चुनाव से ज्यादा विधानसभा को ध्यान में रखा। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशियों की घोषणा भी देरी से हुई। ग्राउंड लेवल पर काम भी नहीं हुआ था। इन तमाम कारणों के चलते ही कांग्रेस पार्टी लोकसभा की चारों सीटें हारी है। जहां तक कांगड़ा संसदीय क्षेत्र की बात है तो 2004 से लेकर 2009 तक यह सीट कांग्रेस के पास रही, उसके बाद कांग्रेस का कोई भी कैंडिडेट यहां से नहीं जीत सका है।

सवाल: केंद्रीय बजट में हिमाचल के हितों का ध्यान रखा गया या फिर अनदेखी हुई?

जवाब : इस बार पहली दफा ऐसा हुआ है कि केंद्रीय बजट का विरोध किया गया हो। 1952 से लेकर अब तक के काफी चुनाव हुए हैं कभी भी विपक्ष ने बजट को लेकर न विरोध-प्रदर्शन किया और न ही वॉकआउट किया। जहां तक हिमाचल की बात है तो इस बार केंद्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश को कुछ भी नहीं मिला है। इस बजट में भी बहुत अनदेखी हुई है। हिमाचल प्रदेश में रेलवे विस्तार की बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि 55 साल में रेल ट्रैक तलवाड़ा नहीं पहुंच सका है। बीजेपी से कोई पूछे कि आपने कौन सी रेलवे लाइन हिमाचल प्रदेश में लाई है। कुल मिलाकर यह बजट युवा विरोधी भी है। इसमें रोजगार को लेकर कोई प्रावधान नहीं है। इस बजट को देखकर लगता है कि यह बजट देश देश का नहीं, बल्कि एनडीए का बजट है। अपनी सरकार को चलाने और सहयोगियों को खुश करने के लिए यह बजट बनाया गया है।

सवाल: सरकार ने 125 यूनिट फ्री बिजली भी बंद कर दी। इस बारे में आप क्या कहेंगे?

जवाब: 125 यूनिट बिजली बंद नहीं की गई है, वह जारी रहेगी। 125 यूनिट से ज्यादा जिसका भी बिल आएगा, उसको बिल भरना होगा। आईआरडीपी परिवार हो चाहे बीपीएल परिवार हो इन्हें 125 यूनिट फ्री मिलेंगी। केवल मंत्रियों, पूर्व विधायकों, क्लास 1, क्लास 2 अफसरों, इंडस्ट्रियलिस्ट और टैक्सपेयर व्यक्तियों को यह फ्री सुविधा नहीं मिलेगी। गरीब लोगों को तो इसका फायदा मिलता रहेगा।

सवाल: प्रदेश सरकार गरीबों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए क्या कर रही है?

जवाब: मेरी ऐसी सोच है कि जो हमारा गरीब किसान है, वह ऑर्गेनिक फार्मिंग को अपनाए। ग्रो मोर फूड का नारा भी दिया गया है। पहले पूरे देश में हरित क्रांति आई, दुग्ध क्रांति आई, अब ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्राकृतिक खेती के लिए भारत सरकार में अभी तक कोई भी प्रावधान नहीं है। दैनिक खेती, जिसमें मलमूत्र से इसको तैयार किया जाता है इस संदर्भ में ऑर्गेनिक एक्सपर्ट भी ऑर्गेनिक खेती के लिए कार्य शुरू कर रहे हैं। हीमाचल सरकार किसानों से तीन रुपए में गोबर खरीदकर हॉर्टिकल्चर भेजेगी। इसका टेंडर भी लोड कर दिया गया है। थर्ड पार्टी भी हमारे साथ काम करना चाहती है।

ऐप पर क्लिक करते ही घर पहुंचेगी टैक्सी

कांगड़ा जिले के युवाओं ने तैयार की पैन कार ऐप, आरएस बाली ने किया शुभारंभ

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में अब आप घर से ही टैक्सी बुक कर पाएंगे। जिला में अब ऐप पर क्लिक करते ही टैक्सी आपके घर पहुंच जाएगी। शुक्रवार को पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने धर्मशाला के कुनाल होटल में पैन कार ऐप का शुभारंभ किया।

आरएस बाली ने कहा कि पैन कार ऐप हिमाचल के कांगड़ा जिला के युवा द्वारा तैयार किया गया है इस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता अपने घर से ही टैक्सी की सेवा पा सकते हैं। उपभोक्ताओं अब टैक्सी स्टैंड इत्यादि जाने से निजात मिलेगी, वहीं समय की बचत भी होगी। आरएएस बाली ने पैन कार ऐप तैयार करने के लिए कांगड़ा के युवाओं की टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को प्रौद्योगिकी के सही उपयोग से स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की सुविधा के दृष्टिगत सभी विभागों में आधुनिक तकनीक को अपना रही है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी विकास के मद्देनजर राज्य सरकार लोगों को डिजिटल माध्यम से सभी सुविधाएं प्रदान करने के प्रयास कर रही है।

प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सभी सामाजिक सुरक्षा सेवाओं की लाभार्थियों तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हिम-एक्सेस नाम से एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हिम एक्सेस प्लेटफॉर्म प्रदेशवासियों एवं सरकारी क्षेत्र के अधिकारियों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागीय एप्लीकेशन्स की सुविधाओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाएगा और इन एप्लीकेशन्स द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का लाभ एक क्लिक पर उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल द्वारा मौजूदा समय में प्रदान की जा रही 261 सेवाओं को भी हिम-एक्सेस प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। पैन कार ऐप के समन्वयक बलबिंद्र ने कहा कि इस ऐप में संबंधित कार चालक से लेकर तमाम जानकारियां उपभोक्ता को उपलब्ध करवाई जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

सीएम ने देहरा में रखी 50.14 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला

अनंत ज्ञान, देहरा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को देहरा में स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में शिरकत करने के बाद देहरा विधानसभा क्षेत्र के लिए 50.14 करोड़ रुपए की लागत की पांच नई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं में 12.60 करोड़ रुपए की लागत से बनखंडी से बासा वाया मेहवा सड़क का उन्नयन, 12.41 करोड़ की लागत से सुनहेत से बस्सी सड़क का उन्नयन, 11.88 करोड़ रुपए की लागत से खबली दोसड़का से मरहेड़े सड़क का उन्नयन, 7.57 करोड़ की लागत से बधाल से दौंटा सड़क का उन्नयन तथा 5.67 करोड़ की लागत से बगलामुखी से मंधीना सड़क का उन्नयन कार्य शामिल है।

इससे पूर्व देहरा में शहीद भुवनेश डोगरा मैदान में पहली बार राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली।

देश को आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को सलाम : कंवर तुषार पुंज

अशोक ठाकुर, पठानकोट

श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट्स बधानी कॉलेज में 78वें स्वतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस में ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीमडी कंवर तुषार पुंज, वाईस पेरेंटेड रिया पुंज चीफ गेस्ट के रूप में उपस्थित थे।

स्वतंत्र दिवस पर स्टाफ को संबोधित करते हुए कंवर तुषार पुंज ने कहा कि सब से पहले आप सब को स्वतंत्र दिवस की बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी। 15 अगस्त का दिन भारत के लिए एक विशेष दिन माना जाता है। 15 अगस्त, 1947 को हमारा भारत देश आजाद हुआ था। बहुत से सेनानियों ने अपनी जान देकर देश को आजाद करवाया था। इनमें विशेष राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी, चंद्र शेखर आजाद, भक्त सिंह, राजगुरु, सुखदेव सिंह, उदम सिंह ने अपनी जान का बलिदान देकर देश को अंग्रेजी शासन से आजादी दिलवाई। उन्होंने कहा कि वह उन स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं, जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने के लिए अपने प्राणों की आहुति तक दे डाली। इस अवसर पर डायरेक्टर रणजीत सिंह, डॉ. नवदीप सांवल, पुनीत सवाल, सजय पंडित, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. दिनेश महाजन, मुकेश गुप्ता, सुलक्ष्य कुमार, अश्वनी शर्मा, हरमोहिंदर सिंह, स्टाफ तथा स्टूडेंट्स मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

पौंग झील के बनाड़ा पतन की बूहल खड्ड में तैरती हुई मिली लाश

अनंत ज्ञान, जवाली

पुलिस थाना जवाली के अधीन पौंग झील के बनाड़ा पतन में बूहल खड्ड में एक व्यक्ति की तैरती हुई लाश मिली है। जानकारी अनुसार मछुआरों ने रात को झील में तैरती हुई लाश देखी तथा इसकी सूचना पुलिस थाना जवाली में दी। सूचना मिलते ही एसएचओ जवाली प्रीतम सिंह जरियाल पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा स्थानीय लोगों की मदद से झील से शव को बाहर निकाला। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने केस दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगामी छानबीन में पुलिस जुट गई है।

जोगीबाड़ा में मिला युवक का शव

धर्मशाला। धर्मशाला के जोगीबाड़ा में एक युवक का शव मिलने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 38 वर्षीय दीप नारायण निवासी राम नगर के रूप में हुई है। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार युवक पिछले करीब आठ दिन से लापता था। बताया जा रहा है कि युवक मानसिक रुपद से परेशान था। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी कांगड़ा हितेश लखनपाल ने कहा कि पुलिस हर एंगल से छानबीन कर रही है।

रेडक्रॉस लक्की ड्रॉ का परिणाम घोषित

धर्मशाला। सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस पर उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला में सोसायटी द्वारा रेडक्रॉस लक्की ड्रॉ आम जनता के समक्ष निकाला गया। एसडीएम ने लक्की ड्रॉ निकाला। टिकट नंबर 035514 को मोटरसाइकल, 042708 को स्कूटी, 017502 को 32 इंच एलईडी टीवी, 047695 को रेफ्रिजरेटर, 022165 को वॉशिंग मशीन, 006971 को एंड्रॉइड मोबाइल, 043396 को इंडक्शन चूल्हा, 063578 व 026002 को सिलाई मशीन, 011048 तथा 017557 को 2500 रुपऐ का सांत्वना पुरस्कार निकला है। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए विजेता को मूल टिकट एक माह के भीतर जिला रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय में जमा करवानी आवश्यक होगी।

दो टिप्परों का चालान

डरोह। शुक्रवार को एसडीएम धीरा द्वारा उपमंडल धीरा के अधीन पनापर अक्षैणा में अवैध रूप से खनन कर रेत ले जा रहे दो टिप्परों का चालान किया गया। इसके साथ साथ उन्हें 14800 रुपए का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने पुलिस और खनन निरीक्षक को नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन गतिविधियों की नियमित आधार पर जांच की जा रही है।

खाई से आई चिल्लाने की आवाज 12 घंटे चला रेस्क्यू, मिला कुत्ता

आशीष दामीर, कांगड़ा

पुराना कांगड़ा-राजल रोड पर जयंती माता मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर गहरी खाई से स्थानीय लोगों को जब किसी के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी तो उन्होंने प्रशासन और पुलिस को इसकी सुचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची प्रशासन और पुलिस की टीम ने ने सर्च और रेस्क्यू अभियान चलाया। करीब 12 घंटे चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में रेस्क्यू टीम को किसी व्यक्ति की जगह एक कुत्ता मिला। डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि किसी के हादसे के शिकार होने की आशंका से रेस्क्यू अभियान चलाया गया था। इस दौरान एसडीआरएफ टीम को एक कुत्ता मिला। (अनंत ज्ञान)

पंचरुखी में विरोध रैली आज

पंचरुखी। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ पेंशनर्स एंड रिटायर्ड पर्सनल वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले शनिवार को सुबह दस बजे रेस्ट हाउस चौक पंचरुखी से तहसील कार्यालय पंचरुखी तक एक विरोध रैली निकाली जाएगी। उसके बाद तहसीलदार के माध्यम से हिंदुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत वतराहन
विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि पंचायत द्वारा 2024-25 विकास कार्यों में प्रयोग की जाने वाली सामग्री हेतु आपूर्तिकर्ताओं से निविदाएं आमंत्रित करना आवश्यक है। अतः पंचायत इस प्रस्ताव को पारित करके निर्णय करती है । **विवरण इस प्रकार से है:-**

क्र.	विवरण	मात्रा
1.	क्रैशर बजरी	प्रति क्यूबिक मीटर
2.	क्रैशर रेता	प्रति क्यूबिक मीटर
3.	क्रैशर पत्थर	प्रति क्यूबिक मीटर
4.	सोलिंग पत्थर	प्रति क्यूबिक मीटर
5.	पत्थर लोकल	प्रति क्यूबिक मीटर
6.	रेता लोकल	प्रति क्यूबिक मीटर
7.	बजरी लोकल	प्रति क्यूबिक मीटर
8.	सरिया 8,10,12 एमएम	प्रति किलोग्राम
9.	ईंट साईज अनुसार 1000	प्रति ईंट
10.	इंटरलॉक टाईल साईज अनुसार	
11.	शटरिंग लकड़ी	प्रति वर्ग फुट
12.	पानी टैंक	प्रति टैंक
13.	मिक्चर मशीन	प्रति दिन
14.	बोर्ड लिखाई	प्रति बोर्ड
15.	जेसीबी	प्रति घंटा
16.	बैंच लोहा	प्रति नं.
17.	सीमेंट किराया	प्रति बैग
18.	वाटर कूलर फिटिंग सहित साईज अनुसार	प्रति नं.
19.	सोलर लाईट फिटिंग सहित साईज अनुसार	प्रति नं.
20.	शटरिंग लोहा	प्रति वर्ग फुट
21.	फ्लोर टाईल साईज अनुसार	प्रति नं.
22.	सीमेंट बैंच	प्रति नं.

आपूर्तिकर्ता से अनुरोध है कि दिनांक 21.08.2024 तक शाम 5.00 बजे तक निविदाएं पंजीकृत बंद लिफाफे में डाक द्वारा कार्यालय ग्राम पंचायत वतराहन में जमा करवा सकते हैं। आपूर्तिकर्ता के पास जीएसटी नं. होना जरूरी है तथा सप्लाई की जानी वाली सामग्री की दरें हि.प्र. सरकार द्वारा निर्धारित दरों से अधिक नहीं चाहिए। चयनित आपूर्तिकर्ता को पंचायत के पास 50000/-रु. की धरोहर चेक राशि जमा करनी होगी। ग्राम पंचायत द्वारा गठित कमेटी द्वारा दिनांक 26.08.2024 को निविदाएं खोली जाएंगी तथा कमेटी का निविदाएं चयन में अंतिम होगा। केवल डब्ल्यू और एक्स फार्म के साथ सामग्री देनी होगी

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत वतराहन
विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

सुविधा बैजनाथ अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा का शुभारंभ करते हुए बोले सीपीएस किशोरी लाल

उत्तम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना प्राथमिकता

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने शुक्रवार को सिविल अस्पताल बैजनाथ में अल्ट्रासाउंड सुविधा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कहा कि सप्ताह में दो दिन वीरवार तथा शनिवार को अल्ट्रा साउंड सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि अल्ट्रा साउंड की सुविधा की मांग थी और इसे ध्यान में रखते हुए पुरा करने का प्रयास किया गया है।

सीपीएस ने कहा कि अल्ट्रा साउंड मशीन लगने से मरीजों को बेहतर सुविधा देने की दिशा में सिविल अस्पताल बैजनाथ एक कदम आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि स्टाफ उपलब्ध होने पर यह सुविधा सप्ताह भर शुरू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड मशीन का लाभ सबसे अधिक गर्भवती महिलाओं और अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि मशीन के नहीं होने से मरीजों को पहले प्राइवेट अल्ट्रासाउंड कराना पड़ता था। सीपीएस ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य लोगों को सुगम एवं गुणात्मक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। सरकार ने प्रदेश के दुर्गम, दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को घरद्वार तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सुगम बनाया है।

इसके पश्चात सीपीएस ने ग्राम पंचायत धरेड में पांच लाख की लागत से निर्मित लोक सेवा केन्द्र भवन का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। उन्होंने अपनी विधायक निधि से शमशानघाट के शेष बचें कार्य को पूरा करने के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा की । लक्ष्मी महिला मण्डल को समान इत्यादि के लिए 10 हजार रूपये देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा रखी गई मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्रतिबद्धता : पठानिया

अनंत ज्ञान, नूरपुर

उपमंडल नूरपुर के अंतर्गत पंचायत गही लगोड़ बाधनी में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया द्वारा अश्वगंधा अभियान का शुभारंभ किया गया।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता है। पठानिया ने बताया कि मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना के अंतर्गत नूरपुर में 10 हेक्टेयर भूमि पर इंटरलॉकिंग चेन बाड़ लगाकर हरड़, आंवला, अर्जुन, शीशम, बांस आदि किस्म के आठ हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। नूरपुर वन मंडल परिक्षेत्र के अंतर्गत इस मानसून सीजन के दौरान 865 हेक्टेयर भूमि पर विभिन्न प्रजातियों के लगभग सात लाख पौधे रोपित किए जा रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

हमीरपुर। बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने अपने निवास पर सिक्योरिटी गार्ड्स के साथ झंडा लहराया।

हमीरपुर। ग्राम पंचायत पाहलू के महिला मंडल ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश में एकता बनाए रखना का संदेश दिया

हैप्स में हर्षोल्लास से मनाया आजादी महोत्सव

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में आजादी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, स्टैंप मेकिंग, नारा लेखन प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश भक्ति समूह गान एवं नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। अध्यापिका उमा शर्मा ने छात्रों को देश-भक्ति की भावना से रू-ब-रू करवाया। विद्यालय प्राचार्य शशि बाला ने विद्यालय के सभी अध्यापकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

तकनीकी विवि में कुलपति ने फहराया तिरंगा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया। कार्यक्रम में तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कुलपति ने तिरंगा फहराकर सभी अधिकारी व कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। तकनीकी विश्वविद्यालय में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों की टुकड़ी ने सलामी दी। वहीं, तकनीकी विश्वविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर, वित्त अधिकारी केवल कृष्ण शर्मा, उपकुलसचिव सुरेंद्र शर्मा, संपदा अधिकारी धीरज कौंडल, परियोजना अधिकारी अमित

बच्चों के देशभक्ति के गीतों ने किया मंत्रमुग्ध

अनंत ज्ञान, टौणी देवी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्काउट गाइड और अन्य बच्चों ने देशभक्ति गीतों, नृत्यों, और नाटकों के माध्यम से देशप्रेम की भावना को प्रकट किया। इस कार्यक्रम का आयोजन गाइड कप्तान कुसुम लता, कविता देवी और शारीरिक प्रवक्ता संजय ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। बच्चों के देशभक्ति के गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

स्वतंत्र भारत के विकास में सभी को देना होगा सहयोग : संजय

वाईके भारद्वाज, भरेड़ी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में खंड स्तरीय 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्यातिथि भोरंज एसडीमए संजय स्वरूप में ध्वजारोहण किया और पुलिस जवानों की टुकड़ी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों के मार्चपास्ट की सलामी ली। इस अवसर उन्होंने कहा कि कि आज भाज विश्व गरू बनने की ओर अग्रसर है, इसलिए स्वतंत्र भारत के विकास में हर नागरिका को देश प्रेम की भावना से सहयोग देना होगा।

स्वतंत्रता दिवस पर न्यायिक परिसरों में फहराया तिरंगा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर जिला न्यायिक परिसर हमीरपुर, न्यायिक परिसर बड़सर और न्यायिक परिसर नादौन में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जिला न्यायिक परिसर हमीरपुर में जिला एवं सत्र न्यायधीश भुवनेश अवस्थी ने तिरंगा फहराया। उधर, न्यायिक परिसर बड़सर में न्यायिक दंडाधिकारी मनु प्रिंजा ने और न्यायिक परिसर नादौन में सीनियर सिविल जज दिव्य ज्योति पटियाल ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर स्थानीय बार एसोसिएशनों के पदाधिकारी, अन्य अधिवक्ता, न्यायिक कर्मचारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

नादौन उपमंडल में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

अनंत ज्ञान, नादौन। स्वतंत्रता दिवस उपमंडल भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सीनियर सिविल जज कोर्ट परिसर में सीनियर सिविल जज नादौन दिव्य ज्योति पटियाल ने तिरंगा फहराया। उपमंडल स्तरीय समारोह स्थानीय सीसे स्कूल बाल में आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम अपराजिता चंदेल ने तिरंगा फहराया।

केंद्रीय विद्यालय में स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य सुनील चौहान ने ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात सगौरव राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील चौहान ने स्वतंत्रता सेनानियों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला।

परमार्थ स्कूल में देशभक्ति के कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। परमार्थ इंटरनेशनल स्कूल ककड़ियार में 78वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

डिडवी में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

डिडवीं टिक्कर। डिडवी गांव में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त स्कॉट लीडर विद्यासागर परवाना करनाल मोतीलाल भारद्वाज ने ध्वज फहराया और कहा कि हमें अपनी आजादी को दिलवाने वाले वीर सैनिकों को कभी भी नहीं भूलना चाहिए। इस अवसर पर प्रो. मनोज चोपड़ा ने कहा कि हमें अपनी सेनाओ का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर मेजर सूबेदार अश्वनी भारद्वाज सेवानिवृत्त खंड विकास अधिकारी प्रकाश चंद शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, सुदर्शन कुमार शर्मा, बृजमोहन शर्मा अंजनी शर्मा देव, आशीष पॉल शर्मा, लवली शर्मा व समस्त महिलाएं उपस्थित रही।

विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है जिला हमीरपुर : डॉ. शांडिल

स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री ने की जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

78वां स्वतंत्रता दिवस हमीरपुर जिले में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अणू के स्टेडियम में आयोजित समारोह में स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली। इस भव्य परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस, होमगार्ड्स, एनसीसी, एनएसएस और विभिन्न स्कूलों के प्लाटूनों ने शानदार मार्चपास्ट किया।

इस अवसर पर सभी जिला वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के कड़े संघर्ष और बलिदानों के कारण ही हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। स्वतंत्रता के बाद भी देश की सीमाओं की रक्षा के लिए हमारे कई वीर सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिए हैं। प्रदेश सरकार के डेढ़ वर्ष के कार्यकाल की चर्चा करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश आज विकास का आदर्श बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि हिमाचल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने और आने वाले दस वर्षों में देश के सबसे अमीर राज्यों की सूची में शामिल हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने चुनाव के दौरान दी गई 10 गारंटियों में से पांच गारंटियों को छोटी-सी अवधि में पूरा करके अपना वादा निभाया है। टांडा मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टरों और चिकित्सा अधिकारियों सहित विभिन्न श्रेणियों के 462 पद और आईजीएमसी, शिमला व अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान, चमियाना, में 489 पद भरने का फैसला लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग में लगभग 2700 पदों को भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में जिला हमीरपुर विकास की नित नई बुलंदियों को छू रहा है।

हमीरपुर में लगभग 65 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक बस अड्डे का निर्माण तेजी से करवाया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने यहां जोनल एवं प्रदेश स्तर के तीन बड़े कार्यालय भी स्थापित किए हैं। हमीरपुर शहर की कायाकल्प के लिए प्रदेश सरकार ने करोड़ों रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि डॉ. राधा कृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में कार्डियोलॉजी विभाग की स्थापना का निर्णय लिया गया है, जिससे हृदय रोगियों को हमीरपुर में ही आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जोल सप्पड़ में मेडिकल कॉलेज के नए परिसर के निर्माण पर लगभग 380 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसके अलावा भी हमीरपुर जिले में विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर अणू के स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करते डॉ. धनीराम शांडिल (दाएं) सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया।

जिला स्तरीय प्रोग्राम में इन्हें किया सम्मानित

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिव्यांग राजन कुमार और पुलिस की विभिन्न शाखाओं में सराहनीय सेवाओं के लिए इंस्पेक्टर सुनील दत्त, एसआई कुलदीप पटियाल, एएसआई राजेश कुमार, एएसआई अमीं चंद, एएसआई अरविंद कुमार, सीआईडी यूनिट के प्रभारी एएसआई संजीव कुमार और कांस्टेबल रवि कुमार को सम्मानित किया। उन्होंने परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

जिला स्तरीय समारोह में विधायक सुरेश कुमार और कैप्टन रणजीत सिंह, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, पूर्व विधायक अनीता वर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, नगर परिषद और पंचायतीराज संस्थानों के जनप्रतिनिधि, डीसी अमरजीत सिंह, सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर मदनशील शर्मा, एसपी भगत सिंह ठाकुर और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

78वें स्वतंत्रता दिवस पर दिव्यांग राजन कुमार को मिला विशेष सम्मान

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हमीरपुर जिले के भगेटू गांव के राजन कुमार को समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल द्वारा प्रदान किया गया।

राजन कुमार 100 प्रतिशत दिव्यांग हैं और अपने शारीरिक कठिनाइयों को दरकिनार कर समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके इस असाधारण प्रयास और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र से नवाजा गया। इस अवसर पर डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि राजन कुमार जैसे व्यक्तित्व समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। उनके कठिन परिश्रम और समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया है कि शारीरिक बाधाएं भी सामाजिक सेवा के मार्ग में रोड़ा नहीं बन सकतीं। समारोह में अन्य गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने राजन कुमार के कार्यों की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

ताल में नहाने के लिए उतरे 56 वर्षीय व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। ग्राम पंचायत ताल में सदियों पुराने बने ताल में वीरवार सुबह नहाने उतरे 56 वर्षीय ओमदत्त की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ओमदत्त ग्राम पंचायत महल के दूह गांव का निवासी है और वीरवार को अपने ससुराल से टिक्कर की ओर से ताल कस्बे में पहुंचा था। वहां पर उक्त व्यक्ति ने पहले शराब पी, उसके बाद नहाने के लिए उतर गया, लेकिन वह वापस किनारे तक नहीं आ सका।

हालांकि वहां पर आसपास लोग मौजूद थे लेकिन उनमें से किसी को भी तैरना नहीं आता था, ऐसे में व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका। यह घटना सुबह लगभग साढ़े 8 बजे की है। इसके बाद ताल में डूबे व्यक्ति के बारे में पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस को सूचना मिलने के बाद पुलिस, होमगार्ड और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। लगभग 5 घंटे की कड़ी मशक्त के बाद स्थानीय लोगों ने शव को बाहर निकाला। पुलिस ने मौके पर लोगों के बयान कलमबद्ध किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगलबैरी को व्हीलचेयर की भेंट

सुजानपुर। स्वर्गीय अजीत सिंह की याद में उनके पुत्र राहुल सिंह, गांव अमेयर लड़ वडौल ने आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगलबैरी को एक व्हीलचेयर भेंट की।

मुख्यमंत्री तीन दिवसीय प्रवास के दौरान करेंगे करोड़ों के उद्घाटन व शिलान्यास

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के तीन दिवसीय प्रवास के दौरान 17 अगस्त को सुबह लगभग 11 बजे मुख्यमंत्री नादौन के खरीड़ी मैदान में बहु-उद्देश्यीय खेल परिसर का शिलान्यास करेंगे। इसी दिन दोपहर करीब 12 बजे वह बड़ा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन और किसान प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वह नेरी स्थित उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय में कन्या छात्रावास की आधारशिला रखेंगे तथा महाविद्यालय के पीजी. ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे। शाम को वह सेरा में ही रुकेंगे।

पपलाह कृषि सेवा समिति की प्रबंधक कमेटी के किशोरी लाल बने दूसरी बार प्रधान

वाईके भारद्वाज, भरेड़ी। उपमंडल भोरंज के तहत दी पपलाह कृषि सेवा समिति की प्रबंधक कमेटी का चुनाव हुआ। चुनाव इंस्पेक्टर बिशन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। चुनाव की प्रक्रिया में सभी कमेटी के सदस्यों ने सर्व सम्मति से दूसरी बार किशोरी लाल शर्मा को प्रधान चुना, साथ ही उपप्रधान कैप्टन ईश्वर दास ठाकुर को चुना गया। कमेटी के सदस्य जगदीश चंद, अमर नाथ, पवन कुमार, प्रवीन कुमार, जयगोपाल, सेक्रेटरी रवि शर्मा, सेल्स मैन बीरबल सिंह चौधरी, जय गोपाल को सभा के सदस्य चुना गया।

सनेड़ गांव में पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

ग्राम पंचायत उखली के सनेड़ गांव में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सारथी ग्राम सेवा संस्था द्वारा सनेड़ के शिव मंदिर में आयोजित किया गया।

शिव मंदिर सनेड़ में किया स्वतंत्रता समारोह आयोजित

इस कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सैनिकों को राष्ट्रीय ध्वज देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहीद की पत्नी को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया था। संस्था के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत उखली के उपप्रधान सुशील ठाकुर ने तिरंगा फहराया और कहा कि देश को आजाद करवाने में पूर्व सैनिकों का भी योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं, यह सब वीर सैनिकों के बलिदान के कारण संभव हुआ है। पूर्व सैनिकों और शहीदों की बदौलत ही हमारा देश आजाद हुआ और आज 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिएं और पूर्व सैनिकों के साथ वीर नारियों को सम्मानित करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर स्कूली छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

पूर्व सैनिक को सम्मानित करते हुए सारथी ग्राम सेवा संस्था के अध्यक्ष सुशील ठाकुर व कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक।

विधायक आशीष ने देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। विधानसभा क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने वीरवार को विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कर एवं शहीदों को श्रद्धांजलि देकर स्वतंत्रता दिवस मनाया। विधायक ने सबसे पहले अपने निवास स्थान पर देश के वीर जवानों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया एवं देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि दी।

15 अगस्त पर खास गलोड़ में बुजुर्गों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, गलोड़। बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं, जिन परिवारों में बुजुर्गों का सामान नहीं होता उन परिवारों में सुख संतुष्टि समृद्धि व स्वाभिमान कभी नहीं आ सकता। यह बातें खास गलोड़ पंचायत के प्रधान संजीव शर्मा ने कहीं। 15 अगस्त आजादी की पावन बेला पर खास गलोड़ पंचायत प्रधान संजीव शर्मा ने पंचायत कार्यालय के प्रांगण में इन 200 के करीब बुजुर्गों के साथ झंडा फहराया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित पंचायत के करीब 200 बुजुर्ग महिला व पुरुषों को सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य संस्थानों में कड़ी सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाए : डॉ. सुरेंद्र

अतुल, सुजानपुर

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ और हमीरपुर कार्यकारिणी संघ, हमीरपुर संघ के प्रधान डॉ. सुरेंद्र डोगरा और सचिव डॉ. वैंकटेश्वर सिंह रनौत ने हाल ही में कोलकाता में महिला रेजिडेंट डॉक्टर की निर्मम हत्या की निंदा की।

जिलाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र डोगरा व सचिव डॉ. वैंकटेश्वर सिंह रनौत ने बताया कि इस घटना के बाद फैसला लिया गया है कि 17 अगस्त को 'पैन डाउन' स्ट्राइक रहेगी। इस दौरान केवल आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। हमीरपुर संघ ने सीएम सुक्खू से अनुरोध किया कि प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों में कड़ी सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाए ताकि हिमाचल में ऐसी घटना न हो और रात्रि सेवाएं दे रही महिला चिकित्सकों के मनोबल को भी बढ़ावा मिले। (अनंत ज्ञान)

काले बिल्ले लगाकर विरोध जताते डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा, डॉ. पल्लवी तथा (दाएं) डॉ. वैंकटेश्वर सिंह रनौत।

कोलकाता कांड : जिले में 'पैन डाउन' स्ट्राइक आज

पूर्व पीएम वायपेयी को दी श्रद्धांजलि

हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकु ने समीरपुर स्थित आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं व स्थानीय जनता से भेंट कर जनसमस्याओं की सुनवाई की, साथ ही ठाकुर ने समीरपुर स्थित आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

गुड न्यूज सुबह 9:30 बजे से शाम 4 तक रहेगा खुला, रिपोर्ट्स भी यहीं मिलेंगी

सैंपल कलेक्शन सेंटर शुरू, आठ कर्मचारी तैनात

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

यहां स्थित राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज में अब मरीजों को सैंपल देने के लिए पौढ़ियों पर बेहद खराब स्थिति में खड़ा होने से छुटकारा मिल गया है। सैंपल कलेक्शन के लिए लंबे इंतजार के बाद अब आखिर 'कलेक्शन सेंटर' शुरू हो गया। इसका शुभारंभ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रमेश भारती ने किया।

काबिले गौर यह है कि यह कलेक्शन सेंटर करीब 7 माह पहले बनकर तैयार हो गया था। फर्नीचर की वजह से यह शुरू नहीं हो पा रहा था, लोगों की समस्या को देखते हुए 'अनंत ज्ञान' ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जिस कारण अब पिछले सप्ताह ही फर्नीचर की व्यवस्था हो गई थी, इसलिए आज उद्घाटन हो गया। अब सैंपल कलेक्शन सेंटर सुबह साढ़े 9 बजे खुलेगा और 4 बजे बंद हुआ करेगा। तमाम तरह के सैंपल एक ही खिड़की पर दिए जाएंगे और वहीं पर 12 बजे के बाद जैसे-जैसे रिपोर्ट्स आनी शुरू हो जाएंगी। मरीजों को वह मिलनी भी शुरू हो जाएंगी। यानी 2 घंटों का उन्हें फायदा हो जाएगा। 2 बजे तक का इंतजार उन्हें अब नहीं करना पड़ेगा।

सैंपल कलेक्शन सेंटर के उद्घाटन मौके पर कर्मचारी और प्रिंसिपल।

प्रिंसिपल डॉ. रमेश चौहान ने इसका आज विधिवत उद्घाटन कर दिया और सैंपल लेने का काम भी शुरू हो गया है। यहां पर तकरीबन 8 कर्मचारी तैनात किए गए हैं। कलेक्शन काउंटर पर तीन और रिसेप्शन पर चार या पांच लोग रहेंगे।

कमलेश कुमार, लैब इंचार्ज

पुराना ही रहेगा नाइट ड्यूटी सिस्टम

4 बजे के बाद यह काउंटर बंद हो जाया करेगा। इसके बाद इमरजेंसी में जितने भी सैंपल आएंगे, उन्हें लैब के दरवाजे पर मरीज को खुद ही पुराने हिसाब से जाना पड़ेगा, क्योंकि इमरजेंसी में ज्यादा सैंपल होते नहीं है, इसलिए पुरानी व्यवस्था बरकरार रहेगी।

आंगनबाड़ी केंद्र चाहड़ में आजादी दिवस पर बांधे गए रक्षा सूत्र

टौणी देवी। आंगनबाड़ी केंद्र चाहड़ में आजादी दिवस धूमधाम से मनाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीता देवी ने बताया कि मां के गर्भ में पल रहे भ्रूण का सही और सुरक्षित विकास हो, इस उद्देश्य को लेकर रक्षा कवच बांधे गए।

विश्व शांति के लिए किया महायज्ञ

वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा। सावन मास के अंतिम दिन एवं संक्रांति पर्व पर पंचायत फस्टे के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर में बिल्लकलेश्वर महादेव सुधार सभा द्वारा विश्व शांति के लिए महायज्ञ किया गया। महायज्ञ में क्षेत्र वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

न्यूज ब्रीफ

इन्नर व्हील क्लब ने शहीदों को की पुष्पांजलि अर्पित

अनंत ज्ञान, ऊना। इन्नर व्हील क्लब ऊना ने स्थानीय एमसी पार्क में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की एकता व अखंडता के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले शहीदों को प्रणाम किया, वहीं उनकी कुर्बानी को भी नमन किया। क्लब सदस्यों ने इस दौरान लोगों व बच्चों को तिरंगा झंडे भी बांटे। इस अवसर पर क्लब प्रधान रमा कंवर, सचिव शोभा सोनी, कैशियर रेखा शर्मा, पूर्व प्रधान जितेंद्र कौर, अमरजीत बबली, मोनिका कौशल व अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पौधे वितरित किए

अनंत ज्ञान, ऊना। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर क्षेत्र के गांव चलोला में स्वतंत्रता दिवस गांववासियों ने बहुत धूमधाम से मनाया। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत सांस्कृतिक गतिविधियां भी की गईं। यह कार्यक्रम जन कल्याण संस्था होप द्वारा आयोजित किया गया। इसकी व्यवस्था कप्तान महेंद्र पॉल तथा श्याम चंदेल और उनके साथी सदस्यों ने की। शाम चंदेल ने बताया कि इस उपलक्ष्य में उन्होंने 50 पौधे चिलोला सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तथा 50 अस्पताल के प्रांगण लगाए गए। समारोह में आए सभी लोगों को एक-एक पौधा भेंट करके लगाने और 5 वर्ष तक उसका पालन-पोषण करने की शपथ भी दिलाई गई।

धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

ऊना। प्राचार्य मीता शर्मा की अगुवाई में राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में एनसीसी, एनएसएस स्काउट गाइड द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

थानाकलां में उपमंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित

ऊना। थानाकलां वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उपमंडल स्तर पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल विधायक विवेक शर्मा छात्र कलाकारों के साथ।

क्रसना डायग्नोस्टिक लैब में मनाया स्वतंत्रता दिवस

ऊना। क्रसना डायग्नोस्टिक लैब ऊना के कर्मचारी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाते हुए।

किसानों की आय बढ़ाना प्राथमिकता : कृषि मंत्री

कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने ऊना में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

स्वतंत्रता दिवस समारोह में सलामी लेते हुए कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार।

कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने स्वतंत्रता दिवस पर ऊना में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला ऊना के प्रांगण में ध्वजारोहण किया और मार्चपास्ट की सलामी लेने के उपरांत जिला वासियों को संबोधित किया। इस अवसर पर विकासात्मक योजनाओं पर झांकियां निकाली गईं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

प्रो. चंद्र कुमार ने अपने संबोधन में ऊना जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों की पुण्य स्मृतियों को नमन किया। उन्होंने देश की स्वतंत्रता की हिफाजत के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भी स्मरण किया। कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। कदम उठाए गए हैं।

प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि दूध खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला हिमाचल देश का एकमात्र राज्य है। ऊना जिले में करोड़ों रुपए की योजनाएं चलाई जा रही हैं।

ये हुए सम्मानित : इस मौके कृषि मंत्री ने समाज जीवन में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले प्रेरणादायी व्यक्तित्वों और विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देने और शिक्षा और कौशल का संबल देने के लिए देहलां स्थित आश्रय संस्थान और प्रेम आश्रम ऊना को सम्मानित किया गया। दोनों संस्थानों को प्रशस्ति पत्र के साथ 21-21 हजार रुपए सम्मान राशि भी प्रदान की गई।

नगर परिषद ऊना के सफाई कर्मचारियों को बेहतर कार्य एवं सेवाभाव के लिए 51 हजार रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया। ऊना के जरनैल सिंह को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अंडर-19 लड़कों के लिए कोच नियुक्त होने की बड़ी उपलब्धि पर सम्मानित किया गया। वहीं, रामपुर के जतिंद्र कुमार को सांप पकड़ने के कौशल से लोगों के बहुमूल्य जीवनों की रक्षा में सहायक होने तथा ऊना के कुलबीर सिंह को चाइल्ड हेल्पलाइन ऊना में अपने दायित्वों का पूरी कर्तव्य निष्ठा से निर्वहन करने और बहडाला के कुलबंत सिंह को बहडाला स्कूल के पास नदी में डूब रही एक महिला को बचाने के लिए 5100-5100 रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा रक्कड़ कालोनी के 65 वर्षीय अजीत सिंह को सिंगापुर में 5 हजार, 15 सौ व 800 मीटर दौड़ में तीन रजत पदक जीतने की उपलब्धि के लिए तथा वंशिका ठाकुर को कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय (एसएससी-सीजीएल) परीक्षा में 385 रैंक हासिल करने तथा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंब के प्रधानाचार्य विनोद कुमार को स्कूल को खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में आदर्श स्कूल बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

भटोली के राम कुमार को चित्रों पर सूक्ष्म लेखन शैली की उत्कृष्ट कलाकारी के लिए, ऊना के कार्टूनिस्ट सुनील कुमार को चित्रकला क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया इस मौके कृषि मंत्री ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में स्कूली परीक्षाओं में जिले में अव्वल रहे बच्चों को भी सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग के निनिरीक्षक अमित ठाकुर, हेड कांस्टेबल मोहिंद्र सिंह, ऑनरेरी हेड कांस्टेबल बलविंदर सिंह, कांस्टेबल बलजीत सिंह, महिला कांस्टेबल अनुराधा, राम कुमारी व रीना कुमारी को अपनी ड्यूटी को पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ करने के लिए सम्मानित किया गया।

ये रहे उपस्थित : कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, गणेश दत्त भरवाल, रणजीत राणा, प्रदेश कांग्रेस सचिव अशोक ठाकुर तथा देशराज गौतम, कांग्रेस के जिला ओबीसी सैल के चेयरमैन प्रमोद कुमार, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव चौहान सहित अन्य अधिकारी, स्कूलों के बच्चे, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा शहरवासी उपस्थित रहे।

थानाखास में गोकुल ग्राम और गो सेंक्चुरी का किया निरीक्षण

बंगाणा। कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने आज (गुरुवार) कुटलैहड़ विधानसभा के तहत थानाखास में निर्माणाधीन गोकुल ग्राम और गो सेंक्चुरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गो सेंक्चुरी में पशुओं के रखरखाव की विस्तृत समीक्षा की। इस मौके कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा भी उनके साथ रहे।

सांसद अनुराग ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा, दिया सहायता का आश्वासन

ऊना। सांसद अनुराग ठाकुर ऊना जिला के बाढ़ प्रभावित औद्योगिक क्षेत्र बाथू-बाथड़ी का जायजा लेते हुए। प्रभावितों से मिलकर उन्होंने उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्य तिथि पर किया नमन

ऊना। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर बंगाणा में पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर जश्ने आजादी का त्योहार मनाया

गोंदपुर बनेहड़ा। गोंदपुर बनेहड़ा में स्वच्छता एवं पोध सरंक्षण से जुड़ी संस्था मां सरस्वती दिव्यांशी शिक्षा समिति से जुड़े सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर जश्ने आजादी मनाया।

पिरथीपुर स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह का किया आयोजन

ऊना। पिरथीपुर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर कार्यक्रम में शामिल अध्यापक और छात्र।

ऊना। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भद्रकाली में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल अध्यापक और छात्र।

डीएवी अंबोटा में फहराया तिरंगा

ऊना। डीएवी स्कूल अंबोटा (गगरेट) में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा फहराया गया।

अंबोटा की बहू एएसआई रंजना होंगी राष्ट्रपति पुलिस मेडल से सम्मानित

अनंत ज्ञान, गगरेट

वर्दी किसी असहाय को न्याय दिलाने में भी कारगर सिद्ध हो सकती है। इसी जज्बे के साथ हिमाचल पुलिस में सेवाएं दे रही उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव की बहू रंजना की उत्कृष्ट सेवाओं को गृह मंत्रालय ने तस्दीक किया है। हिमाचल पुलिस के सीआईडी विंग में बतौर एएसआई तैनात रंजना को राष्ट्रपति पुलिस मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

सीआईडी विंग में बतौर एएसआई तैनात रंजना के पति रविंद्र सिंह कंवर भी हिमाचल पुलिस में तैनात हैं। मूलरूप से शिमला जिले के रामपुर उपमंडल की रंजना का बचपन से ही सपना पुलिस सेवाओं में जाना था। रंजना पुलिस थाना शिमला सदर, छोटा शिमला सहित कई जगहों पर सेवाएं दे चुकी हैं। उन्होंने ऐसे कई पेचीदा मामले सुलझाए जिन्होंने हिमाचल पुलिस की साख को बढ़ाया। अंबोटा गांव की बहू को मिल रहे इस सम्मान से गांव में खुशी का माहौल है। गांव के प्रधान सरदार जगजीत सिंह, उपप्रधान रमन ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य शिवानी ठाकुर व जिप सदस्य रजनी ठाकुर ने कहा कि यह सम्मान बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

वशिष्ट पब्लिक स्कूल में बच्चों ने देश भक्ति के तराने गाए

अनंत ज्ञान, ऊना। वशिष्ट पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें किंडरगार्डन के बच्चों ने बहुत उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने तिरंगा फहराया और देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। स्कूल के कुछ बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम के महान नेताओं की भूमिका निभाई और उनके संघर्ष की कहानियां सुनाईं। इसके अलावा बच्चों ने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर देशभक्ति की रैली भी निकाली। इन कार्यक्रमों का मुख्य उददेश्य बच्चों में देशभक्ति और राष्ट्र-प्रेम की भावना को बढ़ाना है। अंजलि मैम ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के बारे में जानकारी दी और बताया कि इस दिन भारत देश को अंग्रेजों से आजादी मिली थी। स्कूल के सभी टीचर्स तिरंगे की पोशाक में नजर आए। शिक्षक भी इस आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल हुए और उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल जी ने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय त्योहारों को मनाने से बच्चों में देशभक्ति की भावना विकसित होती है।

भालू और उसके बच्चे की करंट लगने से मौत

अनंत ज्ञान, डलहौजी। कथलग गार्बेज डंपिंग साइट में एक मादा भालू एवं उसके बच्चे के हाई वोल्टेज करंट लगने से मौके पर ही मौत का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी अनुसार जब मादा भालू अपने बच्चों सहित गार्बेज डंपिंग साइट में खाने की तलाश में थी कि अचानक किसी खतरे को भांपते हुए वे मुख्य मार्ग के किनारे ट्रांसफार्मर पर जा चड़ी, तो वहीं दूसरी तरफ से उसका बच्चा भी ऊपर जा चढ़ा, माता भालू एवं बच्चा हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत का शिकार हो गए और अन्य ट्रांसफार्मर में हुए धमाके की आवाज से जंगल में भाग गए। वन विभाग द्वारा शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर दोनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

शिक्षा मंत्री ने किया कोहलड़ी स्कूल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

मुकेश कुमार, डलहौजी

भवन का लोकार्पण करते शिक्षा मंत्री।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर नराजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहलड़ी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। 78.31 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित विधालय भवन के लोकार्पण के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की चौतरफा तरक्की व संतुलित विकास के लिए कृत संकल्प है।

शिक्षा मंत्री ने स्थानीय निवासियों की मांग पर विद्यालय की चार दीवारी व खेल मैदान के लिए धन उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने विधालय में अगले वित्त वर्ष से वायोलाजी विषय शुरू करने तथा निर्माणाधीन सांइस ब्लाक भवन के लिए अतिरिक्त लगभग एक करोड़ रुपए उपलब्ध करवाने भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक नीरज नैयर ने भी अपने विचार रखे। इस से पूर्व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहलड़ी के प्रधानाचार्य महेंद्र पाल ने शिक्षा मंत्री का स्वागत किया।

सूडोकु 0028

सरल

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0027 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

देश की रक्षा में प्रदेश के जवानों ने प्राण किए हैं न्योछावर : रोहित

ओपी शर्मा, चंबा

मार्च पास्ट की सलामी लेते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व अन्य।

चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस जिला स्तरीय समारोह मे हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने 15 अगस्त को सर्वप्रथम प्रात: 11 बजे ध्वजारोहण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। इसके पश्चात अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री ने सभी क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। स्वतंत्रता आंदोलन और देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए हिमाचल प्रदेश के अनेक वीर जवानों ने भी अपने प्राण न्यौछावर किए हैं।

हिमाचल प्रदेश के विकास के विषय में बोलते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि विकास की दृष्टि से हिमाचल प्रदेश आज दूसरे पहाड़ी राज्यों के लिए विकास का एक आदर्श बन कर उभरा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने यह संकल्प लिया है कि प्रदेश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने तथा आने वाले 10 वर्षों में देश के सबसे अमीर राज्यों की सूची में शामिल हो। उन्होंने कहा कि अपने 18 माह के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने संतुलित विकास तथा गरीब कल्याण को विशेष महत्व दिया है तथा प्रदेश के पिछड़े व दुर्गम क्षेत्रों में विकास को नई गति प्रदान की है।

जिला चंबा के विकास पर चर्चा करते हुए रोहित ठाकुर ने कहा कि जिले के विकास को हिमाचल प्रदेश सरकार विशेष महत्व दे रही है तथा गत 18 माह के दौरान अनेक नए विकास करें शुरू किए गए हैं।

हाल ही में मिंजर मेले के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से जिला के 120 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास किए हैं। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल में मेडिकल कॉलेज चंबा के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 165 करोड रुपए की राशि जारी की है तथा आने वाले 1 वर्ष के भीतर यह संस्थान पूरी तरह तैयार हो जाएगा। समारोह में शिक्षा मंत्री ने परेड कमांडर तथा परेड का हिस्सा रही विभिन्न टुकड़ियों के प्लाटून कमांडर्स को सम्मानित किया।

शिक्षा में गुणात्मक सुधार प्रदेश सरकार की प्राथमिकता : शिक्षा मंत्री

अनंत ज्ञान, चंबा

शिक्षा में निरंतर गुणात्मक सुधार की दिशा में हिमाचल प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है तथा निकट भविष्य में इस के सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा के सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में उपस्थित जिला के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों, स्कूलों के प्रधानाचार्यों तथा मुख्याध्यापकों को संबोधित करते हुए दी।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में चालू वित्त वर्ष में शिक्षा पर लगभग 9000 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में जब प्रदेश में वर्तमान सरकार सत्ता में आई तो हिमाचल प्रदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में 15000 पद रिक्त थे उन्होंने बताया कि सरकार ने पहले वर्ष में ही 7000 पदों को भरने की स्वीकृति प्रदान की। रोहित ठाकुर ने जानकारी दी कि हाल ही में प्रदेश में टीजीटी के 1100 पद बैच वाइज आधार पर भरे गए हैं जिनमें से 236 पद जिला चंबा में भरे जा चुके हैं। इसके अलावा शीघ्र ही प्रदेश में जेबीटी के 1100 पद भरे जा रहे हैं तथा निकट भविष्य में जिला चंबा के प्राथमिक पाठशाला में भी प्राथमिकता के आधार पर जेबीटी अध्यापकों की नियुक्तियां की जाएंगी। शिक्षा मंत्री ने स्थानीय विधायक नीरज नैयर तथा क्षेत्र वासियों की मांग पर राजकीय महाविद्यालय चंबा में सोशियोलॉजी के पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स को अगले वित्त वर्ष में शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में अतिरिक्त भवन बनाने तथा महाविद्यालय की फर्नीचर से संबंधित मांग को भी शीघ्र पूरा करने का भी आश्वासन दिया।

इस से पूर्व उप निदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढ़क ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से जिला चंबा में विद्यालयों तथा विद्यार्थियों की संख्या तथा गत वर्षों के दौरान जिला के स्कूलों के परीक्षा परिणाम वारे विस्तृत जानकारी दी।

कलमाड़ी स्कूल में लगाया अवेयरनेस कैंप

चुवाड़ी/भटियात, बबलू पठानिया

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ राजकीय माध्यमिक पाठशाला कमलाड़ी में स्कूल के बच्चों के साथ आज संस्था जन चेतना सिमिति चंबा के सचिव और अध्यक्ष दोनों ने मिलकर बच्चों बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के ऊपर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया। वहीं सचिव जीत कुमारव संस्था के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है।

मेले हमारी संस्कृति की धरोहर है : ललित

अनंत ज्ञान, भरमौर

मेला आयोजन समिति के सदस्य संयुक्त चित्र में।

मेले हमारी संस्कृति की धरोहर है, इन्हें संजोए रखना प्रत्येक नागरिक प्रत्येक क्षेत्र वासी का नैतिक कर्तव्य है।

भरमौर प्रथम कैलाश दर्शन स्थली पंचायत खणी के प्रसिद्ध तीन दिवसीय पत्रोडू मेले के शुभारंभ अवसर पर बोलते हुए मेला कमेटी के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने बताया कि मेलों का आयोजन व शुरूआत इसलिए की थी कि समाज में एक दूसरे से मिलने का सौभाग्य और सुअवसर प्राप्त होता रहे। उन्होंने कहा कि कहीं हम आधुनिकता की चकाचौंध की दुनिया में अपनी संस्कृति को ही न भूल जाएं इसलिए आज की युवा पीढ़ी विशेषकर युवा लड़कों और लड़कों से विशेष आग्रह है कि अपनी पौराणिक व पारम्परिक भेष भूषा में मेले में आएं और आगामी वर्षों में विलुप्त हो रही हमारी संस्कृति को फिर से पुराने अस्तित्व में लाने का संकल्प करें।

OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL HAMIRPUR DISTRICT- HAMIRPUR (H.P.)
No./MCH/Tender/CW/Vol-XI/2024-25, 1054-1063 Dated: 13.8.2024

NOTICE INVITING E-TENDERS

Executive Officer, municipal Council, Hamirpur do hereby invites online bids on the website: https://hptenders.gov.in from the eligible contractors/firms for the works as mentioned below:

Sr. No.	Description	Tender Download start Date	Tender Download End Date	Tender Opening date
1.	Publication of E-Tender, Download Tender Document & Online Bid Submission 16 No. of Civil Works)	19.08.2024	30.08.2024 till 10.00 A.M.	31.08.2024 11.30 A.M.

General Instructions:-

1. Detailed Notice inviting Tender Documents & other related documents, terms and conditions can be downloaded from the website of Himachal Government https://hptender.gov.in or can be seen at any working day in the office of Municipal Council Hamirpur during working hours.

Executive Officer
Municipal Council
Hamirpur

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

17 अगस्त, 2024, शनिवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** द्वादशी : (8:07): **नक्षत्र :** पूर्वाषाढ़ा (11:49), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** प्रीति (10:47) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:51), **राहुकाल** (9:08 -10:46)।

विशेष दिन

» 17 अगस्त 2024 : शनि प्रदोष व्रत आज।

» 17 अगस्त 2024 : पवित्रा द्वादशी आज।

मेष: व्यापारिक नई योजनाओं का प्रारम्भ होगा। बड़े राजनीतिज्ञ लोगों से भेंट होगी। कलात्मक कार्य में रुचि बढ़ेगी। अधिक लोभ, लालच न करें अन्यथा बने काम हाथ से निकल सकते हैं।

वृषभ: विश्वास रखें और नकारात्मक सोच न रखे। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, सफलता अवश्य ही मिलेगी। जीवनसाथी की उन्नति सामाजिक सम्मान को बढ़ाएगी।

मिथुन: अपनी रुचि के अनुसार काम न होने से कर्मचारियों से नाराज रहेंगे। आज व्यापारिक मामलों में जवाबदेही बढ़ने वाली है। संतान पर विशेष ध्यान दें। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

कर्क: कार्यक्षेत्र में नए प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं। परिवार में अनुरूप स्थिति बनेगी। वाहन क्रय करने के योग बन रहे हैं। व्यापार विस्तार में आर्थिक सहयोग लेना पड़ेगा।

सिंह: अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। संभल जाएं। कार्यस्थल पर योग्यता के अनुरूप कार्य करें। संतान की चिंता, व्याकुलता बढ़ेगी। आज भागदौड़ अधिक रहेगी।

कन्या: आपके विरोधियों के कारण व्यापारिक बाधाएं आएंगी। परिश्रम की तुलना में सफलता कम मिलने से हताश होंगे। किसी के सहयोग से समस्या का समाधान होगा।

तुला: मेहनत से व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार में मांगलिक कार्यों की रुपरेखा बनेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्य विस्तार के लिए उचित मार्गदर्शन लेना होगा।

वृश्चिक: किसी विषय को जानने की जिज्ञासा बढ़ेगी। संत समागम होगा। दिखावे एवं आडंबरों से बचे। पारिवारिक उलझनों से राहत मिलेगी। कर्ज लेने से बचें।

धनु : नौकरी में पदोन्नति एवम् तबादले के योग हैं। परिवार में सहयोग का वातावरण बना रहेगा। लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करें परीक्षा में सफलता मिलेगी।

मकर: अपने परिजनों से सामान व्यवहार करें, अपनी बुद्धिमानी से कई व्यापारिक रुके कार्य पूर्ण होंगे। लंबे समय के बाद प्रिय व्यक्ति से भेंट होगी।

कुंभ: अपने राजनितिक संबंधों का आज लाभ मिलेगा। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण न होने से मन खिन्न रहेगा। पदोन्नति होने की संभावना है। सामाजिक कार्यों में खर्च होगा।

मीन: अपने बलबूते पर काम करें। दूसरों के भरोसे न रहें। कार्यस्थल पर व्यवहारकुशलता से अधिकारियों के संबंध मजबूत होंगे। अनायास धन प्राप्ति की संभावना बन रही है।

सबसे बड़ा गुरु-मंत्र है-कभी भी अपने राज किसी को मत बताना। यह आपको नष्ट कर देगा। -चाणक्य

संपादकीय

लोकतंत्र का पर्व

दो राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव के ऐलान के साथ ही यहां माहौल चुनावी हो गया है। सभी राजनीतिक दलों ने अपनी जीत के लिए अभी से कमर कस ली है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव होगा। जम्मू-कश्मीर से 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 हटाया गया था। तब से यहां राष्ट्रपति शासन था। सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर, 2024 तक यहां विधानसभा चुनाव कराने का आदेश दिया था। राज्य में करीब साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव इस बार कई मायनों में खास होंगे। 2014 में जब आखिरी बार यहां विधानसभा चुनाव हुए थे, तब से लेकर अब तक कई चीजें बदल गई हैं। सीटों की संख्या भी पहले से थोड़ी बढ़ गई हैं। पहले चुनी हुई सरकार ही सब कुछ होती थी, लेकिन अब ज्यादातर शक्तियां उपराज्यपाल के पास होंगी। 5 अगस्त 2019 के बाद से जम्मू-कश्मीर दो हिस्सों में बंट गया था। पहला- जम्मू-कश्मीर और दूसरा-लद्दाख। दोनों ही अब केंद्र शासित प्रदेश हैं।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा भी है, जबकि लद्दाख में ऐसा नहीं है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा भले ही है, लेकिन यहां अब सरकार पहले जैसी नहीं रहेगी। पुलिस, जमीन और पब्लिक ऑर्डर पर उपराज्यपाल का अधिकार होगा, जबकि, बाकी सभी मामलों पर चुनी हुई सरकार फैसला कर सकेगी। हालांकि, उपराज्यपाल की मंजूरी जरूरी होगी। हरियाणा में विधानसभा चुनाव तय समय से पहले हो रहे हैं। इस समय वहां भाजपा सरकार है, जिसका कार्यकाल 3 नवंबर, 2024 को खत्म होना था। दोनों राज्यों के चुनाव एक साथ करवाने के पीछे चुनाव आयोग का मकसद सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग रोकना तथा समय की बचत करना है। चुनाव आयोग को इसके बाद दो और राज्यों महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव करवाने हैं। महाराष्ट्र में इस समय बीजेपी-शिवसेना (शिंदे गुट) की सरकार है, जिसका कार्यकाल 8 नवंबर, 2024 को खत्म होना है तो वहीं, झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार है, जिसका कार्यकाल 4 जनवरी, 2025 को खत्म होना है।

हरियाणा में समय से पहले चुनाव की आहट के मद्देनजर हरियाणा सरकार पहले से ही पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गई थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जहां चुनाव को लेकर दिन-रात एक किए हुए हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर में भी इस विधानसभा का बेसब्री से इंतजार हो रहा था। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यह चुनाव वह खुद लड़ेंगे और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला चुनाव नहीं लड़ेंगे। जब राज्य का दर्जा मिल जाएगा तो वे पद छोड़ दूंगा और उस सीट पर उमर चुनाव लड़ेंगे। इस तरह के चुनावी समीकरण इस चुनाव में खास और रोचक होंगे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए ये विधानसभा चुनाव जरूरी थे। चुनाव लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। विधानसभा चुनाव में चुने गए प्रतिनिधि स्थानीय मुद्दों को समझते हैं और उनका समाधान करने में सक्षम होते हैं। चुने गए प्रतिनिधि विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने का प्रयास करते हैं। प्रतिनिधि शासन में पारदर्शिता लाने का प्रयास करते हैं और भ्रष्टाचार को कम करने की दिशा में काम करते हैं। इसके अलावा विधानसभा चुनाव से क्षेत्र में शांति और स्थिरता भी बनी रहती है। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों राज्यों में चुनाव शांतिपूर्वक निपट जाएंगे। हरियाणा के मुकाबले जम्मू-कश्मीर बहुत सेंसटिव है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी काफी सक्रिय हो गए हैं। ऐसे में जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए भारी फोर्स तैनात करनी होगी। हालांकि, चुनाव आयोग ने इसलिए ही वहां तीन चरणों में चुनाव रखे हैं। उम्मीद है सब ठीक-ठाक रहेगा। ■

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार

अमृतलाल नागर हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार थे। उन्होंने नाटक, रेडियोनाटक, रिपोर्ताज, निबंध, संस्मरण, अनुवाद, बाल साहित्य आदि के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्हें साहित्य जगत में उपन्यासकार के रूप में सर्वाधिक ख्याति प्राप्त हुई, तदापि उनका हास्य-व्यंग्य लेखन कम महत्वपूर्ण नहीं है। अमृतलाल नागर का जन्म सुसंस्कृत गुजराती परिवार में गोकुलपुरा, आगरा, उत्तर प्रदेश में उनके ननिहाल में हुआ था। उनके पितामह पंडित शिवराम नागर 1895 ई. से लखनऊ आकर बस गए। उनके पिता पंडित राजाराम नागर की मृत्यु के समय नागर जी कुल 19 वर्ष के थे। अमृतलाल नागर ने एक छोटी सी नौकरी के बाद कुछ समय तक मुक्त लेखन एवं हास्यरस के प्रसिद्ध पत्र 'चकल्लस' के संपादन का कार्य 1940 से 1947 ई. तक कोल्हापुर में किया। इसके बाद मुंबई एवं मद्रास के फिल्म क्षेत्र में लेखन का कार्य किया। यह हिंदी फिल्मों में डबिंग कार्य में अग्रणी थे। दिसंबर, 1953 से मई 1956 तक आकाशवाणी लखनऊ में ड्रामा, प्रोड्यूसर, उसके कुछ समय बाद स्वतंत्र लेखन का कार्य किया। आध्यात्मिकता पर गहरा विश्वास करते हुए भी वे समाजवादी हैं, किंतु जैसे उनकी आध्यात्मिकता किसी संप्रदाय कठघरे में बंदी नहीं है, वैसे ही उनका समाजवाद किसी राजनीतिक दल के पास बंधक नहीं है। ■

अमृतलाल नागर
जन्म : 17 अगस्त,1916
मृत्यु : 23 फरवरी,1990

अपनी बात

आजकल बड़े ही नहीं बल्कि बच्चे भी स्मार्टफोन के आदी हो चुके हैं। सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक एक्टिव हिस्सा बन गया है जिसे अब चाहते हुए भी हम इग्नोर नहीं कर सकते हैं। सोशल मीडिया की मदद से आप घर बैठे दुनियाभर के लोगों से कनेक्ट कर सकते हैं। बच्चे अपने दूर के रिश्तेदारों और दूर हो चुके दोस्तों से भी कनेक्ट कर सकते हैं। सोशल मीडिया की मदद से कई मुद्दों पर बच्चों की बेहतर विचारधारा विकसित होती है। नेटवर्किंग स्किल्स बढ़ाने के लिए बच्चे नई चीजें सीखते हैं और एक-दूसरे के आइडिया जानते हैं। बच्चे जो सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं, उनके कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छे होते हैं और इससे बच्चों को मोटिवेट होने में मदद मिलती है। बच्चों का मन बहुत नाजुक और चंचल होता है और सोशल मीडिया आसानी से उनकी सोच और व्यवहार को बदल सकता है। छोटी उम्र में बच्चे अच्छे और बुरे में फर्क नहीं कर पाते हैं। सोशल मीडिया से बच्चा कहां, कब और कैसे क्या जानकारी ले, आप उसे कंट्रोल ही नहीं कर सकते हैं। ऐसी स्थितियां बच्चों को अश्लील, हानिकारक या ग्राफिक वेबसाइटों तक पहुंचा सकती हैं, जो उनकी सोचने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं। -कुनाल (धलूं)

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।

स्वतंत्र भारत की ऐतिहासिक भूलें, जिस कारण हम अन्य से रहे पिछड़े

आज हमें स्वतंत्र हुए 77 वर्ष हो गए हैं। दुनिया में कई देश हमसे बाद में स्वतंत्र हुए, परंतु भारत से कहीं आगे निकल गए और हम कदमताल करते रहे। इसके पीछे क्या कारण रहे? यदि हम ईमानदारी से अवलोकन करें, तो ध्यान में आता है कि कई ऐसी ऐतिहासिक भूलें हुई हैं जिनका दूरगामी प्रभाव पड़ा और हम हर क्षेत्र में पिछड़ गए चाहे वह रक्षा क्षेत्र हो, औद्योगिक क्षेत्र या फिर विदेश नीति हो, हम हर क्षेत्र में असफल रहे। इनमें सबसे पहली और सबसे बड़ी भूल थी, गांधी जी द्वारा पटेल की जगह नेहरू को देश का प्रधानमंत्री नियुक्त करना। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात जब अंग्रेजों ने तय किया कि भारत को स्वतंत्रता दे दी जाएगी, तो 1946 में अंतरिम सरकार का गठन किया जाना था।

देश का अंतरिम प्रधानमंत्री कांग्रेस के अध्यक्ष को बनाया जाना था। परंपरा के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव प्रांतीय कांग्रेस कमेटियां करती थीं और 15 में से 12 प्रांतीय कांग्रेस कमेटियों ने सरदार पटेल का नाम प्रस्तावित किया था। बची हुई तीन कमेटियों ने आचार्य जेबी कृपलानी और पट्टाभी सीतारमैया का नाम प्रस्तावित किया था। किसी प्रांतीय कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष पद के लिए नेहरू का नाम प्रस्तावित नहीं किया था, जबकि सारी कमेटियां अच्छी तरह जानती थी कि गांधी नेहरू को अध्यक्ष बनाना चाहते हैं। गांधी जी ने दबाव डाल कर पटेल को अपना नाम वापस लेने के लिए मजबूर कर दिया। कांग्रेस में तो किसी में हिम्मत नहीं थी कि वह बापू से पूछे कि सरदार पटेल जैसे योग्य नेता को छोड़कर आपने नेहरू को क्यों चुना? नेहरू जी अंग्रेजों के विश्वासपात्र थे, जबकि पटेल कट्टर राष्ट्रवादी थे। वे भारत से गुलामी के चिन्हों को मिटाकर भारतीय संस्कृति की पुनर्स्थापना के समर्थक थे। इसी लिए स्वतंत्रता के बाद गृह मंत्री के रूप में सबसे पहले उन्होंने सोमनाथ मंदिर के उद्धार का फैसला किया यद्यपि और नेहरू ने इसका विरोध किया था। यदि पटेल प्रधानमंत्री बनते तो अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे मुद्दे पैदा ही नहीं होते। दूसरी सबसे बड़ी भूल हुई थी, जब धर्म के आधार पर देश के विभाजन के बाद भी मुसलमानों को पाकिस्तान जाने से रोका गया।

जब विभाजन स्वीकार हो कर लिया गया तो जनसंख्या के आधार पर भूमि का बंटवारा होना चाहिए था, परंतु यहां भी गांधी जी का हठ देश को भारी पड़ा। विभाजन के बाद भारत को कुल जनसंख्या का 82.55 प्रतिशत मिला, जबकि भूमि केवल 77.10 प्रतिशत मिली। इसके विपरीत पाकिस्तान को जनसंख्या का मात्र 17.44 प्रतिशत और भूमि का 22.89 प्रतिशत मिला। ये आंकड़े तो विभाजन से पहले के हैं। विभाजन के बाद मुस्लिम आबादी को पाकिस्तान जाना था और वहां से हिंदुओं को भारत आना था, किंतु गांधी जी ने भारत के मुसलमानों को पाकिस्तान जाने से रोक दिया। इसके विपरीत पाकिस्तान से भारी मात्र में हिंदू पलायन करके आए। जो किसी कारण उस समय नहीं आ पाए, तो उन्हें प्रताड़ित किया गया और कत्लेआम किया गया। इस कारण पाकिस्तान से हिंदुओं का पलायन करके भारत आने का क्रम शुरू हो गया जो आज तक जारी है। इसीलिए सरकार को नागरिकता कानून में बार-बार संशोधन करना पड़ रहा है। आज बांग्लादेश में भी हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं।

लेखक : हरिराम धीमान
फ्रेंड्स कॉलोनी, नालागढ़

यदि 1947 में जनसंख्या का आदान प्रदान हो जाता, तो आज हिंदुओं को इन समस्याओं से नहीं जूझना पड़ता। इसके अतिरिक्त विभाजन के बाद जिस प्रकार पाकिस्तान मुस्लिम राष्ट्र बना, उसी तरह भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कर दिया जाना चाहिए था, किंतु कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति के चलते ऐसा नहीं हुआ और अब देश जिस परिणाम भुगत रहा है। तीसरी सबसे बड़ी भूल थी अर्थव्यवस्था में रूसी मॉडल को अपनाना। तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू रूस से प्रभावित थे। 1917 में रूस में क्रांति के बाद साम्यवादी पार्टी की तानाशाही थी तथा हर चीज का राष्ट्रीयकरण था, इसलिए सभी उद्योग सरकारी क्षेत्र में स्थापित किए जाना स्वाभाविक था। एक पार्टी का तानाशाही शासन चल रहा था, इसलिए वहां तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार या सरकार के विरोध का कोई स्थान ही नहीं था इसलिए सरकार विकास पर ध्यान दे रही थी। इसके विपरीत भारत ने लोकतांत्रिक प्रणाली को अपनाया था। चाहे रक्षा क्षेत्र हो या अन्य क्षेत्र, सरकारी कामों में जम कर भ्रष्टाचार हुआ। जब 1948 में पाकिस्तान ने कश्मीर पर हमला किया तो सेनाओं को ले जाने के नेहरू के खासमखास कृष्णा मेनन की चहेती ब्रिटेन की कंपनी से 2 हजार पुरानी जीपें खरीदी गईं, जबकि उसी दर पर अमेरिका और कनाडा नई जीपे देने को तैयार थे। यहां से जो घोटाले शुरू हुए, बोफोर्स तोप तक जारी रहे।

रक्षा उपकरणों का देश में उत्पादन करने की बजाय आयात पर निर्भर रहे, ताकि कमीशन मिलता रहे। यह तो एक उदाहरण मात्र है। न जाने कितने असंख्य घोटाले किए गए, जिसके कारण देश की अर्थव्यवस्था को अंदर से दीमक की तरह खोखला कर दिया। सरकार भारी उद्योग लगाने की बजाए यदि आधारभूत ढांचे को विकसित करने और सैन्य शक्ति को मजबूत करने में निवेश करती और उद्योग लगाने का कार्य निजी क्षेत्र को सौंप देती, तो आज देश चीन और जापान से भी कहीं आगे होता। चौथी भूल भारत का चीन पर आवश्यकता से अधिक विश्वास करना रहा। भारत 1947 में स्वतंत्र हुआ और चीन में 1949 में साम्यवादी क्रांति के बाद नई सरकार का गठन हुआ। उन दिनों दुनिया दो गुटों में बंट चुकी थी, एक गुट सोवियत संघ और दूसरा गुट अमेरिका का था जिसे नाटो भी कहते हैं।

चीन ने शुरू से ही किसी गुट में शामिल न होकर चुपचाप अपनी अलग विस्तारवादी नीति पर कार्य करना शुरू कर दिया और नजरें अपने पड़ोसियों पर थी। उसने भारत से नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दी और नेहरू उसकी चाल में फंस गए और उन्हें लगने लगा कि चीन भारत का सच्चा हितैषी है। इसलिए जब अमेरिका द्वारा भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट का प्रस्ताव दिया गया, तो पंडित नेहरू ने इसे ठुकरा दिया और कहा कि इस पर पहला हक हमारे बड़े भाई चीन का है, परंतु चीन ने धीरे धीरे अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया और पहले तिब्बत को हड़प लिया और 1959 में दलाई लामा को भाग कर भारत में शरण लेनी पड़ी। इसके बाद चीन ने भारत की पीठ में छुरा घोंप कर 1962 में भारत पर आक्रमण कर दिया और भारत को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। 1971 में अमेरिका ने जब कम्युनिष्ट चीन को मान्यता दी, तो उसे सुरक्षा परिषद में ताइवान की जगह स्थायी सीट मिल गई। उसके बाद चीन ने हर अवसर पर भारत के विरुद्ध अपने वीटो अधिकार का प्रयोग किया। यदि शुरू में ही भारत अमेरिका के प्रस्ताव को स्वीकार कर लेता तो आज स्थितियां भिन्न होती।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

देश की आजादी में वीर सेनानियों का अहम योगदान

15 अगस्त 1947 को हमारे इस मातृभूमि का पहला स्वतंत्रता दिवस था। आज जिस भूमि को हम अपना आजाद वतन मानते हैं, उसे आजाद हुए 78 वर्ष हो चुके हैं। सोने की चिड़िया से ब्रिटिश कॉलोनी बनने से लेकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक बनने का भारत देश का लंबा सफर सराहनीय और विख्यात है। आज हम इस आजादी की हवा में सांस ले पा रहे हैं, क्योंकि हमारे पूर्वजों ने हमें यह आजादी दिलाने के लिए 200 वर्ष तक संघर्ष किया। इसलिए आजादी का यह जश्न पूरे देश में देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

आज के दिन विद्यार्थियों में विशेष उत्सुकता देखी जाती है। देश भर के स्कूलों में इस अवसर को उत्साह के साथ मनाते हैं। देश के बच्चे और युवा ही इसका भविष्य है। इनमें देशभक्ति की भावना जगाने के लिए निबंध लेखन, स्पीच कंपटीशन्स, नाटक, पेट्रियोटिक गीत और नृत्य के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिनमें बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। स्वतंत्रता सेनानी वे लोग थे, जिन्होंने अपने देश की स्वतंत्रता के लिए निस्वार्थ भाव से अपने प्राणों की आहुति दे दी। हर देश में स्वतंत्रता सेनानियों की संख्या उचित है। लोग उन्हें देशभक्ति और अपने देश के प्रति प्रेम के संदर्भ में देखते हैं। उन्हें देशभक्त लोगों का प्रतीक माना जाता है।

लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

स्वतंत्रता सेनानियों ने ऐसे बलिदान दिए जो कोई अपने प्रियजनों के लिए तो दूर, देश के लिए भी नहीं सोच सकता। उन्होंने जो दर्द, कष्ट और विपरीत परिस्थितियां झेली हैं, उन्हें शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उनके बाद की पीढ़ियां उनके निस्वार्थ बलिदान और कड़ी मेहनत के लिए हमेशा उनकी ऋणी रहेंगी। स्वतंत्रता सेनानियों के महत्व पर जितना जोर दिया जाए कम है। आखिरकार, वे ही हैं जिनकी वजह से हम स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। चाहे उन्होंने कितनी भी छोटी भूमिका निभाई हो, वे आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने उस समय थे।

इसके अलावा, उन्होंने देश और उसके लोगों के लिए खड़े होने के लिए उपनिवेशवादियों के खिलाफ विद्रोह किया। इसके अलावा, अधिकांश स्वतंत्रता सेनानी अपने लोगों की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए युद्ध में भी गए। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनके पास कोई प्रशिक्षण नहीं था, उन्होंने अपने देश को स्वतंत्र बनाने के शुद्ध इरादे से ऐसा किया। अधिकांश स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्रता के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि स्वतंत्रता सेनानियों ने दूसरों को अन्याय से लड़ने के लिए प्रेरित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

कविता

आंतरिक गुलाम

डॉ. राजीव डोगरा, गांव जनयानकड़

आजाद हुए हम गौरो से
मगर अभी नहीं हुए औरों से।
जीत चुके हैं हम औरों से
मगर हारे हुए हैं
अभी अपने विचारों से।
छोटे को बड़ा ,बड़े को छोटा
समझना अभी छोड़ा नहीं।
जाति-पाती के कठोर नियमों से
मुख भी अभी मोड नहीं।
क्षितिज से आर जीवन से पार
अभी कुछ देखा नहीं ।
धर्म कर्म के नाम पर शोषण
अभी तक छोड़ा नहीं।
जीवन के तराजू पर
कभी खुद को तोला नहीं।
महोबत के नाम पर जिस्म का शोषण
अभी तक छोड़ा नहीं।

भारत तो आजाद हो गया, पर आधी आबादी अभी भी असुरक्षित

15 अगस्त को संपूर्ण भारतवर्ष में स्वतंत्रता की 77वीं वर्षगांठ बहुत धूमधाम से मनाई गई, इस स्वतंत्रता के लिए अनगिनत आजादी के दीवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिए, लेकिन बावजूद इसके प्रतीत होता है कि भारत की आधी आबादी यानी महिलाएं स्वतंत्रता के 78 वर्ष पश्चात आज के आजाद भारत में भी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर पातीं। 15 अगस्त 1947 को जब भारत आजाद हुआ, उसी दिन भारत के विभाजन के फैसले को भी स्वीकृति मिली थी। विभाजन के फलस्वरूप हुई हिंसा में दंगाइयों ने लाखों महिलाओं के साथ बलात्कार के बाद उनकी निर्मम हत्या कर दी थी और आजादी के इतने वर्षों बाद भी आंकड़े दिल-दहला देते हैं, हम राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों की मानें तो देश में हर घंटे में 3-4 बलात्कार और औसतन 87 बलात्कार के मामले प्रतिदिन दर्ज किए जाते हैं। ऐसा लगता है कि 2012 में हुए निर्भया केस से हमने कोई सबक नहीं लिया। महिलाओं को सुरक्षा देने के वायदे को लगभग हर पार्टी चुनावों में हवा देती है, लेकिन यह हम सब जानते हैं कि एक बार सत्ता हासिल कर लेने के बाद कैसे राजनीतिक पार्टियां अपने किए गए वायदों को 5 साल के लिए ठंडे बस्ते में डाल देती हैं। हाल ही में 8-9 अगस्त की रात को भारत के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थानों में से एक, आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कोलकाता में हुई घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है।

एक ऐसा स्थान, जहां लोगों की जान बचाने के लिए दिन-रात काम किया जाता है, उसी अस्पताल के भीतर उसी अस्पताल की डॉक्टर के साथ ऐसा भयावह अमानवीय कुकृत्य होना अत्यंत निंदनीय है। डॉक्टर दीदी के साथ हुई यह घटना न केवल हमारी चिकित्सा व्यवस्था, बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा पर भी गहरा धक्का है। आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल कोलकाता में डॉक्टर दीदी के साथ जो दरिंदगी हुई, उसे सुनकर हर किसी का हृदय दर्द से सिहर उठता है। किताबों में पढ़ा था कि बहुत पहले इंसान जानवर हुआ करता था, ऐसी अमानवीय घटनाएं देखकर महसूस होता है कि इंसान आज भी जानवर ही है। पुलिस की शुरुआती छानबीन के अनुसार 8-9 अगस्त की रात 36 घंटे की लगातार ड्यूटी पर तैनात द्वितीय वर्ष पीजी रेजिडेंट डॉक्टर दीदी रात 2 बजे अपने सह डॉक्टरों के साथ हॉस्पिटल की कैंटीन में रात का खाना खाती हैं और इसके बाद हॉस्पिटल की तीसरी मंजिल पर स्थित सेमिनार हाल में कुछ समय के लिए आराम करने जाती है, कुछ ही देर में हवस का दरिंदा शराब के नशे में धुत उस सेमिनार हाल में घुसता है और इस वीभत्स घटना को अंजाम देता है। आरोपी पुलिस का ही खबरी है और अक्सर अस्पताल की बाहर वाली चौकी में काम करता है। मौका वारदात पर उसका नेकबैंड ब्लूटूथ मिला जिसकी पुष्टि पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के हवाले से की। परिजनों की मानें तो उन्हें घटना की सही जानकारी कॉलेज प्रशासन के द्वारा नहीं दी गई। उन्हें 'आपकी बेटी बीमार है' इस बात का हवाला देकर कॉलेज बुलाया गया, फिर 3 घंटे तक उन्हें उनकी बेटी से मिलने नहीं दिया गया।

लेखक : मनीष कुमार
जयसिंहपुर, कांगड़ा

3 घंटे बाद कॉलेज प्रिंसिपल 'संदीप घोष' द्वारा परिजनों को यह बताया गया कि उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है, जबकि सचाई बिलकुल विपरीत थी। कॉलेज प्रिंसिपल की संदेहास्पद भूमिका नजरअंदाज नहीं की जा सकती। इससे पहले भी उन पर काफी आरोप लग चुके हैं और 2 बार उनका तबादला हो चुका है, लेकिन राजनीतिक पहुंच के चलते वो हर बार इसी कॉलेज में वापस आ जाते हैं। इस बार भी इस्तीफे के तुरंत बाद उन्हें पास के ही अन्य मेडिकल कॉलेज में नियुक्ति मिल गई थी, बाद में पश्चिम बंगाल हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद उन्हें छुट्टी पर भेजा गया। सीएम ममता बैनर्जी ने पुलिस को रविवार तक आरोपी को पकड़कर मामला हल करने की हिदायत दी थी, अन्यथा उन्होंने यह केस सीबीआई को सौंपने का ऐलान किया था, किंतु हाईकोर्ट ने इससे पहले ही मामला कोलकाता पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंप दिया है। अब सीबीआई की 25 लोगों की टीम मामले की जांच कर रही है। पोस्टमोर्टम रिपोर्ट के हवाले से डॉ सवर्ण गोस्वामी रेप की बजाए गैंगरेप की आशंका जताते हैं, ऐसा वह इसलिए कहते हैं, क्योंकि एक स्वस्थ व्यक्ति औसतन एक बार में लगभग 2 से 5 ग्राम सीमन एजकुलेट करता है, जबकि पीएम रिपोर्ट के अनुसार पीड़िता के प्राइवेट पार्ट से कई गुना अधिक सीमन बरामद हुआ है और एक इंसान द्वारा इतना सीमन एजकुलेट करना असंभव है।

हड़ताल कर रहे डॉक्टर पहले से ही एक से ज्यादा लोगों के शामिल होने की संभावना जता रहे हैं। हालांकि इस बात की पुष्टि डीएनए रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी(आलेख लिखने तक डीएनए रिपोर्ट नहीं आई है)। आरजी कर मेडिकल कॉलेज की इस छात्रा को इंसाफ मिले, इसके लिए देश के लगभग हर मेडिकल कॉलेज में पीजी कर रहे डॉक्टर छात्र धरने पर हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन 17 अगस्त को देशभर के सभी सार्वजनिक और निजी अस्पतालों में 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। डॉक्टर मेडिकल कॉलेज में काम करने के घंटों को लेकर आक्रोश प्रकट कर रहे हैं और डॉक्टरों को हिंसा से बचाने, अस्पतालों को सुरक्षित क्षेत्र घोषित करने,अपराधियों की जांच करने और दंडित करने और उनके परिवार को 'सम्मानजनक मुआवजा' देने के लिए एक केंद्रीय अधिनियम की मांग कर रहे हैं, उनकी सब मांगे जाइज हैं और उनका गुस्सा भी स्वभाविक है। एमबीबीएस डॉ रक्षिता सिंह कहती हैं कि कई बार तो मरीज के गुस्साए तीमारदार भी डॉक्टरों पर हमला कर देते हैं और उन्हें दूसरे वार्ड में तैनात पुरुष सह डॉक्टरों से मदद मांगनी पड़ती है। इन सब अति संवेदनशील घटनाओं को देखते हुए हर राज्य सरकारों को डॉक्टरों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने चाहिए और इस संदर्भ में प्राथमिकता से कानून बनाने चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं सिरमौर के शहीद कल्याण सिंह

जैसे कि सभी को विदित है कि हिमाचल प्रदेश को वीरभूमि कहा जाता है, जो प्रदेश भौगोलिक रूप से देश में बहुत छोटा प्रदेश माना जाता है। परंतु अगर हम वीरभूमि हिमाचल प्रदेश की वीर गाथा और इतिहास को जानने का प्रयास करेंगे, तो यकीनन हर हिमाचल वासी अपने आप को सौभाग्यशाली और गौरवान्वित महसूस करता है कि जब-जब भी हमारे भारत देश में कोई भी संकट मंडराया और दुश्मन देशों ने किसी भी तरह की साजिश रची तब-तब हिमाचल प्रदेश के अनेक रणबांकुरों अर्थात वीर सैनिकों ने भी दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है, यह वही हिमाचल प्रदेश है।

जिस प्रदेश के मेजर सोमनाथ शर्मा को प्रथम परमवीर चक्र प्राप्त हुआ था, जिन्होंने 1947 में शहादत पाई, जिनकी आयु महज चौबीस वर्ष की थी। इसी परिप्रेक्ष्य में हम आज आप सभी के समक्ष 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के गांव (हल्लाहा) के शहीद कल्याण सिंह जिन्होंने भारत माता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, जानकारी अनुसार शहीद कल्याण सिंह को बचपन से ही भारतीय सेना में जाने का जुनून रहा, शहीद कल्याण सिंह का जन्म वर्ष 1977 में गांव हल्लाहा पिता भूप सिंह माता सोदला देवी के घर हुआ, तो वहीं उन्होंने अपने स्थानीय विद्यालय हल्लाहा से हाई स्कूल की शिक्षा प्राप्त की और वर्ष 1997 में भारतीय सेना में भर्ती हुए,जिनका विवाह वर्ष 1996 को पत्नी शीला देवी के साथ हुआ, शहीद कल्याण सिंह भारतीय सेना की 13वीं जैक राइफल बटालियन में तैनात थे।

लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

31 जुलाई 1999 में देश के दुश्मनों से लोहा लेते हुए कारगिल में वीरगति को प्राप्त हुए। उनके परिवार में उनकी धर्मपत्नी शीला देवी और एक बेटी है। विदित रहे कि सिरमौर से कारगिल युद्ध में दो जवान शहीद हुए थे, जिसमें से गिरिपार के एकलौते शहीद कल्याण सिंह थे, तो वहीं पांवटा साहिब के गिरि नगर से शहीद कुलविंदर सिंह थे। गौर हो कि शहीद कल्याण सिंह वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान मुशको घाटी के दराज सेक्टर में शहीद हुए थे। गिरिपार से शहीद कल्याण सिंह के दशकों बाद गांव बादली के शहीद श्याम सिंह ने भी देश के लिए शहादत पाई, तो वहीं एक वर्ष पूर्व शिलाई गांव के शहीद प्रमोद नेगी भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे, इस प्रकार अभी तक गिरिपार के इन तीन वीर सैनिकों ने देशहित में अपना सर्वस्व न्योछावर किया है।

जिस शिलाई विधानसभा एवं गिरिपार के हरेक दूसरे घर से कोई न कोई भारतीय सेना में कार्यरत हैं और वही भारतीय सेना में जाने के लिए हमेशा उत्साहित रहता है। इस प्रकार इन वीर शहीदों से प्रेरणा लेकर गिरिपार के युवाओं को एक नई ऊर्जा और देशसेवा का जुनून हमेशा देखने एवं सुनने को मिलता रहता है। कारगिल युद्ध में वीरभूमि हिमाचल प्रदेश के 52 शूरवीरों ने देश के लिए बलिदान दिया, जिसमें से जिला सिरमौर के गिरिपार के इकलौते जवान शहीद कल्याण सिंह ने भी अनेक दुश्मन को मारकर अंत में वीरगति को प्राप्त हुए थे। शहीद कल्याण सिंह के नाम से वर्तमान में हर वर्ष जिला स्तरीय तीन दिवसीय मेले का भी आयोजन किया जाता है, तो वहीं शहीद कल्याण सिंह की जन्मभूमि एवं जहां से शिक्षा प्राप्त हुई हल्लाहा उस स्कूल का नाम भी शहीद कल्याण सिंह रखा गया है, तो वहीं शिलाई में उनके परिजनों को गैस एजेंसी प्राप्त हुई, जो शुरुआत से ही शहीद कल्याण गैस एजेंसी के नाम से जानी जाती हैं।

इस प्रकार आज के उन तमाम नासमझ युवाओं को जो अपनी जवानी को नशे में चूर होकर दिन-प्रतिदिन अपने अनमोल जीवन को बर्बाद करने में तुले हुए हैं, उन्हें इस बात का अहसास होना चाहिए कि हमारे देश कि अखंडता और देश-भर की सीमाओं को सुरक्षित करने और समय-समय पर युद्ध जैसी स्थितियों से निपटने के लिए हमारे क्षेत्र समाज और देश के वीर सपूतों ने अपनी जान तक की परवाह किए बिना भारत माता की सदैव रक्षा की है, तो वहीं आज के युवाओं का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि वह भी देश के लिए अपने-अपने स्तर पर अपनी अहम भूमिका निभाने का प्रयास करें। शहीद कल्याण सिंह जैसे वीर सपूतों की वीर गाथाओं से हमें आज के बच्चों एवं युवाओं को प्रेरित करने की परम् आवश्यकता है, जब-जब भी हर वर्ष 15 अगस्त और 26 जनवरी इत्यादि को जब हम अपने शहीद बहादुर सैनिकों को याद करते हैं तो हर भारतवासी मानों गमगीन होता है और जिन बहादुर सैनिकों ने इतिहास में सुनहरे अक्षरों में अपना नाम रोशन किया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

पंडोह में हर पंचायत में फहराया तिरंगा

अनंत ज्ञान, पंडोह। पंडोह में 78वां स्वतंत्रता दिवस पर हर पंचायत कार्यालय के साथ साथ हर घर गर्मजोशी के साथ तिरंगा फहराया गया। आईइएसएल बदार वैली भूतपूर्व सैनिक संगठन ने अपने बैनर तले पंडोह के एक निजी होटल में राष्ट्रीय पर्व का आयोजन धूमधाम से किया गया। संगठन सचिव आनरेरी सूबेदार मेजर प्रकाश चंद ने बताया कि हमारे संगठन के चेयरमैन सूबेदार मेजर हेमचंद द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। पंडोह पंचायत प्रधान गीता ने पंचायत भवन में तिरंगा फहराया।

पनारसा महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस की धूम

अनंत ज्ञान, मंडी। राजकीय महाविद्यालय पनारसा में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक आचार्य डिंपल जामटा द्वारा झंडा फहराकर किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर रतन नेगी और निशा शर्मा भी शामिल रहे। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम की शुरुआत कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण लाल एवं डिंपल जामटा द्वारा पेड़ लगाकर किया गया।

डीएवी सीपीएस मंडी में मनाया स्वतंत्रता दिवस

अनंत ज्ञान, मंडी। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि का आगमन पर स्वागत के उपरांत वेद मित्र शास्त्री के सान्निध्य में प्रधानाचार्य सहित अध्यापकों और विद्यार्थियों ने दैनिक यज्ञ किया गया।

20 से 8 सितंबर तक होगी मतदाता सूची दुरुस्त

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर विधानसभा सभा निर्वाचन क्षेत्र में आगामी 20 अगस्त से 8 सितंबर तक घर-घर जाकर मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाने तथा अद्यतन बनाए रखने के दृष्टिगत कार्य किया जाएगा। इसी अभियान के सफल संचालन को लेकर शुक्रवार को मिनी सचिवालय स्थित सभागार कक्ष में बूथ लेवल अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस बात की पुष्टि करते हुए निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने बताया कि जोगिंद्रनगर विधानसभा सभा निर्वाचन क्षेत्र में आगामी 20 अगस्त से 8 सितंबर तक बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। वहीं चुनाव सहायक मोहन सिंह ने उपस्थित बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी मुहैया करवाई।

धर्मपुर कॉलेज में दी रैगिंग की जानकारी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर मंडी में 'एंटी रैगिंग वीक' के अंतर्गत छात्रों से संबंधित जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो. शीतल द्वारा किया गया। वरिष्ठ प्रो. रमेश चंद द्वारा एटी रैगिंग कार्यक्रम में एंटी रेगिंग विषय पर छात्रों को जानकारी दी गई और ऐटी रेगिंग से संबंधित अनेक घटनाओं को बताया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश चंद धलारिया ने छात्रों को ऐटी रेगिंग के बारे में बताया वह अपने समय में महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों से भी छात्रों को अवगत करवाया।

साईगलू में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान, कोटली। विद्युत उपमंडल साईगलू के सहायक अभियंता इंजीनियर हुकुमचंद द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार शनिवार को बीर फीडर में पुरानी बिजली की तारों को बदलने और नए बिजली के पोल लगाने का कार्य किया जा रहा है। इस वहीं साईगलू विद्युत उपमंडल के अंतर्गत बीर अनुभाग के गांव बीर, लाग, कथवारी, बरयारा, धार, कठयांना, सदोह, नलहोग, डोलरा बल्ह, जमाना, क्लोथर, खडकल्याना, खपरेहरा, भलेड, तरनोह, घेरू, नेरन, थांबा, रोपड़ी तथा आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रातः 10 से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी उन्होंने यह भी बताया कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

फेरीवालों को गांव में आने पर पाबंदी : प्रधान अंजना

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत मसौली में वीरवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया व साथ ही 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया और तिरंगा झंडा भी फहराया गया। जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत मसौली की प्रधान अंजना शर्मा ने बताया कि पंचायत में आज ग्राम सभा का आयोजन भी किया गया जिसका कोरम पूरा किया गया जिसके लिए सभी गांवों वासियों का धन्यवाद किया। प्रधान अंजना शर्मा ने बताया कि दो महीनों में चोरी के मामले सामने आ रहे हैं ये एक चिंता का विषय है जिसके लिए हमें कठोर कदम उठाने पड़ेंगे व साथ ही पंचायत ने यह निर्णय लिया कि जो भी बाहरी राज्यों से व्यापारी फेरी वाले आते हैं उन्हें पूर्ण रूप से ग्राम पंचायत मसौली में प्रतिबंध रहेगा।

संत निरंकारी मिशन के अनुयायियों ने मनाया मुक्ति पर्व

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। बलद्वाड़ा में तहसील स्तर का निरंकारी मुक्ति पर्व संत समागम का आयोजन किया गया। समागम की अध्यक्षता मिशन के ज्ञान प्रचारक प्रेम सिंह धीमान ने की। प्रेम सिंह धीमान ने निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित मुक्ति पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि हिंदुस्तान ने 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। समागम में सरकाघाट क्षेत्र के संयोजक क्रिशन दास, मुखी लाल सिंह, गरीब दास, डॉ. प्रवीण आचार्य, विधि चंद शर्मा, हेम राज, संत राम, भागीरथ शामिल रहे।

मांडव्य कला मंच ने निकाली तिरंगा यात्रा

अनंत ज्ञान, मंडी। कांगड़ा के शहीद भुवनेश्वर डोगरा स्टेडियम देहरा में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मांडव्य कला मंच के कलाकारों ने मंडी जनपद का प्रधान लोक नृत्य लुडी प्रस्तुत कर बहुरंगी छटा बिखेरी। मंच के संस्थापक कुलदीप गुलेरिया ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मांडव्य कला मंच के कलाकारों ने देहरा बाजार में तिरंगा यात्रा निकालकर देश भक्ति नारे और गीतों का गुणगान कर देश हित में अपनी भागीदारीं सुनिश्चित की।

बच्चों को राष्ट्रभक्त के साथ बनाएं ईमानदार नागरिक

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सर्वोदय जन कल्याण समिति चोलथरा, शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चोलथरा व ग्राम पंचायत चोलथरा के संयुक्त तत्वावधान में चोलथरा के खेल मैदान में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रशासनिक अधिकारी ओशिन शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ के साथ हुई। उसके बाद शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया की प्रतिमा के ऊपर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कमलेश ठाकुर ने की।

हर साल सरकार को 100 करोड़ का घाटा : नेगी

दशमी रावत, रोहडू। एसडीएम सभागार में उपमंडलाधिकारी रोहडू विजय वर्धन सारस्वत की अध्यक्षता में हिम्फेड की बैठक हुई। हिम्फेड के प्रबंध निदेशक ज्ञान सागर नेगी ने बैठक को संबोधित किया। बैठक में संयुक्त किसान मंच के सदस्य, पंचायत प्रधान, हिमफैड के आऊट सोर्स कर्मचारी व बागबान मौजूद रहे। बैठक में ज्ञान सागर नेगी ने बताया कि सरकार को हर साल मंडी मध्यस्थता योजना के तहत 100 करोड़ रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है। यह घाटा कम हो सकता है यदि बागवान सरकार को शर्तों पर सेब दें। सेब बाहुल क्षेत्रों में जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। क्षतिग्रस्त फलों का प्रापण मंडी मध्यस्थता योजना के अंतर्गत नहीं किया जाएगा। सरकार ने निर्णय किया है कि मंडी मध्यस्थता योजना 2024 के अंर्तगत सेब का प्रापण 35 किलोग्राम जूट की बोरियों में या प्लास्टिक क्रेट्स में वास्तविक भार के हिसाब जिसमें 2.5 फीसदी अतिरिक्त फल उत्सर्जन के एवज में लिया जाएगा।

बलिदानों के बाद मिली है आजादी : धर्माणी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में आज यहां जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि ने सेरी मंच पर ध्वजारोहण किया और परेड कमांडर उप निरीक्षक मनोज के नेतृत्व में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड तथा स्कूली बच्चों के भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली।

इससे पूर्व उन्होंने इंदिरा मार्केट परिसर में स्थापित शहीद स्मारक में पुष्प चक्र अर्पित किया तथा सेरी मंच के समीप राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अपने संदेश में राजेश धर्माणी ने कहा कि कई वर्षों के लंबे संघर्ष और अनगिनत बलिदानों के फलस्वरूप हमें आजादी प्राप्त हुई है।

उन्होंने कहा कि मंडी-सुंदरनगर के मध्य आवासीय व व्यावसायिक परिसर विकसित होंगे। समर्थन मूल्य के उपरांत दूध प्रापण दोगुना हुआ। हिम केयर योजना के तहत जिला में 16 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। जिला की बेटियों को 2.15 करोड़ रुपए का शगुन दिया गया है।

ध्वजारोहण करने के उपरांत सलामी लेते हुए मंत्री।

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते हुए।

जिले में यहां फहराया तिरंगा

सीनियर सिविल जज सरकाघाट निखिल अग्रवाल द्वारा न्यायिक परिसर सरकाघाट के प्रांगण में तिरंगा फहराया गया। वहीं जिला एवं सत्र न्यायधीश राजेश तोमर ने राष्ट्र ध्वज फहराकर गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कार्यवाहक उपमंडल अधिकारी एवं तहसीलदार पधर डॉ. भावना वर्मा को सम्मानित किया।

राजेश धर्माणी ने कहा कि जिला में मुख्यमंत्री कृषि संवर्धन योजना के तहत 5 करोड़ 70 लाख रुपए अनुदान के रूप में प्रदान कर 28 हजार किसानों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर सदर मंडी के विधायक अनिल शर्मा, पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, महापौर विरेंद्र भट्ट व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

इनको किया सम्मानित

मंत्री ने आपदा में लापता लोगों की खोज में इंस्पेक्टर नीरज भारती के अगुवाई में कार्य करने वाले एनडीआरएफ के 36 सदस्यीय दल, सहायक पुलिस निरीक्षक अमरनाथ के नेतृत्व में कार्य करने वाले एसडीआरएफ के 12 सदस्यीय दल, राष्ट्रीय सेवा योजना के 15 स्वयंसेवियों, पुलिस जवान जय सिंह, संजय कुमार, बलदेव सिंह, सुनील कुमार, गुलजार मोहम्मद, स्वामी नंद, चेत राम और जसवंत सिंह, अग्निशमन विभाग के ठाकुर दास, सुरेन्द्र कुमार और कर्म सिंह, पटवारी कमल किशोर और पोकलेन ऑपरेटर अश्विनी कुमार को सम्मानित किया। वहीं स्वच्छाग्रही कनिष्ठ अभियन्ता सिद्धार्थ, शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाचार्य राजकीय पाठशाला (कन्या) जोगिंद्रनगर, अशोक कुमार ठाकुर प्रवक्ता कॉमर्स, रोशन लाल शास्त्री टीजीटी पाठशाला चैतर को सम्मानित किया।

मंडी निवासी साईकलिस्ट जसप्रीत पॉल को सम्मानित किया। वहीं कृषि उपज विपणन समिति मंडी के चेयरमैन संजीव गुलेरिया ने वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेंद्र लाल को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि 103 वर्षीय डॉ. राजेंद्र लाल मंडी जिला के लेदा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बैरकोट के निवासी हैं।

डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले पर मंडी में विरोध

हिमाचल डेंटल कॉलेज के छात्रों ने निकाली विरोध रैली

विरोध रैली के दौरान सामूहिक चित्र में।

उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले को लेकर देवभूमि हिमाचल में लोगों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस निर्मम घटना के विरोध में मंडी जिला के हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के प्रशिक्षु डॉक्टरों द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने शहर के भोजपुर बाजार होते हुए बस स्टैंड तक हाथों में घटना के विरोध को लेकर स्लोगन के साथ कैंडल मार्च निकाला गया।

छात्र-छात्राओं ने इस अपराध में शामिल अपराधियों के खिलाफ ठोस कदम उठाने और समाज में महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने की भी मांग की है।

हिमाचल मेडिकल आफिसर्स एसो. ने हड़ताल को दिया समर्थन

डॉक्टर के साथ हुई निर्ममता को लेकर डॉक्टरों के विभिन्न संगठनों ने राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। इसमें हिमाचल मेडिकल आफिसर्स एसोसिएशन ने भी विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का फैसला लिया है। इसको लेकर शुक्रवार को हिमाचल मेडिकल आफिसर्स एसोसिएशन ने प्रदेश स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर सूचित कर दिया है। इस दौरान डॉक्टरों द्वारा अस्पतालों में ओपीडी में मरीजों को नहीं देखा जाएगा, लेकिन आपातकालीन सेवाएं बहाल रहेंगी।

हिमाचल मेडिकल आफिसर्स एसोसिएशन के सह सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह रूड़की ने बताया कि एसोसिएशन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन और फेडरेशन ऑफ आल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन को समर्थन दिया है। गौरतलब है कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने शनिवार सुबह 6 बजे से रविवार सुबह 6 बजे तक आधुनिक चिकित्सा के डॉक्टरों की ओर से 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की है।

20 वर्षीय युवती का शव बरामद

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

मंडी जिला के गोहर उपमंडल की गोहर पंचायत की बासा (सनथर) निवासी 20 वर्षीय हिमानी पुत्री कमल देव करीब एक सप्ताह बाद बग्गी नहर में छलांग लगाने से अपनी जान गवा बैठी थी। जिसका शव शुक्रवार सुबह सुंदरनगर जलाशय से 8 दिनों बाद बरामद हुआ है। जलाशय में तैरते शव को स्थानीय लोगों ने देखा जिसकी सूचना ने पुलिस को दी गई।

जानकारी के अनुसार जिस दिन यह घटना घटी उस दिन हिमानी का आईटीआई में अंतिम दिन था व उसके बाद उसके एग्जाम होने थे। हिमानी ने बग्गी नहर में छलांग लगाने का कदम क्यों उठाया यह बात हिमानी के परिजनों के लिए रहस्य बना हुआ है। इस घटना को लेकर हिमानी के परिवार वालों ने रती थाना में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। हिमानी के परिवार वाले व उसके तमाम रिश्तेदार हर रोज उसकी तलाश करने बग्गी नहर से लेकर सुंदरनगर जलाशय तक जाते थे लेकिन वे हर रोज निराश होकर खाली हाथ वापिस घर लौट आते थे।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि ने परिजनों ने शव की पहचान कर ली है। शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

जाइका ने लगाया प्रशिक्षण शिविर

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना जाइका ओडीए के दूसरे चरण के अंतर्गत बहाव सिंचाई व उठाव सिंचाई परियोजना कॉलोनी, थोआईं, बग्गी पोंटा, गुलानु, अल्सोगी और योह में उन्मुखीकरण और आवश्यकता मूल्यांकन का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि अधिकारी निवेश ठाकुर व कृषि विस्तार अधिकारी निशांत पराशर ने बहाव सिंचाई व उठाव सिंचाई परियोजना के तहत बताया कि इसमें कुल 85 हेक्टेयर भूमि को सिंचित किया जाएगा, जिससे लगभग 460 किसान परिवारों को लाभ मिलेगा।

कार गिरने से एक की मौत, एक घायल

अनंत ज्ञान, पधर

पधर घोघरधार सड़क पर टिप गांव के साथ वीरवार सुबह एक कार गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। जबकि एक घायल अवस्था में मंडी अस्पताल में उपचाराधीन है।

जानकारी के अनुसार पधर से घोघरधार जा रही एक कार वीरवार सुबह टिप के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और गहरी खाई में लगभग 200 मीटर नीचे जा गिरी। जिस कारण ईश्वर लाल पुत्र हल्कू राम गांव लचकन्ढी डाकघर बरधान की मृत्यु हो गई जबकि घायल व्यक्ति की पहचान बुद्धि सिंह पुत्र हल्कू राम निवासी गुम्मा का बताया जा रहा है। जिसको पधर में फर्स्ट एड देने के बाद डॉक्टरों ने मंडी रैफर कर दिया है। वही पधर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों कार सवार मनाली जा रहे थे। लेकिन रास्ते मे ही कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना स्थल के आस पास सड़क मार्ग पर कहीं भी पैराफिट या क्रेश वैरियर नहीं लगे हैं।

जिस कारण हादसे की वजह कहीं न कहीं लोक निर्माण विभाग की लापरवाही भी मानी जा रही है। क्योंकि इस सड़क पर अधिकतर जगह पर लोक निर्माण विभाग द्वारा पैराफिट, क्रेश वैरियर नहीं लगाए हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इस सड़क पर अब तक करीब आठ से दस लोग अपनी जान गवा चुके है लेकिन लोक निर्माण विभाग कब गहरी नींद से जागेगा कोई पता नही। हर साल विभाग सड़क को ठीक करने के लिए करोड़ो रूपए तो खर्च करता है लेकिन हादसे की असली बजह से अभी भी विभाग अनजान बना हुआ है।

लोगों ने विभाग से मांग की है कि है इस सड़क पर क्रैश वैरियर और पैराफिट लगाएं जाएं ताकि हादसों में लगाम लग सके। क्योंकि इस सड़क पर कई जाने जा चुकी है।

बच्चों के लिए लगाया मोटिवेशनल सेमिनार

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में।

लदरुही में महंत सभा जोगिंद्रनगर ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में बच्चों तथा उनके अभिभावकों के लिए मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार में महंत सभा ने माइंड ऑपरेशन अकादमी के निदेशक को मुख्यातिथि व मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया।

महंत सभा के अध्यक्ष निर्मल कुमार ने कहा महंत सभा की शुरुआत 2021 में की गई है, 2021 से अब तक महंत सभा 380600 रुपए की धनराशि मदद के रूप में विधवा मृतक परिवार और बीमार लोगों को बांट चुकी है । महंत सभा आने वाले समय में बच्चों की शिक्षा के उत्थान के लिए विशेष रूप से सोचेगी और जो बच्चा पढ़ने में बुद्धिजीवी होगा अगर उसको धन से संबंधित कोई समस्या होगी तो सभा ऐसे बच्चों को उनकी पढ़ाई के लिए मदद करेगी। वहीं माइंड ऑपरेशन अकादमी के निर्देशक राम प्रकाश ठाकुर ने सभी बच्चों व उनके अभिभावकों को मोटिवेट करते हुए कहा कि हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसके बाद इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए डटकर मेहनत करनी चाहिए।

उन्होंने अध्यक्ष निर्मल कुमार और समस्त सभा के लोगों की सराहना करते हुए सभा के सफल भविष्य की कामना की है।

योजना, विकास व 20 सूत्री रिव्यू कमेटी का हुआ विस्तार

अनंत ज्ञान, मंडी। जिला योजना, विकास व 20 सूत्री कार्यक्रम रिव्यू कमेटी की पहली बैठक विधायक चंद्रशेखर की अध्यक्षता में होनी प्रस्तावित है। बैठक से पहले कमेटी में 14 नए सदस्यों नाम और जोड़े गए हैं। प्रदेश के योजना विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार संजीव गुलेरिया,राजेंद्र मोहन, अनिल सेन, योगराज मंडी, अलकनंदा हांडा, रणजीत मांड्याल, प्रदीप शर्मा, विजय कानव, ओम प्रकाश सैनी, जोगिंदर गुलेरिया, जगदीश रेड्डी, अरुण आर्य, योगराज करसोग और मन्नू गुप्ता को भी इस कमेटी में शामिल किया गया है।

शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में 78 वाँ स्वतंत्रता दिवस के साथ अलंकरण समारोह का आयोजन किया। नायब तहसीलदार जोगिंद्रनगर के रूप में तैनात है। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

प्रधानाचार्य मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

वहीं छात्र परिषद के प्रमुख सदस्यों में हेड बॉय कनिक, हेड गर्ल हितैषी ठाकुर, दिव्यांश यश विष्ट व श्रेया को अनुशासन प्रभारी, सार्थक और मन्नत को सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रभारी, साहित्यिक क्लब में अन्वेषा को हिंदी और अथर्व को अंग्रेजी विषय का प्रभारी, विज्ञान अनन्या को विज्ञान क्लब का प्रभारी, अनमोल गुलेरिया को गणित क्लब का प्रभारी, लोकेंद्र और नंदिनी को खेलकूद गतिविधियों का कप्तान, अक्षत को इको क्लब के प्रभारी, वशिष्ठ को क्लब के प्रभारी की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर दयानंद सदन, हंसराज सदन, टैगोर सदन एवं विवेकानंद के सदनाध्यक्षों द्वारा सदन परिषद सदस्यों के नामों की घोषणा भी की गई।

आशीष गुलेरिया ने जनरल सर्जरी में प्राप्त की एमएस की उपाधि

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

पीजीआई चंडीगढ़ में भार्गव ऑडिटोरियम में कनवोकेशन का आयोजन हुआ।

डीवाई चंद्रचूड़ आशीष को डिग्री प्रदान करते हुए।

वहीं मेधावी चिकित्कों को कन्वोकेशन से देश के होनहार चिकित्सकों को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने चिकित्सकों को स्नातकोत्तर डिग्री उत्तीर्ण करने पर तीन वर्ष का प्रशिक्षण पूरा होने के उपरांत स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान की। इस अवसर पर क्षेत्र की चोलथरा पंचायत के दीघो गांव से संबंध रखने वाले डॉक्टर आशीष गुलेरिया को जनरल सर्जरी में एमएस की उपाधि से नवाज़ा गया। डॉक्टर आशीष गुलेरिया उपमंडल सरकाघाट के चोलथरा गांव से संबंध रखते हैं और वर्तमान में डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल धर्मशाला में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

बढ़ रहे चोरी के मामले चिंता का विषय : रामकृष्ण

अभिषेक शर्मा जोगिंद्रनगर। चोरी की घटनाओं से निपटने के लिए पुलिस द्वारा शुरू किए सर्च अभियान के तहत चोरों के नहीं चढ़ने से पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे है। रामकृष्ण आश्रम लदरूहीं के महात्मा राम कृष्ण रामायणी ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि ऐसे लोगों का पता लगाया जाए जो बिना पंजीकरण के जोगिन्द्रनगर के गांव गांव घूम रहे है।

डीएसपी पधर दिनेश कुमार कहा कि लोग अपना मकान किराए देते समय किरायेदार की पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करवाएं।

भूकंपरोधी भवन निर्माण की बताई तकनीक

अनंत ज्ञान, मंडी

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

आईआईटी रोपड़ के सिविल इंजनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफैसर डॉ. मितेश सुराना और डॉ. आदित्य सिंह राजपुत ने सेंटर फॉर एजुकेशन ऑन वर्नाकुलर ऑरकिटेक्चर कार्यक्रम के अंतर्गत डीआरडीए हॉल मंडी में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में सुरक्षित भवन निर्माण और भवनों को भूकंप रेट्रोफिटिंग मूल्यांकन की तकनीकों बारे जानकारी दी।

कार्यशाला का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी द्वारा आईआईटी रोपड़ के सहयोग से डीआरडीए हॉल मंडी में किया गया था। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बताया कि मंडी जिला में 26 सरकारी भवनों को भूकंप से सुरक्षित करने के लिए उनका भूकंप रेट्रोफिटिंग (पुनरोद्वार) मूल्यांकन करवाया जा रहा है। रेट्रोफिटिंग के उपरांत यह भवन भूकंप आने पर भी सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी द्वारा भवन निर्माण में लगे कारीगरों को भूकंपरोधी निर्माण करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

आईआईटी रोपड़ के सहायक प्रोफेसर डॉ. मितेश सुराना और डॉ आदित्य सिंह राजपुत ने बताया कि भूकंप से लोगों की जान नहीं जाती है बल्कि भवनों के गिरने से जाती है। इसलिए हमें भूकंपरोधी भवन निर्माण करना चाहिए।

चिंता | एक साल में 42 प्रतिशत ड्रग्स के मामलों में हुई वृद्धि

70 प्रतिशत मामले पुलिस की पहुंच से बाहर

पुष्पराज, मंडी

हिमांचल प्रदेश नशा वृत्ति के चंगुल में बुरी तरह फंस चुका है। पिछले विंटर सेशन के दौरान सरकार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 5 व्यक्तियों की नशा लेने से मृत्यु हुई।

यह शब्द पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं अधिवक्ता बीआर कौंडल ने मंडी में कही। उन्होंने बढ़ते नशे की गर्द में जा रहे युवाओं पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा की पुलिस रिकार्ड के मुताबिक पिछले तीन सालों में 58 व्यक्ति नशे के शिकार हुए हैं। इसमें वे लोग नहीं हैं जो घर पर मर गए और जिनकी जानकारी पुलिस को नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि सरकारी आंकड़ों पर यदि गौर करें तो साल 2022 में 1517 ड्रग्स के मामले पुलिस ने पंजीकृत किए और 2023 में यह आंकड़ा 2147 तक पहुंच गया जोकि एक साल में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है जो कि चिंता का विषय है।

जन समाधान केंद्र के सदस्य और बीआर कौंडल पत्रकार वार्ता करते हुए।

धरातल में नशा वृति की स्थिति प्रदेश में इस से भी कई गुना अधिक खराब हो चुकी है। लगभग 70 प्रतिशत मामले पुलिस की पहुंच से बाहर रहते हैं। स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के बाहर नशीले पदार्थ आसानी से उपलब्ध होते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस सीआईडी को इसकी जानकारी भी रहती है लेकिन कुछ पुलिस कर्मचारियों और अधिकारीयों की संलिप्तता की वजह से स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं करती।

पुलिस विभाग में जो लोग इस अवैध धंधे में संलिप्त है, उनको पहचानना होगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है। प्रत्येक गांवों और शहर के वॉर्ड में चूने हुए प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी देनी होगी कि वे अपने गांवों, पंचायत और वॉर्ड में कौन कौन व्यक्ति नशा करते हैं, की जानकारी पुलिस को दें। शिक्षा संस्थाओं में परामर्श और मनोवैज्ञानिकों की नियुक्ति की जानी चाहिए। ड्रग डी-एडिक्शन केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए और उन में डॉक्टर और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करनी होगी।

वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियां वर्तमान सरकार की देन : जगदीश

पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा बलद्वाड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए।

अनंत ज्ञान, मंडी

पूर्व सैनिकों ने संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर) के बैनर तले आज बलद्वाड़ा में 78वां स्वतंत्रता दिवस सूबेदार ज्ञानचंद की अध्यक्षता में मनाया।

समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहराने व राष्ट्रीय गान से शुरू हुई तथा इसके उपरांत सभी उपस्थित पूर्व सैनिकों ने मौन रख करके उन स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा के बलद्वाड़ा शाखा के अध्यक्ष के चीफ पेटी ऑफिसर विद्यासागर ने ईसीएचएस, सीएसडी कैंटीन तथा ओआरओपी की विसंगतियों के विषय में जानकारी दी।

प्रकाश चंद शर्मा ने भी शिरकत की। इस समारोह में संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वन रैंक वन पेंशन योजना में आ रही विसंगतियों के लिए वर्तमान सरकार मुख्य रूप से जिम्मेदार है। क्योंकि सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही है।

'पोरी' मेले में होता है जनजातीय ग्रामीण संस्कृति की संपूर्णता का दिग्दर्शन

किसी भी अंचल विशेष में निवास करने वाले लोगों का जीवन दर्शन उनकी मान्यताओं, जीवन मूल्यों और संस्कारों के ताने-बाने में गुंफित होता है। कालांतर में यही आदर्श उनकी सांस्कृतिक थाती का आधार बनकर लोगों के जीवन को नया आयाम देते हैं। लाहुल घाटी में ऐसे अनेक मेले एवं त्योहार हैं जो यहां के लोगों को भ्रातृत्व का संदेश देते हुए एकता और अखंडता के सूत्र में बांधे रखते हैं। मेले और त्योहार लोकजीवन की धुरी हैं। ये समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बनकर आगामी पीढ़ी को परंपरागत जीवन मूल्यों का बोध कराते हैं। लाहुल घाटी के मेले और त्योहार यहां की जलवायु पर आधारित हैं। यहां अधिकतर मेलों का आयोजन गर्मियों में होता है और मुख्य त्योहारों का संबंध शीत ऋतु से है। भले ही यहां की ऊंची चोटियां ठंडी बर्फ से कठोर हो जाती हैं, लेकिन चिर-प्रतीक्षित त्योहारों की रंगत, शुर की खुशबू, रोट और टोडू के अर्पण तथा दीपक का प्रकाश लोगों के हृदय में संवेदनशीलता के भाव जगाते हैं। यहां मेले और त्योहार लोगों की आंखों की चमक को कभी धूमिल नहीं होने देते। बचपन की स्मृतियों में कैद पोरि मेले का एक दृष्टांत द्रष्टव्य है।

राज्यस्तरीय पोरि मेला आरंभ हो गया है। घर में बच्चे सबसे ज्यादा उत्साहित हैं, क्योंकि उनकी दो जोड़ी आंखें में नए कपड़े तैर रहे हैं। रात को उठकर कई बार नए कपड़े पहनते हैं और फिर उतार कर सिरहाने के नीचे छुपा कर सो जाते हैं। मेमनों को चराने की जिम्मेदारी बच्चों की है, इसलिए सुबह जल्दी-जल्दी उठ कर उन्हें चराना है, ताकि दिन को पोरि मेले का आनंद लिया जा सके। घर में सगे-संबंधियों की धूम है। मेला देखने जाना है। पारंपरिक वस्त्रों और आभूषणों से सुसज्जित लोगों के चेहरे फूलों की भांति खिले हुए हैं। गेंदे के फूलों से सजी टोपियां तथा और बाहों में चूड़ियों की खनक अंतर्मन की पीड़ा को कम कर देती हैं। बुजुर्ग ऊनी कतर (चोला) तथा घास के रेशों से बने हुए पूलों (जूतों) में ही प्रसन्न हैं। स्त्रियों का रंग-रूप तो मानो प्रकृति के साथ घुल मिल सा गया है। त्रिलोकनाथ अर्थात तुन्दे नगरी में मनाया जाने वाला पोरि मेला जनजातीय ग्रामीण संस्कृति की संपूर्णता का दिग्दर्शन कराता है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल स्पर्धाएं और शोभायात्रा आकर्षण :- राणावंश के हामिर बर्धाइम द्वारा शिव व पार्वती के विवाह की स्मृति में त्रिलोकनाथ को समर्पित यह पावन मेला श्रावण मास के अंत में शुरू होकर भाद्रपद मास के प्रथम या द्वितीय रविवार को संध्या के समय नुआला अनुष्ठान के साथ संपन्न हो जाता है। तीन दिनों तक चलने वाले इस पोरि मेले के पूर्व ही अस्थायी दुकानें सज जाती हैं। मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ खेल-कूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें खेल प्रेमी बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। इस बीच एक शोभायात्रा निकाली जाती है जो देव वाद्यों की घन गर्जना के साथ मंदिर की परिक्रमा करते हैं। संभवतया राणावंश की राज्यवंश परंपरा में बर्धाइम की उपाधि इन्होंने राजा हर्षवर्धन की भांति अपने पूर्वजों से ली होगी। चंबा के राजाओं में भी अपने नाम के साथ वर्मन उपनाम जोड़ने की परंपरा रही है।

ऐसे पड़ा 'पोरी' नाम:- पोरी मेला 'पुरी' शब्द का अपभ्रंश रूप जान पड़ता है। वास्तव में पुरी या पुर शब्द स्थान विशेष को बसाने वाले व्यक्ति की स्मृति को स्थायी बनाने के लिए संज्ञा के साथ जोड़ा जाता है। जैसे-शिवपुरी, ब्रह्मपुरी, जगन्नाथपुर और उदयपुर आदि। भारतीय हिंदीकोश के अनुसार पुरी का अर्थ 'नगरी, नदी, शहर' है। वर्धा हिंदी शब्दकोश में पौर का अर्थ नगर या पुर-संबंधी दिया है। अत: पोरि शब्द का अर्थ नगर या पुर के आसपास ही ठहरता है। यह शब्द क्षेत्र विशेष का भी द्योतक हो सकता है, क्योंकि क्षेत्र विशेष के लिए पत्तन, पुर, नगरी अथवा ग्राम का प्रयोग होता आया है।

एमआर ठाकुर, 'लाहुल की बोलियों का भाषा वैज्ञानिक अध्यन' नामक लेख में कल्हण की राजतरंगिणी में आए हुए 'पत्तन' शब्द का उल्लेख करते हुए लिखते हैं - ग्रामयुतसहस्त्रां पत्तनं ज्ञायते बुधै:। तत्रापि सारं नगरं तत्पौरा: पुरवासिन: अर्थात् दस सहस्त्र ग्राम वाले स्थान को पत्तन कहते हैं उसमे भी मूल (सारं) को नगर कहते हैं। वहां के रहने वाले को पौर (पुरवासी) कहते हैं। 'आर्यों की रक्षा व्यवस्था में दुर्गों का विशेष महत्व था जिन्हें 'पुर' कहा जाता था। ये दुर्ग पाषण-निर्मित या धातु-निर्मित होते थे जिनके चारों ओर प्राय: लकड़ी की चारदीवारी बनी रहती थी या खाईयां खुदी रहती थीं। जगमोहन बलोखरा पोरि' शब्द को संस्कृत पर्व का तद्भव रूप मानते हैं। कुलुई में इसे पोर कहते हैं।

लाहुल को पार्वती का मायका कहा जाता है:- लाहुल की अनुश्रुतियों में लाहुल को पार्वती का मायका कहा जाता है। एक जनश्रुति के अनुसार, शिव और पार्वती की बरात तांदी संगम के पार्श्व की पहाड़ी से हो कर कैलाश की ओर गई थी, जहां से बरात कैलाश की ओर निकली थी वहां आज भी पहाड़ियों में श्वेत और लाल पट्टिका द्रष्टव्य है। शिवपुराण में हिमवान के नगर में निवास करने वाले अनेक पुरवासिनी स्त्रियों द्वारा भगवान शिव के दर्शन कर अपने जीवन को सार्थक करने का भी विवरण मिलता है। आज से चार दशक पहले मे-जागर के आठ दिन पूर्व बाए-मे-जादर का भी आयोजन किया जाता था। प्रथ या द्वितीय आश्विन (अक्तूबर) के आसपास मां मृकुला को समर्पित मां-जागर के अवसर पर स्थानीय ठाकुर घुड़दौड़ का आयोजन किया करता था, जिसमें सभी धोड़ों को निर्धारित स्थल पर ले जाकर राहं-द्रो (घुड़दौड़) करवाया जाता था। इस प्रतियोगिता में स्थानीय ठाकुर के अतिरिक्त उनके नौकर-चाकर तथा खास लोग सम्मिलित होते थे। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन एक बड़े मैदान में किया जाता था, जिसे सेरी कहा जाता था। ये आयोजन त्रिलोकनाथ में 'ब्लाड़ी सेरी' तथा 'मे-सेरी', हड़का में 'कुकुमसेरी' तथा उदयपुर में 'कोडी मुत्ति' नामक स्थानों में संपन्न किए जाते थे। कार्तिक मास में भ्यार-जादर के अवसर पर सभी गांव वाले म्हरपिणी, दूध-दही तथा छड़ आदि लेकर इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होते थे। वाद्य यंत्रों की धुनों पर नाच-गान होता था और आसपास के सभी लोग इस उत्सव में सम्मिलित होते थे। मात्र कुछ औपचारिकताओं के साथ आज धीरे-धीरे ये सभी अनुष्ठान या तो विलुप्त होते जा रहे हैं या लगभग दम तोड़ चुके हैं।

त्रिलोकनाथ जी का वर्ष में पांच बार पंचामृत से स्नान:- श्रावण मास के अंतिम शुक्रवार को मे-जागर की सुबह मंदिर में स्थापित त्रिलोकनाथ की पूजा-अर्चना की जाती है। वर्ष में पांच बार त्रिलोकनाथ जी का पंचामृत से मांगलिक स्नान किया जाता है, इस अवसर पर मंदिर का पुजारी लामा, स्थानीय कारदार व गांव के अन्य लोग श्रद्धा-भाव से सम्मिलित होते हैं। यह मांगलिक स्नान उदन, खोह्ल, कुंह, भ्रेशु तथा योर के पावन अवसर पर ग्रहों व नक्षत्रों की शुभ योजना पर विधिवत विचार करने के पश्चात् कराया जाता है।

लोग श्रद्धा भाव से से लाते हैं दूध-दही:- लोग श्रद्धा भाव से अपने-अपने घरों से दूध-दही ले आते हैं। त्रिलोकनाथ की पूजा-अर्चना के साथ ही दर्शकों की भीड़ घनी होती जाती है और श्रद्धालुओं में दर्शन करने की होड़ सी मच जाती है। एक शोभायात्रा निकाली जाती है जो देव वाद्यों की घन गर्जना के साथ मंदिर की परिक्रमा करते हुए निह्-मुत्ति अर्थात् सतधारा के दाहिने पार्श्व में स्थित भवानी कुंड़ की ओर प्रस्थान करती है। मंदिर का ध्वज भी साथ-साथ लहराता जाता है। त्रिलोकनाथ का ठाकुर इसकी अगुआई करते हुए अपने घोड़े पर सवार हो कर आगे-आगे चलते हैं। वाद्यों यंत्रों को अब राश नामक स्थान में ही छोड़ दिया जाता है। पहले इन्हें ऊपर भवानी कुंड तथा सतधारा तक ले जाते थे।

कोर्ट के आदेश के आद बलि पर प्रतिबंध:- पहले इस कुंड में भेड़ की बलि चढ़ाई जाती थी, लेकिन न्यायालय के निर्देशों के पश्चात निर्बाध गति से चली आ रही यह परंपरा अब बंद हो चुकी है। मे-जागर के पावन अवसर पर सभी देवी-देवताओं और चारागाहों में भेड़पालकों के रूप में आए हुए गद्दियों को पोरि मेले में आमंत्रित किया जाता है। भवानी कुंड में भी मां से तुन्दे नगरी में आयोजित होने वाले पोरि मेले में पधारने की विनती की जाती है। भवानी कुंड में पूजा-अर्चना करने के बाद ये शोभायात्रा जुलूस की शक्ल में हिंसा स्थित नाग मंदिर पहुंचती है, जहां नाग मंदिर का पुजारी जलता हुआ हाल्डा ले कर पहले से सन्नद बैठता है। हिंसा गांव के लोग दल बांधकर फूलों से सुसज्जित टोपी और पारंपरिक परिधानों में, हाथों में म्हरपिणी दूध-दही के पात्र और धूप-दान करते हुए स्वागत-सत्कार के लिए तैयार बैठे होते हैं। अपराह्न लगभग चार बजे के बाद लोग त्रिलोकनाथ जा कर सुबह की तैयारियों में जुट जाते हैं, जबकि हिंसा के लोग रात को जागर में बैठे रहते हैं। जागर में बैठने की प्रथा अब लगभग बंद हो चुकी है। दूसरे दिन अर्थात शनिवार को भगवान त्रिलोकीनाथ के मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें स्थानीय ठाकुर मंदिर के कारदार तथा गणमान्य लोग इस शोभायात्रा में शामिल होते हैं।

शोभायात्रा में घुमाया जाता है घोड़ा:- एक घोड़े को भी घुमाया जाता है जिसकी पीठ कपड़े से ढकी होती है। माना जाता है कि इस घोड़े पर त्रिलोकनाथ जी विराजमान होते हैं। परिक्रमा के पश्चात घोड़े की पीठ पसीने से लथपथ हो जाती है। उसके पश्चात घोड़े को राणा के घर ले जाते हैं, जिस पर सवार होकर राणा शोभायात्रा के साथ सम्मिलित होकर अपने निजी सेवकों के साथ मेला स्थल के पास बने घर की छत में बैठ जाता है और मेले का आनंद लेता है। पारंपरिक परिधानों से सुज्जजित वादकों के साथ-साथ वाद्ययंत्रों की धुनों पर थिरकते लोगों के पांव स्वत: ही शोभायात्रा में शामिल हो जाते हैं।

जय-जयकार कर सहो की तरफ बढ़ते हैं लोग:- लोग जय-जयकार लगाते हुए सहो की तरफ बढ़ते हैं। सहो में करछोद किया जाता है। सहो शब्द सौह का अपभ्रंश रूप है। सौह देवता के प्रांगण को कहते हैं, जहां देवता का रथ सज धज बिराजता है धार्मिक कृत्य होते हैं, नृत्य होते हैं, देवता नाचता है, गुरु नाचते हैं, प्रजा नाचती है, हर देवता के गांव में मंदिर के समीप अपनी-अपनी सौह होती है। रविवार के दिन मणिमहेश जाने वाले श्रद्दालुओं की सुंदर शोभायात्रा देखते ही बनती है। राणावंश के लोग अन्य गणमान्य लोगों के साथ पंक्तिबद्ध हो कर मणिमहेश जाने वाले सभी श्रद्धालुओं का स्वागत-सत्कार करते हैं। पारंपरिक परिधानों, आभूषणों और फूलों से सुसज्जित महिलाएं सुंदर, व्यवस्थित और अनुशासित भाव से अपने-अपने हाथों में धुणीभांडी, म्हरपिणी, दूध, दही, मक्खन तथा 'छङ' के सुसज्जित पात्रों के साथ स्वागत-सत्कार के लिए पंक्तिबद्ध हो कर सन्नद रहते हैं। श्रद्धालु पात्रों में रखे पदार्थों को पूर्वाभिमुख हो कर फूल, दूब और शुर की पत्तियों से अर्पित करते हुए बढ़ते हैं। सभी श्रद्धालु बारी-बारी से म्हरपिणी को दाहिने हाथ से तीन बार ईष्ट देव को अर्पित करते जाते हैं और चौथा अपने मुख में डाल देते हैं। तदन्तर एक महीन अंगुली मक्खन का तिलक करती हुई स्वत: ही बढ़ी चली आती है।

चेले और गूर देववाणी में देते हैं आशीर्वाद:- चेले और गूर सभी यात्रियों को देववाणी में आशीर्वाद देते हैं और सुखद यात्रा की कामना करते हैं। साथ ही कुछ आवश्यक हिदायतें भी देते हैं ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस प्रकार तीन दिनों तक चलने वाला यह मेला रविवार को संध्या के समय नुआला अनुष्ठान के साथ संपन्न हो जाता है।

राज्य स्तरीय पोरी मेले की हार्दिक शुभकामनाएं

"भगवान श्री त्रिलोकीनाथ की जय"

देवभूमि हिमाचल प्रदेश के पूर्व-उत्तर दिशा में जिला लाहौल स्पीति के उदयपुर उपमंडल से लगभग 10 किलोमीटर दूरी पर चन्द्रभागा के बाएं तरफ श्री भगवान त्रिलोकीनाथ जी का लगभग दसवीं शताब्दी में निर्मित पुरातन मन्दिर स्थित है। इस मन्दिर में जो मूर्ति स्थापित है जिसकी चार भुजाएं हैं व मूर्ति के सिर पर एक मूर्ति विद्यमान है। मान्यताओं के अनुसार जिसे अनाज गुरू माना जाता है । त्रिलोकीनाथ जी को सर्व धर्म के लोग पूजते है। खासकर लाहौल में हिन्दू व बौद्ध दोनों धर्मों के लोग पूजते है, जहां हिन्दू भगवान शिव के रूप में पूजते हैं तो वहीं बौद्ध धर्म के लोग अवलोकितेशवर मानते व पूजते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार इस मन्दिर को चार धामों में से एक धाम भी माना जाता है।

सुविधाएं

1. मन्दिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं के रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में कमरें व विस्तरें उपलब्ध करवाए जाते हैं। व एक ओर 12 सेट कमरों का सराय भी इस वर्ष तक बन कर तैयार हो जाएगा । 2. मन्दिर न्यास द्वारा त्रिलोकीनाथ बस स्टैंड से मन्दिर तक व मन्दिर के चारों तरफ स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था रात्रि के समय श्रद्धालुओं व स्थानीय जनता के लिये की है और इनका सारा मासिक विल न्यास द्वारा वहन किया जाता है । 3. मन्दिर न्यास द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पार्किंग व्यवस्था पोरी मेला ग्राउंड त्रिलोकीनाथ में किया जाता है। व भविष्य में एक ओर जगह (फाड) पार्किंग बनाया जाना प्रस्तावित है। 4. त्रिलोकीनाथ मन्दिर परिसर व शौचालयों में सफाई के लिये सेवादारों/मेहतरों की नियुक्ति की गई है व श्रद्धालुओं के स्नान हेतू अप्रैल से नवम्बर तक सोलर गीज़र से गर्म पानी उपलब्ध किया जाता है। 5. श्रद्धालु अपनी इच्छानुसार त्रिलोकीनाथ जी को रूपए 50/- से लेकर रूपए 1000/-तक का दीया चढ़ा सकते हैं जो कि मन्दिर के कर्मचारियों द्वारा उपलब्ध करवाया जाता है।

मेले

1. योर मेला:- यह मेला प्रतिवर्ष माह मार्च के प्रथम सप्ताह मे मनाया जाता है।

2. भ्यार अज़ी मेला:- यह मेला तीन वर्ष के पश्चात सातधारा नामक स्थान जो कि त्रिलोकीनाथ से लगभग 3 कि0मी0 की दूरी पर स्थित है मनाया जाता है।

3. राज्य स्तरीय पोरी मेला:- इस मेले का आयोजन प्रतिवर्ष 15 अगस्त के बाद के प्रथम शुक्रवार से तीन दिन के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष यह 16 अगस्त से 18 अगस्त 2024 को मनाया जा रहा है।

मेहर सिंह (नायव तहसीलदार)
मन्दिर अधिकारी, त्रिलोकीनाथ
मन्दिर न्यास उदयपुर

केशव राम (हि0प्र0से0)
उपमण्डलाधिकारी ना0-एवं
अध्यक्ष त्रिलोकीनाथ मन्दिर न्यास

राहुल कुमार (भा0प्र0से0)
उपायुक्त लाहौल स्पीति-एवं
आयुक्त त्रिलोकीनाथ मन्दिर न्यास

न्यूज ब्रीफ

वाजपेयी की पुण्यतिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि

कुल्लू। कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में अटल सदन परिसर में पूर्व प्रधान मंत्री श्रदेय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर उनकी पुण्य तिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उनके साथ बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष भीम सेन शर्मा सहित कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से 2022 के भाजपा प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की।

पार्टी विरोधी कार्य करने पर कार्यकर्ता निष्कासित

केलांग। लाहौल-स्पीति कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष ज्ञालसन ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। वहीं, विधायक अनुराधा राणा भी इस बैठक में विशेष रूप से पर उपस्थित रहीं। बैठक में पार्टी विरोधी कार्य करने पर कांग्रेस कार्यकर्ता सुदर्शन जस्पा को निष्कासित किया गया। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सहगल ने बताया कि बूथ कार्यकर्ताओं से मिली शिकायत पर उपचुनाव में पार्टी के खिलाफ कार्य करने वालों पर कड़े फैसले लिए जाएंगे। उपरोक्त कार्यकर्ता ने उपचुनाव में पार्टी के खिलाफ कार्य किया है। इसकी शिकायत पिछले जनरल हाउस में की गई थी और कार्यकर्ता को पार्टी के खिलाफ कार्य करने पर छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। इसकी सूचना प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह को भेज दी गई है। जिलाध्यक्ष और विधायक ने कहा कि जब तक पार्टी संगठन में अनुशासन नहीं होगा, तब तक मजबूती प्रदान नहीं की जा सकती।

एनएचपीसी चरण-दो में मनाया स्वतंत्रता दिवस

कुल्लू। एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो, नगवाईं में 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ कार्मिकों की उपस्थिति में परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह द्वारा ध्वजारोहण से हुआ, जिसके उपरांत सुरक्षा कार्मियों ने उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख ने उपस्थित सभी कार्मिकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा कहा कि आज का शुभ दिन हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, संघर्ष से मिला है, जिससे हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर हम सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने स्वतंत्र और समृद्ध भारत का सपना देखा और हमें गुलामी से आजादी दिलवाई।

15 सितंबर तक पूरा भादो महीना चलेगा भंडारा

बंजार। बंजार घाटी के आराध्य देवता श्रृंगा ऋषि के मंदिर बागी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादो महीने में आज से 15 सितंबर तक पूरा महीना भंडारा चलेगा। देवता के पुजारी चांनण सिंह शर्मा ने कहा कि वैसे तो मंदिर में वर्ष भर हर रविवार को भंडारे का आयोजन किया जाता है, लेकिन भादो महीने में पूरे माह ही भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

लाहौल में सर्वांगीण विकास करवाया जा रहा

केलांग। लाहौल-स्पीति में 78वां जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह पुलिस ग्राउंड केलांग में आयोजित किया गया। इस मौके पर उद्योग, संसदीय मामले और श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने समारोह की अध्यक्षता की। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और परेड का निरीक्षण किया। पुलिस, होमगार्ड, वन विभाग, स्कूली बच्चों ने मार्च पास्ट किया और सलामी दी। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन ने प्रदेश वह जिला लाहौल-स्पीति में करवाए जा रहे विकासात्मक कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि लाहौल-स्पीति में सर्वांगीण विकास करवाया जा रहा है। वहीं, उन्होंने कहा कि महिला सम्मान निधि योजना के तहत जिले की 1171 पात्र महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने जिले के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

सिंचाई योजना के निर्माण कार्य को सराहा

कुल्लू। कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना, जायका चरण-दो के तहत जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉ. हेमराज व निर्माण अभियंता सोनू शर्मा ने जल बहाव सिंचाई योजना थरास, फलतनालाह, नयरैनी व छरेहरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चारों उपपरियोजनाओं थरास, फलतनालाह, नयरैनी व छरेहरा में चल रहे बहाव सिंचाई योजना के निर्माण कार्य को खूब सराहा। अधिकारी ने मौके पर पाया कि खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू के माध्यम से विभिन्न ठेकेदारों के द्वारा जो निर्माण कार्य किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता काफी संतोषजनक है। उन्होंने खंड परियोजना प्रबंधन कुल्लू के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगे भी कूहल के निर्माण कार्य को ठेकेदारों से गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध तरीके से करवाएं।

राज्य स्तरीय पोरी मेले का आगाज

राज्य स्तरीय पोरी मेले के शुभारंभ पर मुख्यातिथि विधायक अनुराधा राणा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते त्रिलोकीनाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष एवं एसडीएम उदयपुर केशव राम।

कुल्लू में जगह-जगह रही स्वतंत्रता दिवस की धूम, ढालपुर मैदान में धूमधाम से मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस, लोनिवि मंत्री रहे मुख्यातिथि

सरकार ने राहत और पुनर्वास कार्य में दिखाई तत्परता

अनंत ज्ञान, टीम

ढालपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर मुख्यातिथि लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह तिरंगे को सलामी देते हुए(दाएं) सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

कुल्लू के ढालपुर मैदान में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने की। उन्होंने समारोह में ध्वजारोहण किया तथा शानदार मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि निरमंड क्षेत्र में हाल ही में आई आपदा के पश्चात सरकार ने राहत और पुनर्वास कार्य में तत्परता दिखाई है।

बागीपुल में पुल बहने से करीब 10 पंचायतों का संपर्क निरमंड से कट गया। लोक निर्माण विभाग ने बागीपुल में बैली ब्रिज का कार्य पांच दिन के रिकार्ड समय में पूरा किया है। इस पुल के निर्माण में करीब दो करोड़ 50 लाख रुपए की लागत आई है। लगभग इतनी ही लागत के दो अन्य पुलों का निर्माण कोयल और केदस में भी इसी सप्ताह पूर्ण होगा। निरमंड उपमंडल के तहत वजीर बावड़ी से नित्थर सड़क मार्ग को विश्व बैंक की परियोजना के तहत उन्नयन प्रस्तावित है। हाल ही में जिले में भारी बारिश व बादल फटने से आई बाढ़ से जिले के पलचान, मलाना, समेज, बागीपुल में जान-माल का नुकसान हुआ। इस आपदा में दो लोगों की दुखद मृत्यु तथा 10 लोग लापता हैं उनकी तलाश के लिए अभियान जारी है। आपदा में 46 घर पूर्ण रूप से तथा 55 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए, 128 मवेशी, 35 दुकानों तथा 18 घराट क्षतिग्रस्त हुए। प्रभावित परिवारों को तुरंत फौरी राहत के रूप में 50 हजार प्रति परिवार लकइ सहायता के रूप में कुल 15 लाख रुपए की फौरी राहत प्रदान की गई है। समारोह में शहीदों के परिवारों से आई हुई वीर नारियों को भी सम्मानित किया गया। उधर, देश की आजादी के 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भुट्टि वीवर्ज सोसायटी की ओर से भुट्टि कालोनी के प्रांगण में सभा अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्यातिथि द्वारा तिरंगा फहराया गया व इस दौरान राष्ट्र गीत गाया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संदेश में कहा कि देश की आजादी के लिए शहीद हुए स्वतत्रंता सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, इनके बलिदान से ही हमें आजादी प्राप्त हुई है। उन्होनें कहा कि हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के कारण भुट्टिको को कई आर्थिक कठिनाईयों व चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलो में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। सभी बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कुल्लू की पिछलीहार पंचायत के कास्ता गांव कमेटी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पौधरोपण किया।

कमेटी के सदस्य शेर सिंह राहु ने बताया कि कास्ता, काथी के साथ लगते जंगल व गांवों के आसपास खाली पड़ी जमीन पर दियार के 600 के करीब पौधे रोपे गए। उधर, बंजार में भी धूमधाम से उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने शाकटी स्कूल के 30 छात्रों को स्कूल की वर्दी वितरित की। विकास खंड नग्गर के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पतलीकूहल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

भुट्टि वीवर्ज सोसायटी की ओर से आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर तिरंगे को सलामी देते हुए।

बंजार में विभाग व ठेकेदार की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर अवैध कटान : सुरेंद्र शौरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि वन कारपोरेशन द्वारा आवंटित प्लॉट पर सूखे व गिरे पेड़ों को छोड़कर हरे पेड़ों का भारी मात्रा में अवैध कटान किया गया है।

कुल्लू में पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि बंजार वन मंडल के अंतर्गत शुराग-शिल्ह में इतने बड़े स्तर पर अवैध कटान विभाग व ठेकेदार की मिलीभगत से किसी राजनैतिक सरंक्षण में ही संभव है। विधायक ने कहा कि इस अवैध कटान व मिलीभगत के उनके पास पर्याप्त साक्ष्य आए हैं। विभाग ने ठेकेदार के साथ मिलकर स्टंप काउंटिंग व पेड़ों की निशानदेही में गड़बड़ी की गई है। ठेकदार की ओर से विभाग के साथ अवैध कटान के साक्ष्यों को छुपाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। सरकार की ओर से वनआवरण बढ़ाने के लिए बृहद कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और दूसरी तरफ विभाग की वन सरंक्षण के प्रति संवेदनशीलता निराशाजनक है। विधायक ने कहा कि विभाग व ठेकेदार की ओर से स्थानीय लोगों पर अवैध कटान का आरोप खुद पर लेने के लिए अनावश्यक दवाब डाला जा रहा है। शिकायत की प्रति मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार व सचिव वन को त्वरित कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दी गई है। विधायक ने कहा कि यदि सरकार उपयुक्त कार्रवाई नहीं करती है, तो एनजीटी के संज्ञान में भी यह मामला लाया जाएगा। बंजार वन मंडल के अंर्तगत वन निगम की ओर से गिरे पड़े व सूखे पेड़ों को निकालने के लिए आवंटित वन खंड पर भारी मात्रा में हरे पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आया है। प्रदेश सरकार की ओर से पूरे प्रदेश में पौधरोपण को प्रोत्साहित करने के लिए बृहद स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, पौधरोपण के अभियान के बीच बंजार वन मंडल से वनों के अवैध कटान का मामला सामने आया है।

सूखे, गिरे व गले-सड़े पेडों कुल 836 पेड़ों को चिन्हित कटान का ऑर्डर वन निगम को दिया गया है। बंजार के विधायक की ओर से जो पेड़ कटान को लेकर आरोप लगाए जा रहे हैं, उसको लेकर छानबीन की जा रही है, यदि कोई खामी पाई गई, तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मनोज, डीएफओ बंजार।

मलाणा गया हेलिकॉप्टर नहीं हो पाया लैंड

कमलेश वर्मा, कुल्लू

पुरातन गांव मलाणा के लिए शुक्रवार को भुंतर एयरपोर्ट से रवाना हुआ हेलिकॉप्टर मलाणा स्थित अस्थायी हेलिपैड में लैंड नहीं हो पाया। यहां पर हेलिपैड के समीप एक पेड़ बाधा बना, जिस कारण लैंडिंग में दिक्कत आई।

हेलिकॉप्टर ने तीन-चार बार लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन पेड़ और झाड़ियों के कारण खतरे को भांपते हुए कैप्टन ने लैंडिंग नहीं करवाई। सनद मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर और एसडीएम सदर विकास शुक्ला की अगुवाई में भुंतर एयरपोर्ट पर मलाणा के लिए राशन हेलिकॉप्टर में भरा गया और सीपीएस के साथ एसडीएम भी हेलिकॉप्टर में बैठकर मलाणा रवाना हुए, लेकिन जब हेलिकॉप्टर मलाणा पहुंचा, तो यहां पर बने अस्थायी हेलिपैड में हेलिकॉप्टर को उतारने में परेशानी हुई। मलाणा में लोग सुबह से ही काफी संख्या में हेलिकॉप्टर के इंतजार में बैठे रहे और जब दोपहर तक हेलिकॉप्टर की उड़ान नहीं हो पाई, तो लोग निराश होकर वापस अपने-अपने घर लौट गए। हाल ही में मलाणा नाले में बाढ़ आने के कारण संपर्क सड़क पूरी तरह से टूट गई है। ऐसे में मलाणा के लोगों को जहां आवाजाही में दिक्कतें पेश आ रही हैं। वहीं, राशन भी लगभग खत्म होने के कारण मलाणा में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालांकि कुछ राशन हेलिकॉप्टर के माध्यम से ऊपर से नीचे ड्राप किया गया, लेकिन उसमें भी काफी परेशानी हुई जिसके चलते हेलिकॉप्टर वापस हो गया।

उधर, मलाणा के उपप्रधान रामजी ने बताया कि हेलिपैड के समीप एक पेड़ है, जो जमदग्नि ऋषि का है और उस पेड़ को देवता के कारदारों के अलावा कोई भी छू तक नहीं सकता। इस पेड़ को काटने के लिए यदि जमलू ऋषि आज्ञा देंगे तभी उसे काटा जाएगा।

मलाणा गांव के लिए सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में हम हेलिकॉप्टर के माध्यम से राशन लेकर गए थे, लेकिन वहां बने अस्थायी हेलिपैड के समीप झाड़ियों के कारण हेलिकॉप्टर वहां लैंड नहीं हो पाया। कुछ समस्या पेश आ रही थी, जिसका अब समाधान हो गया है शनिवार को दोबारा से हेलिकॉप्टर के माध्यम से मलाणा राशन ले जाया जाएगा। कुछ राशन मलाणा के समीप हेलिकॉप्टर से ड्राप किया गया है। आपदा की इस घड़ी में प्रशासन मलाणा वासियों की हर समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत है।

विकास शुक्ला, एसडीएम कुल्लू।

उसके लिए शुक्रवार को देर शाम तक ग्रामीणों की बैठक चली। अब धीरे-धीरे राशन की भी दिक्कत बढ़ सकती है क्योंकि गांव में जहां पांच दिवसीय मेले का आयोजन हो रहा है। वहीं, एक व्यक्ति की मृत्यु भी हुई है, ऐसे में मुश्किलें बढ़ सकती हैं, लेकिन उन्हें विश्वास है कि प्रशासन की ओर से उनकी मुश्किलों का अवश्य समाधान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल की भूमिका और रिधिमा विभिन्न प्रतियोगिताओं में द्वितीय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं भूमिका और रिधिमा चौधरी ने द्वितीय स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

कॉन्वेंट की छात्राओं ने भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा तीन अगस्त को देवसदन में डॉक्टर यशवंत सिंह परमार की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग- लिया, जिसमें 12वीं कक्षा की छात्रा भूमिका ने टांकरी लिपि लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान और कक्षा 11वीं की छात्रा रिधिमा चौधरी ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। टांकरी लिपि लेखन प्रतियोगिता में इसी स्कूल की एक अन्य छात्रा आशा को भी सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 23 जुलाई से 15 अगस्त तक कुल्लू में लगभग सभी स्कूलों में मानसून की छुट्टियां थी, तो उसी दौरान इन छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं के लिए कड़ी मेहनत की और कुल्लू में प्रचलित टांकरी लिपि की वर्णमाला, गिनती तथा टांकरी लिपि के नियमों को सीखा और लिखने का अभ्यास किया। स्कूल के प्रबंधक निदेशक सुरेश कुमार ने तीनों छात्राओं के अभिभावकों व भाषा अध्यापक को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

जल्द बनेगा डबल लेन पुल, 6 करोड़ स्वीकृत : विक्रमादित्य

बाढ़ प्रभावित लोगों का फिर से करें सर्वेक्षण

अनंत ज्ञान, भुंतर

भुंतर बैली ब्रिज के अच्छे दिन आने वाले हैं। शीघ्र ही इसके स्थान पर डबल लेन पुल बनाया जाएगा।

भुंतर वैली ब्रिज की समस्या को लेकर भुंतर सुधार समिति का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष मेघ सिंह की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह से शाढ़वाई में मिला। उस मौके पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सेस राम आजाद, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला, कांग्रेस के वरिष्ठ व धाकड़ नेता बलदेव ठाकुर, देवी सिंह पाल, डोला सिंह महंत व भुंतर सुधार समिति के उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, सहासचिव झाबे राम पहलवान, कोषाध्यक्ष ऋषि शर्मा व आजीवन सदस्य अनील धीमान आदि उपस्थिति थे। सभी ने भुंतर पुल से उत्पन्न हो रही समस्या के बारे मंत्री विक्रमादित्य सिंह को बताया। वहीं, भुंतर सुधार समिति के सामाजिक कार्य के बारे में भी बताया। लोक निर्माण मंत्री ने पुल की समस्या व सभी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और कहा कि भुंतर वैली ब्रिज के स्थान पर शीघ्र डबल लेन पुल बनेगा। इसके लिए सरकार ने छह करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। अब पुल के टेंडर लग जाएंगे और इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

कुल्लू। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कुल्लू के दौरे के दौरान जगह-जगह बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

इसी कड़ी में गत दिन जहां उन्होंने मनाली, पलचान सहित मणिकर्ण घाटी के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया व चौकी, बलादी के बाढ़ प्रभावितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने शाट सब्जी मंडी का भी दौरा किया तथा यहां पर स्थानीय किसानों, बागवानों तथा आढ़तियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी भवन को प्रोटेक्शन वॉल लगाकर बहने से बचाया जा सकता था, लेकिन यह कार्य समय पर न किए जाने से करोड़ों रुपए का सब्जी मंडी भवन क्षतिग्रस्त हो गया। इस कार्य में यदि कोई अनियमितता हुई है, तो इसकी जांच की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री ने आपदा से प्रभावित लोगों को आश्वासन दिया कि सरकार अपने स्तर पर अधिक से अधिक मदद प्रदान करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि वह बलादी गांव में बाढ़ प्रभावित लोगों का एक बार फिर से सर्वेक्षण करें।

मेरी मां ही है मेरी प्रेरणा स्रोत

मैं अपनी मां को ही अपनी प्रेरणा स्रोत मानती हूं, जिन्होंने मुझे शिक्षित किया और मुझे हमेशा बढ़ावा दिया। उनकी कठिन मेहनत और समर्पण भाव ओर निस्वार्थ प्रेम ने हमें कभी किसी चीज की कमी का एहसास नहीं होने दिया। मां के विश्वास ने ही हमें जीवन में आगे बढ़ने की शक्ति दी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि बेटियां हर वो काम कर सकती हैं, जो सिर्फ बेटों के लिए मुमकिन होता था। महिलाओं के आगे बढ़ने में सबसे बड़ी बाधाएं पारंपरिक सोच, सीमित अवसर, और सामाजिक दबाव हैं। इन कारणों के चलते महिलाओं को समान अवसर और सहयोग प्राप्त नहीं मिल पाता है। अगर महिलाओं को सहयोग मिलता रहे, तो महिलाएं हर वो काम को कर सकती हैं, जिसके बारे में कोई सोच नहीं सकता। जीवन में आगे बढ़ने के लिए सभी महिलाओं को अपनी कमजोरियों और मन में दबे डर पर काबू पाते हुए कुछ कर दिखाने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। आत्म-संवेदना, सीखने की इच्छा, और दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों की ओर बढ़ना आवश्यक है।

गिरिजा ठाकुर, निवासी गांव खादवी, तहसील आनी, कुल्लू।

महिलाओं की तरक्की में सबसे बड़ी बाधा अपनी ही क्षमताओं पर विश्वास नहीं करना

झिझक, शर्म और डर से ऊपर उठ कर अपनी काबिलियत को पहचानना होगा

इस देश में एक तरफ जहां महिलाओं को देवी रूप में पूजा जाता है। वहीं, दूसरी तरफ महिलाओं के साथ घटने वाली अप्रिय घटनाओं से मन शंकित हो उठता है कि क्या सच में महिलाओं को उतना सम्मान मिल पाता है। एक वक्त ऐसा भी था, जब महिलाओं के साथ पशुओं के जैसा व्यवहार होने लगा था और महिलाओं के साथ लगातार दुर्व्यवहार ओर हिंसक घटनाओं से बेटियों के अभिभावकों में हमेशा डर का माहौल बना रहता था। इस देश के कुछ राज्यों में तो बेटियों को पैदा होते ही मार दिया जाता था, जो कि बेहद शर्मनाक और क्रूरता से भरपूर ऐसा कार्य था, जिसे सुन कर आज भी सर शर्म से झुक जाता है। भारत के इतिहास में अहिल्या बाई होल्कर, आनंदी बाई जोशी, सावित्री बाई फुले, रानी लक्ष्मीबाई, इंदिरा गांधी, राजिया सुल्तान, फ्लाइट लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी, सुषमा स्वराज, निर्मला सीतारमण, सरोजनी नायडू और लक्ष्मी सहगल, स्वर्गीय लता मंगेशकर, मैरी कॉम जैसी महिलाओं ने अपनी काबिलियत के दम पर इतिहास के पन्नों पर अपनी एक पहचान बनाई है। आज के समय में महिलाओं ने राजनीति, शिक्षा, खेलकूद, पर्वतारोहण, जल सेना, थल सेना और वायु सेना तीनों ही क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाढ़ चुकी हैं और जिन क्षेत्रों में कभी एक जमाने में सिर्फ पुरुषों का दबदबा होता था, वहां पर भी अब महिलाओं ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है।

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।

वित्त मंत्री और स्वर्गीय लता मंगेशकर से हूं प्रभावित

ईशा ठाकुर, निवासी बालीचौकी, जिला मंडी।

मैं देश की पूर्व रक्षामंत्री एवं वर्तमान वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से बहुत ही प्रभावित हूं क्योंकि इन्होंने देश की राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ी है। इन्होंने देश की पहली महिला रक्षामंत्री के रूप में बहुत से निर्णायक निर्णय लिए हैं, जिस से देश का नाम रोशन हुआ है।

इसके साथ ही देश की स्वर कोकिला के नाम से मशहूर स्वर्गीय लता मंगेशकर से भी बहुत ज्यादा प्रभावित हूं उन्होंने अपनी सुंदर और मधुर आवाज से देश-विदेश के लाखों करोड़ों लोगों का दिल जीता है और आज भी उनके गाए हुए गीत लाखों लोग हर जगह गुनगुनाते हैं। मैं मानती हूं कि महिलाएं न पहले कमजोर थी और न ही अब कमजोर हैं। झिझक, शर्म और डर से ऊपर उठ कर अपनी काबिलियत को पहचाना होगा। इसके साथ खुद को किसी कार्य के लायक न समझना, जैसी सोच से बाहर निकलना होगा। इसके साथ ही हर कार्य को अच्छे से कर सकूं और उस कार्य को सिर्फ में ही कर सकती हूं, ऐसी सोच को विकसित करना होगा। महिलाएं जब तक खुद को कमजोर और लाचार सोचना बंद नही करेंगी, तब तक तरक्की ओर कामयाबी हासिल करना मुश्किल है।

रानी लक्ष्मीबाई की बहादुरी और नेतृत्व क्षमता से हूं प्रभावित

प्रीति राणा, निवासी सरवरी जिला कुल्लू।

बचपन से ही रानी लक्ष्मीबाई की बहादुरी के किस्सों को पढ़ते और सुनते आए हैं। रानी लक्ष्मीबाई ने जिस तरह से अपने राज्य की बागडोर को संभाला और समय आने पर जिस तरह से अपने राज्य के दुश्मनों से लोहा लिया यह एक महिला की वीरता और सामर्थ्य की सबसे बड़ी मिसाल है। हम महिलाओं की तरक्की में सबसे बड़ी बाधा यही है कि हम कभी कभी अपनी ही क्षमताओं पर विश्वास नहीं कर पाते और न ही हम लक्ष्य तय करते हैं, जिस कारण हम महिलाओं को अपनी मंजिल ढूंढने में बहुत कठिनाइयों का सामना करने की आदत है। इसके साथ ही हम महिलाओं को अपनी सोच में भी बदलाव लाना होगा, ताकि हम बदलते वक्त के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें। एक महिला तब तक कमजोर होती हैं, जब तक वो अपने अंदर की ताकत को पहचान नहीं पातीं। जब-जब महिलाओं ने अपने डर पर काबू पाके कोई कार्य किया, तब-तब महिलाओं ने इतिहास को रचा है। महिलाओं को अपने हुनर को तराशना होगा और शिक्षा को अपनी ताकत बनाना होगा, तभी महिलाएं जीवन में तरक्की करेंगी।

इंदिरा गांधी को मानती हूं अपनी प्रेरणा स्रोत

मीरा देवी, निवासी गांव खाबल, तहसील बंजार जिला कुल्लू।

मैं शुरू से ही देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को अपनी प्रेरणास्रोत मानती हूं। उन्होंने भारतीय राजनीति में जो निर्णायक भूमिका निभाई और जिस तरह से उन्होंने आगे बढ़ कर पूरे देश की बागडोर को संभाला है, वो बहुत प्रेणादायक है। मुझे लगता है कि उनके राजनीति में आने के बाद ही अन्य महिलाओं को भी राजनीति में आकर कुछ कर दिखाने को प्रेरित किया है। मैं मानती हूं कि महिलाएं हमेशा से सामाजिक भेदभाव और सीमित अवसरों की वजह से पिछड़ती रही हैं। इसके साथ ही परिवार से कोई सहयोग नहीं मिलना भी महिलाओं के आत्मविश्वास को डगमगा देता है। मगर वक्त के साथ महिलाओं को भी अब अपनी सोच को विकसित करना होगा और अपनी सफलता की मंजिल को खुद ही तय करना होगा। महिलाओं को सबसे पहले तो अपनी कमजोरियों को पहचान कर उसपर कार्य करना होगा। इसके बाद अपनी क्षमताओं पर विश्वास कर अपने हुनर को तराशते हुए जीवन में आगे बढ़ते रहना होगा।

न्यूज ब्रीफ

शिक्षक संघ अजय सोलंकी से मिला

नाहन। व्यावसायिक शिक्षकों का एक दल हितेंद्र चौहान सहायक सचिव व्यावसायिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में सिरमौर जिले के नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी से मिला। संघ ने व्यावसायिक शिक्षकों की समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। इसके साथ ही आगामी समय मार्च-2025 में राज्य सरकार का व्यावसायिक शिक्षकों को आउटसोर्स आधार पर नियुक्त करने वाली कंपनियों के साथ खत्म होने जा रहे एमओयू के बारे में भी अवगत करवाया। हितेंद्र चौहान ने विधायक से निवेदन किया कि इस बार का एमओयू राज्य सरकार और केंद्र सरकार के बीच हो और इस बारे में वह व्यावसायिक शिक्षकों की आवाज को मुख्यमंत्री सुक्खू व शिक्षा मंत्री के समक्ष रखें। इस पर विधायक ने व्यावसायिक शिक्षकों को विधानसभा सत्र के दौरान शिमला आमंत्रित किया और मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के समक्ष व्यावसायिक शिक्षकों की जायज मांग को रखने के लिए आश्वासन दिया।

एलआईसी नाहन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

नाहन। भारतीय जीवन बीमा निगम की नाहन शाखा में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अमित टंडन की ओर से ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद 15 अभिकर्ता को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एलआईसी की नाहन शाखा की ओर से मिठाई बांटकर स्वतंत्रता दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी गई।

सुरेश एसएमसी नेहर सवार स्कूल के अध्यक्ष

नाहन। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नेहर सवार में स्कूल प्रबंधन समिति की आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अभिभावकों ने भाग लिया और पिछली कार्यकारिणी को भंग किया। इस बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सुरेश शर्मा को दोबारा स्कूल प्रबंधक कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया, इसमें 10 सदस्य की कमेटी बनाई गई। कमेटी में नीलम शर्मा, पूनम शर्मा, सविता देवी, प्रेमपाल राजेश कुमार दिनेश कुमार, विजय कुमारी, सुरेश कुमार, बालमुकद शर्मा को सदस्य चुना और देश राज को उपप्रधान चुना गया।

स्कूलों में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

दाड़लाघाट। दाड़लाघाट उपतहसील में विभिन्न स्थानों पर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन में वरिष्ठ प्रवक्ता अमर सिंह वर्मा ने ध्वजारोहण किया। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी संतोष बट्टू ने आजादी से पूर्व और आजादी के बाद भारत के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। पंचायत घनागुघाट में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अमृत सरोवर के नजदीक तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर कैप्टन नंदलाल एवं सूबेदार गीता राम, पंचायत प्रधान मधुबाला, उपप्रधान प्रवीण ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य दीपिका ने भाग लिया। इसके अलावा घनागुघाट स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। जबकि, राजकीय उच्च विद्यालय व प्राथमिक पाठशाला कराड़ाघाट में 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

एसडीएम राजगढ़ ने किया ध्वजारोहण

राजगढ़। 78वां उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह अंबेडकर भवन राजगढ़ में धूमधाम से मनाया। यहां सबसे पहले एसडीएम कार्यालय राजगढ़ के परिसर में एसडीएम राजगढ़ ने ध्वजारोहण किया और पुलिस एनसीसी टुकड़ी की सलामी ली। उसके बाद अंबेडकर भवन राजगढ़ में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें सबसे पहले हालही आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए राजगढ़ के पालू गांव के प्रवीण शर्मा को श्रद्धांजलि दी।

आज इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

दाड़लाघाट। बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के तहत 11 केवी दाड़लाघाट,ग्याना व चंडी फीडर में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते आज यानी 17 को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि इस दौरान बिजली अनुभाग दाड़लाघाट, ग्याना व चंडी के सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह नौ से शाम छह बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी संबंधित लोगों से असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है। बिजली लाइन की मरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा। उन्होंने बताया कि समय सीमा को रखरखाव के कार्य अनुसार समायोजित किया जा सकता है।

परिवहन सहकारी सभा ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

दाड़लाघाट। दी जिला सोलन पूर्व सैनिक परिवहन सहकारी सभा दाड़लाघाट व भराड़ीघाट लीग ने स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में बाघल लैंड लूजर के प्रधान जगदीश ठाकुर मुख्यातिथि रहे। इस दौरान जिला सोलन पूर्व सैनिक परिवहन सभा के अध्यक्ष रोशन ठाकुर, लीग के अध्यक्ष कैप्टन हीरा लाल ठाकुर आदि पूर्व सैनिकों ने सभा कार्यालय में तिरंगे फहराया।

पिकअप चढ़ाने के मामले में चालक गिरफ्तार

सोलन। पुलिस ने परवाणू में बीते दिनों पिकअप की तेज रफ्तारी से कुचले गए युवक की मौत के मामले में वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक अमर सिंह हाल सिक्योरिटी गार्ड इंडस्ट्री यूनिट परवाणू तहसील कसौली सोलन ने पुलिस थाना परवाणू में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 11 अगस्त को सायं 5.30 बजे यह अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे, तो उसी समय एक सफेद रंग की पिकअप सेब मंडी की तरफ से बहुत तेज रफ्तार में आई व मुख्य मार्ग परवाणू की तरफ चली गई। इसी दौरान उन्होंने देखा कि उक्त पिकअप की बायीं खिड़की में एक व्यक्ति लटका हुआ था] जो देखते ही देखते सड़क पर गिर गया व पिकअप के पिछले टायर के नीचे आ गया, परंतु पिकअप चालक उक्त पिकअप को बहुत तेज रफ्तार से मौका से भगा कर ले गया। यह उक्त व्यक्ति के पास गए और लोगों की सहायता से उक्त घायल व्यक्ति को ईएसआई अस्पताल परवाणू पहुंचाया। घायल व्यक्ति का नाम हैप्पी पुत्र बलि राम निवासी गांव पुरला परवाणू ज्ञात हुआ, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई, जिस पर पुलिस थाना परवाणू में लापरवाही युक्त तरीके से वाहन चलाने की गंभीर गैर जमानती धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना परवाणू की टीम ने 14 अगस्त को तकनीकी साक्ष्यों / सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इस वारदात में संलिप्त आरोपी राकेश कुमार पुत्र विनोद तहसील ज्वाली जिला कांगड़ा उम्र 29 साल को फागू, जिला शिमला से गिरफ्तार किया है, जिसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड मिला है।

अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

सोलन। अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट सोलन ने 78वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया। इस अवसर पर डॉ. विवेक लांबा उपनिदेशक (पशुपालन) सोलन अपनी प ी विजय लांबा सहित कार्यक्रम में मुख्यातिथि शामिल हुए। अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। ट्रस्ट के छात्रों ने नृत्य अनुक्रम, विभिन्न देशभक्त नेताओं की भूमिका निभाने और देशभक्ति गीतों के गायन सहित विभिन्न प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए निस्वार्थ भाव से लड़ने वाले कई नेताओं के जीवन के बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा की। डॉ. विवेक लांबा ने छात्रों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता के महत्व और इसके जिम्मेदार उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने हमारे पूर्वजों द्वारा दिए गए बलिदानों और कड़ी मेहनत से अर्जित स्वतंत्रता को बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डालकर दर्शकों को प्रेरित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. केडी रयट ने तिरंगे के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट के कामकाज के बारे में भी जानकारी दी।

भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा प्रवेश पत्र जारी

सोलन। सोलन, शिमला, सिरमौर और किन्नौर के उन उम्मीदवारों को शारीरिक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं, जिन्होंने अग्निवीर योजना के तहत भर्ती के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। यह जानकारी सेना भर्ती अधिकारी कार्यालय शिमला की भर्ती निदेशक कर्नल पुष्पिंदर कौर ने दी। भर्ती निदेशक ने कहा कि योग्य उम्मीदवार सेना की वेबसाइट 222.joinindianarmy.nic.in से शारीरिक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अग्निवीर रैली रामपुर बुशहर स्थित पृथ्वी मिलिट्री स्टेशन अवरपट्टी में तीन से 9 सितंबर के मध्य आयोजित की जाएगी।

78वीं वर्षगांठ पर सोलन के ठोडो मैदान में मनाया जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह, विधानसभा अध्यक्ष रहे मुख्यातिथि

देश हित और विकास एक-दूसरे के पूरक : कुलदीप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि देश हित को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर ही विकास के मार्ग को प्रशस्त किया जा सकता है। कुलदीप सिंह पठानिया देश की स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ पर सोलन के एतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

पठानिया ने इससे पूर्व शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेशवासियों एवं जिलावासियों की ओर से देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संजय अवस्थी ने भी इस अवसर पर सभी की ओर से असंख्य वीरों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधानसभा अध्यक्ष ने तदोपरांत ठोडो मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली। पुलिस उपनिरीक्षक आशीष कौशल ने परेड का नेतृत्व किया। पठानिया ने कहा कि सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ देश एवं प्रदेश जन-जन के विकास का आधार है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश और प्रदेश ने स्वतंत्रता के उपरांत चहुंमुखी प्रगति की है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में परेड की सलामी लेते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया(दाएं) नाटिका प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणात्मक सुधार कर लोगों के जीवन में आशातीत बदलाव के लिए कार्यरत है। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा, बघाट बैंक के अध्यक्ष अरुण शर्मा सहित उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, प्रदेश विधानसभा के सचिव यशपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

कुलदीप सिंह पठानिया उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियां को सम्मानित करते हुए।

प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत : विधानसभा अध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। पठानिया 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोलन के कसौली विधानसभा क्षेत्र के कंडा में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों-बागवानों एवं दुग्ध उत्पादकों की आर्थिकी सुधारने के लिए नवीन योजनाएं कार्यान्वित कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सभी प्रदेशवासियों को लाभ मिलेगा और राज्य विकास पथ पर तेजी से अग्रसर होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सतत् प्रयासों से हिमाचल प्रदेश, देश के अग्रणी राज्यों में शुमार है। प्रदेश में सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हुई है और आज गांव-गांव तक बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की दूरदृष्टि एवं नीतियों ने हिमाचल को आकार देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डीसी सोलन के माध्यम से कांडा स्कूल की विभिन्न मांगें पूरी की जाएंगी। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्कूली बच्चों को 21 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की।

नेपाली मूल का व्यक्ति दो किलो अफीम सहित गिरफ्तार

सोलन। पुलिस सोलन द्वारा नशा तस्करी करने वाले तस्करों पर लगातार कड़ी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में पुलिस थाना कंडाघाट के अंतर्गत 15 को थाना कंडाघाट की पुलिस टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मुकदमा डैम साइट बीशा साधुपुल बाई फिकेशन के पास मौजूद थी, तो उसी समय एक व्यक्ति द्वारा अफीम की तस्करी की गुप्त सूचना मिली, जिस पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त व्यक्ति, जिसका नाम सूरज गुप्ता पुत्र रंगी लाल गुप्ता निवासी गांव व डाखा. पुरैनी तह. नेपालगंज जिला बांके आंचल भैरी नेपाल मालूम हुआ उसे करीब दो किलो अफीम सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट में उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा-18 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया। जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को आज अदालत में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

किन्नौर को प्रदेश का नंबर-1 जिला बनाने का लक्ष्य : नेगी

जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ

रिकांगपिओ में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता की और जिला किन्नौर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान उन्होंने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली। मंत्री ने कहा कि 15 अगस्त का दिन देश के उन सभी वीरों के नाम होता है, जिन्होंने हमें आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहुती देकर भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलवाई। मंत्री ने कहा की मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सहित जनजातीय जिलों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। विकास के हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। किन्नौर को प्रदेश का नंबर-1 जिला बनाने तथा हिमाचल को देश का आदर्श राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मंत्री जगत सिंह नेगी लोगों के साथ।

एक करोड़ से बने निरीक्षण कुटीर का किया लोकार्पण

रिकांगपिओ। राजस्व मंत्री ने इस दौरान कला मंच चांगो में 1 करोड़ 22 लाख की राशि से निर्मित निरीक्षण कुटीर का लोकार्पण किया। राजस्व मंत्री ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष से पहली से आठवीं कक्षा तक अंग्रेजी मीडियम में शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है।

40 परिवारों को एफआरए के तहत भू-पट्टे की सौगात

रिकांगपिओ। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेगी ने रिकांगपिओ में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह पर किन्नौर के बरी गांव के 40 से अधिक परिवारों को वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के तहत भू-पट्टे देकर भूमि का मालिकाना हक प्रदान किया। प्रदेश राजस्व विभाग अधिक से अधिक पात्र लोगों को एफआरए के तहत भूमि देने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

श्री रेणुका जी में मिला व्यक्ति का शव, नहीं हुई पहचान

नाहन। श्री रेणुका जी में शांति घाट के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। हालांकि अभी तक व्यक्ति के शव की पहचान नहीं हो पाई है। शिनाख्त न होने के कारण शव को तीन दिन तक डेड हाउस में रखा गया है। जानकारी के मुताबिक सुबह धार्मिक झील श्री रेणुका जी के समीप शांति घाट के पास एक व्यक्ति का शव देखा गया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस थाना श्री रेणुका जी में दी गई। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि व्यक्ति की दाहिनी बाजू पर एकेबीके लिखा हुआ है और हाथ के ऊपर ॐ का निशान भी बना हुआ है। डीएसपी मुकेश कुमार ने मामले की पुष्टि की है। श्री रेणुका झील के समीप किसी अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

4 अक्तूबर को निकाला जाएगा रेडक्रॉस रेफरल ड्रॉ

नाहन। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नाहन चौगान में निकाला जाने वाला रेडक्रॉस रेफरल ड्रॉ अपरिहार्य कारण की वजह से नहीं निकाला जा रहा है। सहायक आयुक्त एवं सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरमौर गौरव महाजन की ओर से यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अब यह रेडक्रॉस रेफरल ड्रॉ आगामी चार अक्तूबर को निकाला जाएगा।

महिला को तीन साल की सजा

पावंटा साहिब। पांवटा साहिब में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट नं.-एक पांवटा साहिब के न्यायाधीश विकास गुप्ता की अदालत ने दोषी महिला को धारा 3 के तहत अनैतिक तस्करी एवं रोकथाम अधिनियम के तहत तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही धारा 4 अनैतिक तस्करी एवं रोकथाम अधिनियम के तहत 2 साल की सजा व 3000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। सहायक जिला न्यायवादी गौरव शर्मा ने बताया कि 6 अप्रैल 2014 को उपपुलिस अधीक्षक राज्य गुप्तचर विभाग, शिमला की टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि गांव भुंगरनी तहसील पांवटा साहिब सिरमौर हि. प्र. में अपने रिहायशी मकान में एक महिला जिस्मफरोशी का धंधा करवा रही है। पुलिस टीम के द्वारा तलाशी की कार्रवाई में काफी मात्रा में करेंसी व बीयर की बोतलों सहित अन्य चार लोगों को आपत्तिजनक अवस्था में पाया गया, जिन्हें मौके पर ही पुलिस ने पकड़ा तथा आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मौजूद केस दर्ज हुआ। अभियोजन पक्ष ने मुकदमे में 9 गवाहों के बयान दर्ज करवाए। इस मुकदमे की पैरवी सहायक जिला न्यायवादी गौरव शर्मा ने की।

स्कूल में दिया कंप्यूटर और प्रिंटर

नाहन। सिरमौर के मुख्यालय नाहन के समीप गांव जंगलाभूड़ की सुनीता शर्मा ने अपने स्वर्गीय पति सुशील शर्मा की याद में सेवार्थ भाव से जंगलाभूड़ स्कूल में एक कंप्यूटर सेट और रंगीन प्रिंटर दान किया है।

नाहन में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने फहराया झंडा

15 हजार 580 गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ा

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला मुख्यालय नाहन के ऐतिहासिक चौगान मैदान में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिमाचल सरकार में पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए तिरंगा फहराया और प्रदेश व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर सर्वप्रथम मुख्यातिथि ने हिमाचल निर्माता डॉक्टर वाईएस परमार की माल रोड पर स्थित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके पश्चात मुख्यातिथि शहीद स्मारक पहुंचे, जहां उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी शहादत को याद किया। निर्धारित समय अनुसार प्रदेश पंचायतीराज मंत्री ने 11 बजे ऐतिहासिक चौगान मैदान नाहन में तिरंगा फहराया। उन्होंने इस अवसर पर देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। 15 अगस्त का दिन सब भारतवासियों के लिए गौरवमई व ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने इस मौके पर अपनी संबोधन में भारी बरसात से हो रहे नुकसान को लेकर भी आपदा प्रभावित लोगों को दी जा रही मदद के बारे में जानकारी दी। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश की कुल 3 हजार 615 पंचायतों में से 3 हजार 578 पंचायतें मोटर योग्य अथवा जीप योग्य सड़कों से जुड़ी हैं। 15 हजार 580 गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ा जा चुका है। बाकी पंचायतों को भी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश में पहली बार तहसील और उप-तहसील स्तर पर विशेष इंतकाल अदालतों का आयोजन कर एक लाख 87 हजार 500 से अधिक राजस्व मामलों का निपटारा किया गया।

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में पंचायतीराज मंत्री प्रतिभागियों के साथ।

पंचायत घरों के निर्माण के लिए 1.14 करोड़ की राशि स्वीकृति की जा रही

अनंत ज्ञान,बीबीएन

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित बनाने के लिए कार्य कर रही है। अनिरूद्ध सिंह ने नालागढ़ की पंचायत रेडू उपरला, रिया, पंजैहरा और बाह में लगभग 1.35 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण व आधारशिला रखने के उपरांत जनसमूह को संबोधित किया। मंत्री ने नालागढ़ की पंचायत रेडू उपरला में 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित, पंचायत रिया में 33 लाख रुपए की लागत से निर्मित और पंचायत बाह में 33 लाख रुपए से निर्मित पंचायत घरों का लोकार्पण किया। उन्होंने पंचायत पंजैहरा में 35 लाख रुपए से निर्मित होने वाले मैरिज हॉल की आधारशिला भी रखी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के साथ-साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान दे रही है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा अब पंचायत घरों के निर्माण के लिए 1.14 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृति की जा रही है। उन्होंने नालागढ़ में जर्जर हालत में पंचायत घरों की सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

वन ही लंबी आयु और शुद्ध वायु का स्रोत : संजय अवस्थी

अनंत ज्ञान, सोलन

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि वन ही लंबी आयु और शुद्ध वायु का स्रोत हैं।

संजय अवस्थी अर्की की पंचायत भयूंखरी में आयोजित 75वें वन मंडल स्तरीय वन महोत्सव के आयोजन पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस वन महोत्सव का आयोजन वन मंडल नालागढ़ के वन परिक्षेत्र कोहू में वन विभाग द्वारा किया गया। संजय अवस्थी ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनका संरक्षण भी हम सभी का दायित्व है। आज सिंचित पौधा भविष्य में वृक्ष का रूप लेकर पर्यावरण को स्वच्छ व हरा-भरा बनाएगा। भावी पीढ़ी के लिए रोपित किए गए पौधे सबसे बड़ा उपहार हैं।

पिकअप से पकड़ी लाखों की खैर की लकड़ी

पांवटा साहिब। पांवटा साहिब में धौलाकुआं के पास खंबा नगर में गिरिनगर रेंज स्टाफ की ओर से रात्रि गश्त के दौरान वाहन का पीछा कर एक पिकअप से तीन लाख के करीब खैर की लकड़ी बरामद की है। जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम को सूचना मिली की हरियाणा की और से एक गाड़ी में अवैध रूप से खैर की लकड़ी लाई जा रही है, जिसके बाद वन विभाग के गिरिनगर रेंज स्टाफ आरओ देवेंदर सिंह, बीओ तपेंद्र ठाकुर, एफजीडी रमेश, एफजीडी अनिकेत , एफजीडी यशपाल द्वारा धौलाकुआं के पास खंबा नगर में एक नाका देर रात दो बजे के आस पास लागया गया। इस दौरान रात करीब तीन बजे एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी, जिसे वन विभाग की टीम ने रोका। गाड़ी रुकते ही चालक मौके से फरार हो गया, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने गाड़ी की तलाशी ली, तो गाड़ी में से लगभग तीन लाख की खैर की लकड़ी बरामद हुई। गाड़ी में से लकड़ी के संबंधित कोई कागजात नहीं मिला व गाड़ी हरियाणा की है। इस दौरान टीम लकड़ी और आगे की कानूनी प्रक्रियाओं के संबंध में जांच कर रही है। डीएफओ पांवटा ऐश्वर्यराज ने बताया कि वन विभाग की टीम ने रात को एक पिकअप से लगभग तीन लाख की खैर की लकड़ी बरामद की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच शुरू कर दी है पता लगाया जा रहा है कि यह लकड़ी कहां सप्लाई होनी थी।

राज्यपाल आज सोलन के प्रवास पर

सोलन। प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 17 अगस्त को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं। राज्यपाल 17 अगस्त को सायं तीन बजे सोलन के कोठों स्थित एकीकृत मस्कुलर डिस्ट्रॉफी पुनर्वास केंद्र 'मानव मंदिर' का दौरा करेंगे।

नेशनल फिल्म अवार्ड्स

ऋषभ शेट्टी बेस्ट एक्टर व नित्या मेनन को बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड

एजेंसी, नई दिल्ली

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को 70वें नेशनल फिल्म अवार्ड्स घोषित किए। देश के सबसे प्रतिष्ठित सिनेमा अवॉर्ड्स कहे जाने वाले, नेशनल अवॉर्ड किसी भी फिल्ममेकर के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि होते हैं। इस बार ये अवॉर्ड उन फिल्मों के लिए दिए गए हैं जिन्हें फिल्म सेंसर बोर्ड ने 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 के बीच सेंसर सर्टिफिकेट दिया है।

कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री से आई, डायरेक्टर-एक्टर ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' ने 2022 में माइथोलॉजी बेस्ड कहानी से सिनेमा फैन्स का दिल जीत लिया था। इसके साथ ही मलयालम सिनेमा के लेजेंड एक्टर्स में गिने जाने वाले एक्टर मामूटी को भी उनकी दो बेहतरीन फिल्मों के लिए 'बेस्ट एक्टर' कैटेगरी में मजबूत दावेदार माना जा रहा था।

बेस्ट फीचर फिल्म : आट्टम (मलयालम)
बेस्ट डेब्यू फिल्म बाय डायरेक्टर : प्रमोद कमार (फौजा, हरियाणवी फिल्म)
बेस्ट पॉपुलर फिल्म : कांतारा
बेस्ट फीचर फिल्म (राष्ट्री य, सामाजिक और पर्यावरण मूल्यों को प्रमोट करने वाली): कच्छ एक्सप्रेस
बेस्ट फिल्म (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स गेमिंग और कॉमिक): ब्रह्मास्त्र
बेस्ट डायरेक्शन : सूरज बड़जात्या (ऊंचाई)
बेस्ट एक्टर (लीड रोल): ऋषभ शेट्टी (कांतारा)
बेस्ट एक्ट्रेस (लीड रोल): नित्या मेनन (तिरुचित्राम्बलम)
बेस्ट एक्टर (सपोर्टिंग रोल) : पवन राज मल्होत्रा (फौजा, हरियाणवी फिल्म)
बेस्ट एक्ट्रेस (सपोर्टिंग रोल) : नीना गुप्ता (ऊंचाई)
बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट : श्रीपत (मल्लिकापुरम, मलयालम फिल्म)

हिमाचल में मौसम खराब रहने के आसार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला । प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। भूस्खलन से एक नेशनल हाईवे व 116 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बाधित है। वहीं राज्य में 11 जल आपूर्ति योजनाएं गाद आने से प्रभावित चल रही हैं।

शिमला, मंडी, कुल्लू व कांगड़ा जिले में सबसे ज्यादा सेवाएं प्रभावित है। प्रदेश के कुछ भागों में आगामी एक सप्ताह तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। राज्य के कुछ स्थानों पर 20 अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले 24 घंटों के दौरान कुछ जलग्रहण और आसपास के क्षेत्रों में अचानक बाढ़ आने का हल्का खतरा है।

हरियाणा में बसपा के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेगी इनेलो

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़

हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों के चुनावी शेड्यूल जारी होते ही राजनीतिक दलों ने सियासी रणनीति बनाना शुरू कर दी है जिसके चलते कई समीकरण बनेंगे और बिगड़ेंगे। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) इस बार भी गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। वहीं, लोकसभा चुनाव में एक साथ मैदान में उतरी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अलग-अलग ही चुनाव लड़ेंगी।

हरियाणा विधानसभा में 90 सीटें हैं। बहुमत के लिए 46 का आंकड़ा चाहिए। पिछली बार भाजपा 40 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। इसके बाद भाजपा ने दस सीटें जीतने वाली जजपा के साथ मिलकर सरकार का गठन किया था। कांग्रेस को 31 सीटें मिली थीं। एक-एक सीट इनेलो और हलोपा के खाते में आई थी। सात सीटें निर्दलीयों ने जीती थी।

चुनाव आयोग ने की थी तैयारियों की समीक्षा

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. एसएस संधू के साथ दो दिन में राजनीतिक दल, जिला निर्वाचन अधिकारी और 20 केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की।

2019 के मुकाबले बनेंगे 817 अधिक मतदान केंद्र

मुख्य चुनाव अधिकारी पंकज अग्रवाल के मुताबिक राज्य में कुल 20,629 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो 2019 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले 817 अधिक है। इनमें से 13,497 ग्रामीण क्षेत्रों में होंगे, जबकि 7,132 शहरी मतदान केंद्र होंगे। प्रति मतदान केंद्र औसतन 977 मतदाता होंगे। इनमें से 125 मतदान केंद्र महिलाओं की ओर से संचालित किए जाएंगे और 116 मतदान केंद्रों का प्रबंधन युवा कर्मचारी करेंगे। विधानसभा चुनाव में पहली बार 85 साल से ऊपर मतदाता और 40 फीसदी विकलांगता वाले दिव्यांगों को घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया जाएगा।

फर्जी खबरों पर कार्रवाई के निर्देश

समीक्षा बैठक के दौरान आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों व पुलिस अधीक्षकों को सोशल मीडिया पर निगरानी रखने और आवश्यकता पड़ने पर उचित कानूनी कार्रवाई के साथ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सभी राजनीतिक दलों के लिए समान रूप से सुलभ रहने और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

खर्च सीमा बढ़ाने की मांग रखी

आयोग से मुलाकात के दौरान राजनीतिक दलों ने कई मांगें रखीं। इसमें मुख्य रूप से उम्मीदवारों के लिए खर्च सीमा बढ़ाने, संवेदनशील मतदान केंद्रों में पर्याप्त केंद्रीय बलों की तैनाती। आयोग ने डीआरआई, एनसीबी, राज्य और केंद्रीय जीएसटी, आरपीएफ, आरबीआई, राज्य पुलिस, आयकर, प्रवर्तन निदेशालय के साथ बैठक की। इस दौरान आयोग ने निर्देश दिया किया अंतरराज्यीय सीमाओं पर महत्वपूर्ण चेक पोस्टों पर 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी की जाए। (अनंत ज्ञान)

पीजीआई और जीएमसीएच 32 के डॉक्टर हड़ताल पर

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

पश्चिम बंगाल में मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की हत्या का मामला तूल पकड़ चुका है। देशभर के डॉक्टर इसके खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं।

चंडीगढ़ पीजीआई में भी इसका कड़ा विरोध हो रहा है। प्रदर्शन में पहुंचीं महिला रेजिडेंट डॉक्टरों ने अपने एप्रन पर खून के धब्बे लगाए हुए हैं, वहीं प्रदर्शन के दौरान रेजिडेंट डॉक्टर मरीजों को घटनाक्रम की जानकारी देकर उनके भी विचार ले रहे हैं। वह मरीजों से ही पूछ रहे हैं कि एक महिला डॉक्टर की निर्ममता से हत्या कर दी गई है इसलिए वे प्रदर्शन कर रहे हैं, क्या ऐसा करना गलत है।

डॉक्टरों का कहना है कि वह नहीं चाहते कि मरीजों को किसी तरह की परेशानी हो लेकिन वह न्याय लेकर रहेंगे। दूसरी तरफ जीएमसीएच 32 में भी रेजिडेंट डॉक्टरों का लगातार प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन के दौरान डॉक्टरों ने ओपीडी के प्रत्येक फ्लोर पर घूम-घूम कर नारेबाजी की और न्याय की मांग की। रेजिडेंट डॉक्टरों को फैकल्टी संगठन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के साथ ही विभिन्न चिकित्सकीय संघ का समर्थन मिल चुका है।

सांसद मनीष तिवारी ने सुनी जनसमस्याएं

चंडीगढ़। चंडीगढ़ से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एचएस लकी के साथ आज शहर में कई कार्यक्रमों में भाग लिया।

उन्होंने सेक्टर-19 चर्च में ट्राइसिटी चर्च के पादरियों की एक बैठक में भाग लिया, जहां उन्होंने समुदाय के सामने आने वाली समस्याओं को सुना। उन्होंने उन्हें उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

बाद में आईएमए, पीजीआई और जनरल अस्पतालों से जुड़े डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की हालिया घटना के मद्देनजर डॉक्टरों की सुरक्षा के मुद्दे पर दोनों नेताओं को एक ज्ञापन सौंपा।

बैंक का निजीकरण कर्मचारियों और ग्राहकों की बढ़ाएगा मुसीबतें

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

भारत सरकार द्वारा आईडीबीआई बैंक को निजी हाथों में सौंपने का फैसला न केवल बैंक के डिपोजिटर्स को बदहाली की करार पर लाएगा बल्कि समाज के अन्य वर्ग को भी प्रभावित करेगा और स्वयं बैंक के कर्मचारियों के साथ अन्याय करेगा। यह पक्ष आल इंडिया इंडियन डिवलपमेंट बैंक आफ इडिया बैंक आफिसर्स ऐसोसियेशन के महासचिव विठ्ठल कोटेश्वर राव ने होटल वार्कव्यू में आयोजित आईडीबीआई बैंक अधिकारियों के एक स्थानीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए रखा। 1964 में स्थापित आईडीबीआई वर्ष 1976 में आरबीआई द्वारा केन्द्र सरकार को ट्रांसफर कर दिया गया था।

बैंक 40 वर्षों तक एक डिवलपमेंट फाईनैंश्यिन इंस्टीच्यूशन के रूप में कार्य करता रहा जिसे एक वाणिज्यिक बैंक में बदल दिया गया। परन्तु सितंबर 2015 से यूनाईटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड इम्पलोईस बैंक को निजी हाथों को बेचे जाने का विरोध कर रहा है।

फोरम ने अपने देशव्यापी अभियान के अंतर्गत चलाया है जिससे की भारत सरकार और एलआईसी द्वारा बैंक के बेचे जाने पर बैंक ग्राहकों और आम जनता को पेश आने वाली समस्याओं से अवगत कराया जाए।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मनोहर शर्मा
सहायक अभियंता
जलशक्ति विभाग
उपमंडल भलेई

मुकेश कुमार
वरिष्ठ संवाददाता
डलहौजी जिला चंबा

बबलू पठानिया
संवाददाता भटियात

आजम डार
संवाददाता चुराह

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कुतुब दीन
प्रधान ग्राम पंचायत चिल्ली शन्तिवा

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेंद्र भारद्वाज
पूर्व विधायक
चुराह

जयमाता भलेई
स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश ठाकुर

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
लतीफ मोहम्मद
एडवोकेट
अध्यक्ष
मुस्लिम वेलफेयर
सोसाइटी चम्बा

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सुनाभ सिंह
पठानियां
पूर्व युवा कांग्रेस
अध्यक्ष जिला चंबा

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
लाल दीन
उर्फ सी टी मालिक
प्रधान
ग्राम पंचायत
धड़फरी

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सुनील धवन
सहायक अभियंता
लोक निर्माण विभाग
उपमंडल बनीखेत

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
यशवंत सिंह
खन्ना
कांग्रेस नेता
विधानसभा

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक दुग्गल
सहायक अभियंता
उपमंडल कार्यालय
जल शक्ति विभाग

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चुवाड़ी

न्यूज ब्रीफ

ओसाका को अमेरिकी ओपन का वाइल्ड कार्ड

न्यूयॉर्क । अमेरिकी ओपन में दो बार की चैंपियन नाओमी ओसाका तथा तीन अन्य पूर्व विजेताओं स्टान वावरिंका, डोमिनिक थिएम और बियांका एंड्रीस्कू को 26 अगस्त से शुरू होने वाली वर्ष की अंतिम ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड दिए गए हैं। ओसाका ने अभी तक चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। उन्होंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब 2018 में अमेरिकी ओपन में ही जीता था। इसके बाद वह 2020 में भी यहां चैंपियन बनी थी, लेकिन वाइल्ड कार्ड पाने वाले अन्य खिलाड़ियों की तरह वह भी हाल में अधिकतर टूर्नामेंट में नहीं खेल पाई, जिससे वह विश्व रैंकिंग में नीचे खिसक गई जो अमेरिकी ओपन में सीधे प्रवेश पाने के लिए पर्याप्त नहीं थी। ओसाका पिछले साल एक बेटी को जन्म देने के बाद इस सत्र में डब्ल्यूटीए टूर पर लौटीं, लेकिन अब भी उन्हें उस फॉर्म की तलाश है जिसके दम पर वह कभी विश्व की नंबर-1 खिलाड़ी बनी थी।

डेवोन कॉनवे और फिन एलन ने अनुबंध ठुकराया

ऑकलैंड । शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों डेवोन कॉनवे और फिन एलन ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट में करियर बनाने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध ठुकरा दिया। देश के क्रिकेट बोर्ड न्यूजीलैंड क्रिकेट ने यह घोषणा की। कॉनवे हालांकि एक समझौते के तहत न्यूजीलैंड की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। पूर्व कप्तान केन विलियम्सन ने भी हाल में इस तरह का समझौता किया था। इसका मतलब यह है कि कॉनवे फ्रेंचाइजी क्रिकेट की अपनी प्रतिबद्धताएं आडे नहीं आने पर अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे।

दूसरे टेस्ट के पहले दिन 17 विकेट गिरे

प्रोविडेंस । दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और कुल 17 विकेट गिरे। शामार जोसेफ ने 33 रन देकर पांच विकेट लिए जिसकी मदद से मेजबान टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 160 रन पर आउट कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए तेज गेंदबाज हरफनमौला वियान मूल्डर ने 18 रन देकर चार विकेट चटकाए और पहले दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज के सात विकेट 97 रन पर गिर गए थे। वह अभी भी दक्षिण अफ्रीका के पहली पारी के स्कोर से 63 रन पीछे है। जेसन होल्डर ने वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक नाबाद 33 रन बनाए जबकि दक्षिण अफ्रीका के लिए डैन पीट ने नाबाद 38 रन की पारी खेली। त्रिनिदाद में खेला गया वर्षाबाधित पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था।

जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले

अशोक ठाकुर, जम्मू। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने चुनाव की तारीखों के एलान से पहले बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने डिप्टी कमिश्नरों समेत कई अधिकारियों का तबादला कर दिया है। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव वाले राज्यों को उनके गृह जिलों में तैनात अधिकारियों को स्थानांतरित करने के निर्देश पर यह फैसला लिया गया है।देश के सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरुवार देर रात 89 अफसरों के तबादलों और तैनाती के आदेश जारी कर दिए, जिन अफसरों के ट्रांसफर किए गए हैं। उनमें पुंछ और बांदीपोरा जिलों के उपायुक्त, सचिव, आयुक्त, महानिदेशक, प्रबंध निदेशक और कई विभागों के निदेशक हैं। (अनंत ज्ञान)

स्वीडन में मिला मंकीपॉक्स के नए वेरिएंट का पहला मामला

स्वीडन। मंकीपॉक्स ने एक बार फिर से पूरी दुनिया में कहर बरपा रखा है। कई देशों में इस वायरस ने लोगों को अपनी चपेट में लिया है। वहीं, अब इसका एक नया मामला स्वीडन में भी सामने आया है। स्वीडिश स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की है कि देश में मंकीपॉक्स के अधिक संक्रामक क्लेड वेरिएंट का पहला मामला पाया है।

भगवंत मान ने सिसोदिया से मुलाकात की

नई दिल्ली । पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को यहां आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से मुलाकात की। पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा हुए सिसोदिया के साथ मान की यह पहली मुलाकात थी। सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में पिछले साल 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था और नौ अगस्त को उच्चतम न्यायालय ने उन्हें जमानत दे दी थी।

निवेशकों की संपत्ति 7.30 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली । स्थानीय शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच शुक्रवार को निवेशकों की संपत्ति में 7.30 लाख करोड़ रुपए का बड़ा उछाल देखा गया। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,330.96 अंक यानी 1.68 प्रतिशत उछलकर दो सप्ताह के उच्चस्तर 80,436.84 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स ने पिछले दो महीनों में किसी एक कारोबारी सत्र में सर्वाधिक बढ़त भी दर्ज की। इस तेजी का असर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण पर पड़ा और यह एक ही सत्र में 7,30,389.86 करोड़ रुपए बढ़ गया।

मोदी से मिले ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी

पेरिस में एसी नहीं होने पर किस किसने मुझे कोसा, मोदी ने भारत के ओलंपियनों से चुटकी ली

एजेंसी, नई दिल्ली

लक्ष्य सेन ने बताया कि कैसे कोच प्रकाश पादुकोण ने उनका मोबाइल ले लिया था, हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह ब्रिटेन के खिलाफ मैच में रोमांचक जीत पर बोले और जब पेरिस में एयर कंडीशनर नहीं होने की चर्चा चली तो कोई अपनी हंसी नहीं रोक सका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय ओलंपिक दल के लिए आयोजित समारोह में खिलाड़ियों ने दिल खोलकर बात की।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले पर हुए समारोह के बाद गुरुवार को ओलंपिक दल की मेजबानी की। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा साझा किए गए वीडियो में उन्हें खिलाड़ियों से व्यक्तिगत तौर पर बात करते देख जा सकता है। पुरुष एकल बैडमिंटन में चौथे स्थान पर रहे लक्ष्य सेन से बातचीत में मोदी ने कहा ,''जब मैं लक्ष्य से पहली बार मिला था तब वह बहुत छोटा था। अब बड़ा हो गया है। आपको पता है कि अब आप एक सेलिब्रिटी बन गए हो।''

इस पर लक्ष्य ने कहा ,'' जी सर, लेकिन मैचों के दौरान प्रकाश सर ने मेरा फोन ले लिया था और कहा था कि मैच पूरे होने के बाद ही फोन मिलेगा। उसके बाद ही मुझे पता चला कि सभी ने मेरी कितनी हौसला-अफजाई की।'

भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत को 'सरपंच साहब' संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पूछा कि ब्रिटेन के खिलाफ शुरू में ही दस खिलाड़ियों पर सिमट गए तो क्या हौसला टूटा था।

इस पर हरमनप्रीत ने कहा ,'' काफी कठिन था क्योंकि पहले ही क्वार्टर में हमारे खिलाड़ी (अमित रोहिदास) को रेडकार्ड मिल गया था, लेकिन हमारे कोचिंग स्टाफ ने हर परिस्थिति के लिए हमें तैयार किया था। सारी टीम का जोश और बढ़ गया क्योंकि ब्रिटेन को हर हालत में हराना था। ऐसा ओलंपिक के इतिहास में कभी नहीं हुआ दस खिलाड़ियों के साथ 42 मिनट खेलकर जीतना)। इसके अलावा हमने 52 साल बाद बड़े टूर्नामेंट में आस्ट्रेलिया को हराया जो बहुत बड़ी बात थी।''

पेरिस ओलंपिक पर्यावरण अनुकूल होने के कारण खिलाड़ियों के कमरों में एसी नहीं थे जिससे भारतीय खेल मंत्रालय को आनन-फानन में वहां 40 एसी का बंदोबस्त करना पड़ा। मोदी ने हंसते हुए पूछा कि किस किसने उन्हें इसके लिए कोसा था, इस पर किसी ने जवाब नहीं दिया।

प्रज्ञानानंदा रैपिड में आखिरी स्थान पर

सेंट लुइस । भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सेंट लुइस रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग में आखिरी स्थान पर रहे। रैपिड स्पर्धा के तीसरे और आखिरी दिन से पहले उन्होंने तीन मुकाबले हारे और तीन ड्रॉ खेले थे। वह सातवें दौर में अमेरिका के लेनियेर डोमिनिगेज से हार गए और आखिरी मुकाबले में उन्हें अमेरिका के ही हिकारू नकामूरा ने हराया। आठवें दौर में उन्होंने फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से ड्रॉ खेला।

उनके कुल 18 में से चार अंक रहे। रूस के इयान नेपाम्नियाशि और फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे। उनके बाद अमेरिका के लेवोन आरोनियन एक अंक पीछे थे। अब प्रज्ञानानंदा को वापसी के लिए ब्लिट्ज वर्ग में चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। टूर रैंकिंग में वह तीसरे स्थान पर हैं।

पेरिस पैरालंपिक में भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद : मनसुख मांडविया

एजेंसी, नई दिल्ली

अपनी जिंदगी में हर तरह की चुनौतियों को मात देकर पैरालंपिक खेलों में भारत के प्रतिनिधित्व के लिए तैयार खिलाड़ी एक बार फिर से पैरालंपिक खेलों में अपनी चमक बिखरने को तैयार है। पैरालंपिक खेलों का आयोजन 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस में होगा।

भारत के 84 सदस्यीय दल के लिए शुक्रवार को यहां आयोजित विदाई समारोह में केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि उन्हें 'चुनौती' को चुनौती देने वाले खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। इस मौके पर खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया और उद्घाटन समारोह में भारतीय ध्वजवाहक सुमित अंतिल मौजूद थे।

मांडविया ने पिछले कुछ वर्षों में पैरा खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा, '' भारत का 84 सदस्यों का दल पेरिस जा रहा है। पिछली बार टोक्यो ओलंपिक में यह संख्या 56 थी। हमारे 56 खिलाड़ियों के दल ने 19 पदक जीते, लेकिन इस बार हमारे खिलाड़ियों की संख्या 84 है। हमें उम्मीद और विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी पेरिस में पहले से अच्छा प्रदर्शन कर अपने माता पिता और देश का गौरव बढ़ाएंगे।''

एसए 20 के तीसरे सत्र के लिए नीलामी एक अक्तूबर को

डरबन। एसए 20 लीग के तीसरे सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी एक अक्तूबर को होगी जिसमें 13 खिलाड़ी चुने जाएंगे। लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने यह जानकारी दी।

एसए 20 का अगला सत्र नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेला जाएगा। सत्र से पहले रिटेंशन (खिलाड़ियों को बरकरार रखना) और पहले ही करार करने की विंडो खत्म होने के बाद टीमों को 13 और खिलाड़ियों को चुनने का मौका मिलेगा।

भारत के रिटायर्ड विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक हाल ही में पार्ल रॉयल्स से जुड़े हैं जो इस लीग में खेलने वाले पहले भारतीय होंगे। इसके अलावा हर टीम को तीसरे सत्र के लिए नया खिलाड़ी चुनना होगा। कार्तिक के अलावा बेन स्टोक्स, केन विलियम्सन, जो रूट, ट्रेंट बोल्ट, जॉनी बेयरस्टो, डेवोन कोंवे, जाक क्राउली, राशिद खान और रहमानुल्लाह गुरबाज जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे भी इसमें भाग लेंगे।

ओपन वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चंडीगढ़ की टीम बनी चैंपियन

खेल युवाओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाने में सहायक : डॉ. शांडिल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाने में सहायक सिद्ध होती हैं। डॉ. शांडिल गत सायं सोलन विधानसभा क्षेत्र के ममलीग में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित ओपन वर्ग तथा वार्ड वाइज वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ममलीग में ओपन वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 18 टीमों ने भाग लिया, वहीं वार्ड वाइज वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 8 टीमों ने भाग लिया।

स्वास्थ्य मंत्री ने ओपन वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम सूरज रावत चडीगढ़ को 21 हजार रुपए और उपविजेता जतोग टीम को 15 हजार रुपए देकर सम्मानित किया। उन्होंने वार्ड वाइज वॉलीबॉल प्रतियोगिता टीम की विजेता टीम कांशी पट्टा को 4100 रुपए तथा उपविजेता टीम सतडोल को 3100 रुपए देकर सम्मानित किया। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ममलीग में बने इनडोर स्टेडियम की शीघ्र मुरम्मत करवाने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर खंड कांग्रेस सोलन के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, ग्राम पंचायत ममलीग के प्रधान हरि चंद ठाकुर, ग्राम पंचायत ममलीग के उपप्रधान संदीप, ग्राम पंचायत ममलीग की पूर्व प्रधान द्रोपती राठौर, ग्राम पंचायत सतड़ोल के पूर्व प्रधान अनिल, राम लाल, त्रिलोक शांडिल, बलदेव शांडिल तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा खिलाड़ी उपस्थित थे।

देश-विदेश

'सदैव अटल'

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा व कई केंद्रीय मंत्रियों और सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के नेताओं ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित 'सदैव अटल' जाकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। 'सदैव अटल' वाजपेयी का स्मारक है।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करेगा : शाह

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा का स्वागत किया तथा कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने के साथ ही क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलेगा।

शाह ने जम्मू-कश्मीर के लोगों से चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेने और एक ऐसी सरकार बनाने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की जो शांति एवं विकास बरकरार रखे तथा युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे।

पिछले 10 वर्षों में भाजपा न तो धर्मनिरपेक्ष रही न ही सभ्य: सिब्बल

एजेंसी, नई दिल्ली

राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ''धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता'' वाली टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पिछले 10 वर्षों में न तो धर्मनिरपेक्ष रही है और न ही सभ्य। निर्दलीय सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की बात की थी, लेकिन यह नहीं बताया कि वह किस कानून के बारे में बात कर रहे थे। उनके मुताबिक, भारत का संविधान कहता है कि यह एक धर्मनिरपेक्ष देश है और भाजपा को न केवल अपने भाषणों में बल्कि कार्यों में भी धर्मनिरपेक्षता अपनानी चाहिए।

न्यूयॉर्क सिटी में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

एजेंसी, न्यूयार्क

भारत के तिरंगे की छटा, समृद्ध भारतीय सांस्कृतिक विरासत और अमेरिका के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की झलक न्यूयार्क सिटी में उस समय देखने को मिली जब यहां भारत का 78वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति की भावना और हर्षोल्लास साथ मनाया गया।

भारत के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को शहरभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के साथ-साथ भारत की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया गया। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन, टाइम्स स्क्वायर और लोअर मैनहट्टन में भारतीय प्रवासियों तथा शहर के अधिकारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किए गए। लातिन अमेरिका की यात्रा से पहले शहर में ही मौजूद विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने वाणिज्य दूतावास और टाइम्स स्क्वायर में आयोजित ध्वजारोहण समारोह में प्रवासी समुदाय के सदस्यों को संबोधित किया।

अग्रणी प्रवासी संगठन 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन' (एफआईए) ने न्यूयॉर्क सिटी के प्रमुख स्थल टाइम्स स्क्वायर पर स्वतंत्रता दिवस

कारोबार

ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से शेयर बाजार में उछाल

सेंसेक्स 80,000 के पार, निफ्टी 280 अंक चढ़ा

एजेंसी, मुंबई

अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद पर वैश्विक बाजार में तेजी के बीच बेंचमार्क निफ्टी 50 और सेंसेक्स में तेजी जारी रही। बीएसई सेंसेक्स 900 अंक से ज्यादा चढ़कर वापस 80 हजार के पार चला गया। साथ ही निफ्टी 50 भी 280 अंक की वृद्धि के साथ 24,424 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

टीसीएस, एमएंडएम, टाटा मोटर्स शीर्ष लाभ में रहे, जबकि मारुति, एनटीपीसी, टाइटन के शेयर बीएसई पर शीर्ष पर रहे। इसके अलावा व्यापक बाजारों में भी वृद्धि हुई। निफ्टी आईटी 1.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ शीर्ष पर रहा और इसके बाद 1.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ रियल्टी का स्थान रहा।

पहली तिमाही में कमजोर आय नतीजों के बावजूद ओला इलेक्ट्रिक का शेयर शुक्रवार को शुरुआती कारोबार ने 11 प्रतिशत चढ़ गया। भवीश अग्रवाल के नेतृत्व वाली ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का घाटा वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में एक साल पहले की तुलना में बढ़कर 346 करोड़ रुपए हो गया।

वॉल स्ट्रीट के प्रदर्शन से प्रेरित होकर एशियाई बाजार सक्रिय दिख रहे हैं। जापान का निक्केई 2.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे आगे रहा। इसके बाद कोस्पी और एएसएक्स 200 रहे, जो क्रमश: 1.70 प्रतिशत और 1.32 प्रतिशत बढ़त में है।

इस बीच, घरेलू मोर्चे पर निवेशकों का ध्यान आज विदेशी मुद्रा भंडार के डाटा पर रहेगा। 14 अगस्त को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2,595.27 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,236.21 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। वहीं, दूसरी तरफ एनएसई निफ्टी 4.75 अंक या 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,143.75 पर बंद हुआ। निफ्टी में 24,099.70 और 24,196.50 के रेंज में कारोबार हुआ। वहीं, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यानी 15 अगस्त को भारतीय शेयर, बांड, और कमोडिटी बाजार बंद रहे।

मोहम्मद यूनुस ने मोदी को बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का आश्वासन दिया

नई दिल्ली । बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की और उन्हें अपने देश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा व सुरक्षा का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से जारी एक बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रिश्तों को संबंधित राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप आगे ले जाने के तरीकों पर भी चर्चा की।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बांग्लादेश की सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने फोन किया था। मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा व सुरक्षा का आश्वासन दिया।''